आज का मौसम
$31.0^0$ अधिकतम तापमान
$16.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.23
सूर्यास्त 05.34

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी 06:05 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

रविवार, 26 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 208, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ तेजस्वी का घेराव करते हुए राजग नेताओं ने कहा बिहार लालटेन युग में लौटने को तैयार नहीं - 12



■ अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी से बाजार में तेजी, भारत पर भी दिखेगा असर - 12



■ पाकिस्तान की लोकतंत्र की अवधारणा बाहरी कब्जे वाले क्षेत्र में बंद करे दमन - 13



■ रोहित और कोहली ने दिखाया जलवा, भारत की ऑस्ट्रेलिया पर बड़ी जीत - 14

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनेगा यूपी के विकास का नया प्रतीक : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट निरीक्षण के बाद उद्घाटन तैयारी की समीक्षा की
- सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता व समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के स्थलीय निरीक्षण के बाद उद्घाटन तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा।

उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अस्वीकार्य होगी। योगी ने डोमेस्टिक टर्मिनल, उद्घाटन स्थल, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बोर्डरूम में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, जिला व पुलिस प्रशासन और निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में एयरपोर्ट की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन की तैयारियों पर पावर प्रेजेंटेशन पर विस्तृत चर्चा भी की। कहा कि जेवर एयरपोर्ट प्रदेश के औद्योगिक, निवेश और पर्यटन विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, सुरक्षा और यात्री सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट से जुड़े सड़क एवं मेट्रो लिंक कार्यों को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### 150 उड़ानें रोजाना

योगी ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ यूपी देश का पहला राज्य बन जाएगा, जिसके पास पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। इससे राज्य की एयर कनेक्टिविटी, पर्यटन और निवेश को अभूतपूर्व बल मिलेगा। जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन चरण 3,300 एकड़ भूमि पर होगा। अब तक 6,700 एकड़ भूमि अधिग्रहित हो चुकी है, जबकि शेष 5,100 एकड़ भूमि तीन माह में अधिग्रहित की जाएगी। शुरुआत में एक रनवे से संचालन होगा, जिसकी वार्षिक क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों की होगी। प्रतिदिन 150 उड़ानें यहां से संचालित होंगी।

### कनेक्टिविटी का स्वर्ण युग

प्रदेश में 16 एयरपोर्ट संचालित और 7 निर्माणाधीन हैं। 2024–25 में 1.5 करोड़ यात्रियों ने हवाई यात्रा की, जिसमें 13 लाख अंतर्राष्ट्रीय यात्री शामिल रहे। योगी सरकार में एविएशन सेक्टर की वार्षिक वृद्धि दर 10.1 प्रतिशत रही है। जेवर एयरपोर्ट से एक लाख रोजगार अवसर पैदा होंगे, वहीं एनसीआर–यूपी बेल्ट में औद्योगिक और रियल एस्टेट गतिविधियों में 20–30 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है। अब यूपी देश के कुल हवाई यातायात में 10–15 प्रतिशत हिस्सेदारी की ओर बढ़ रहा है।

### राष्ट्रपति, पीएम से मिले

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन व प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकातें मुख्य रूप से 30 अक्टूबर को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन, अयोध्या में 25 नवंबर को राममंदिर पर ध्वज स्थापना, लखनऊ में दुनिया की सबसे बड़ी स्काउट गाइड की जम्बूरी समारोह समेत विकसित यूपी अभियान को लेकर बताई जा रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, खुद पर हावी न होने दें त्योहारों के बाद उदासी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट ने सुनवाई 30 तक स्थगित की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से संबंधित सुनवाई शनिवार को 30 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि ईडी से कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। संघीय एजेंसी ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी, पार्टी के दिवंगत नेताओं मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस, साथ-साथ सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है।

### थाईलैंड की राजमाता का 93 की उम्र में निधन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजमाता कही जाने वाली पूर्व महारानी सिरिकित का शुक्रवार को 93 साल की उम्र में निधन हो गया। शाही परिवार से जुड़ी जानकारी देने वाले 'द रॉयल हाउसहोल्ड ब्यूरो' ने कहा कि सिरिकित ने बैंकॉक के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 17 अक्टूबर से रक्त संक्रमण से जूझ रही थीं और चिकित्सा टीम के प्रयासों के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। ब्यूरो के अनुसार, सिरिकित को 2012 में स्ट्रोक हुआ था।

# इस चुनाव तय होगा बिहार में जंगलराज लौटेगा या कायम रहेगा विकास : शाह

## नेता प्रतिपक्ष पर बोला हमला, कहा- हमारी सरकार घुसपैठिये को देश से करेगी बाहर

खगड़िया/ नालंदा, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय की वह गौरवगाथा पुनर्स्थापित की है, जिसे आज 100 बख्तियार खिलजी भी मिटा नहीं सकते। बिहार शरीफ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी दावा किया कि वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बदौलत ही चुनाव दो चरणों में हो पा रहे हैं, और अगर जनता इसे एक और मौका दे तो अगली बार बिहार में चुनाव एक ही चरण में संपन्न होंगे।

शाह ने विपक्षी नेताओं जैसे लालू प्रसाद, राहुल गांधी, ममता बनर्जी व मायावती को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के फैसले के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि मोदी-सरकार ने बिहार को नक्सलवाद से मुक्त कराया है। कहा कि अब जंगल राज की वापसी नहीं होने देंगे और विकास-प्रदर्शन के आधार पर सरकार का चुनाव किया जाना चाहिए। इससे पहले खगड़िया जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव यह तय करेगा कि राज्य में 'जंगलराज' वापस आएगा या यह विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता रहेगा। शाह ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध करने को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि हर एक घुसपैठिये का पता लगाया जाएगा, मतदाता सूची से उनका नाम हटाया जाएगा और ऐसे लोगों को उनके देशों में वापस भेजा जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा, राहुल बाबा कहते हैं कि घुसपैठियों को बिहार में रहने दिया जाए।

आप बताइए, क्या हमें घुसपैठियों को रहने देना चाहिए? चाहे वह जितनी भी रैलियां कर लें 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकाल लें, वह घुसपैठियों को बचा नहीं सकते। गृह मंत्री ने दावा किया कि बिहार में फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी और कहा, हमारी सरकार एक-एक घुसपैठिये को चुनकर देश से बाहर करेगी, उनका पता लगाया जाएगा और उन्हें वापस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, यह चुनाव किसी को विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री बनाने का चुनाव नहीं है। यह चुनाव तय करेगा कि बिहार में लालू-राबड़ी का 'जंगलराज' लौटेगा या फिर राजग के आने पर विकसित बिहार पूरे देश में अपनी पहचान बनाएगा।



- केंद्रीय गृह मंत्री ने खगड़िया में चुनावी जनसभा को संबोधित, कहा- जनता ने मौका दिया तो अगली बार बिहार में एक ही चरण में संपन्न होंगे चुनाव

### विपक्षी महागठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार व परिवारवाद, नीतीश चाहते हैं राज्य का विकास

शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी महागठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार और परिवारवाद है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने केवल अपने परिवार की समृद्धि पर ध्यान दिया। गृह मंत्री ने दावा किया, नीतीश बाबू राज्य का समग्र विकास चाहते हैं, जबकि लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री। इसलिए बिहार के बेटों–बेटियों की चिंता केवल नरेन्द्र मोदी जी और नीतीश कुमार जी ही कर सकते हैं। उनके खिलाफ एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, जबकि लालू जी ने चारा घोटाला से लेकर बीपीएससी (बिहार लोकसेवा आयोग) घोटाले तक अनगिनत घोटाले किए हैं। शाह ने छठ महापर्व के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएं भी दीं।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मिलेगी रफ्तार प्रदेश के 12 जिले चयनित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) अब उत्तर प्रदेश में गति पकड़ने जा रही है। 12 जिले अर्थात महोबा, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, जालौन, झांसी, ललितपुर, उन्नाव, प्रयागराज, प्रतापगढ़, श्रावस्ती और सोनभद्र इस योजना में चयनित किए गए हैं। किसानों की आय और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने 11 अक्टूबर को किया था।

योगी सरकार ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में 17 सदस्यीय जिला स्तरीय समितियों का गठन किया है। इन समितियों में कृषि, उद्यान, पशुधन, मत्स्य और जिला पंचायत विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। समितियां स्थानीय जलवायु और संसाधनों के अनुसार कृषि योजनाएं तैयार करेंगी तथा उनके क्रियान्वयन की मासिक समीक्षा भी करेंगी।

राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है, जो समय पर धनराशि उपलब्ध कराने और विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करेगी। कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी को योजना का नोडल अधिकारी बनाया गया है। योजना के अंतर्गत सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, फसल विविधीकरण, सिंचाई और भंडारण सुविधाओं का विकास और किसानों को ऋण सुविधा सुलभ कराना प्रमुख लक्ष्य हैं।

साथ ही, निजी क्षेत्र की भागीदारी से कृषि उत्पादों में मूल्यवर्धन और विपणन के अवसर बढ़ाए जाएंगे। यह योजना किसानों की आय दोगुनी करने, कृषि में तकनीकी नवाचार लाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



- महोबा, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, जालौन झांसी, ललितपुर, उन्नाव, प्रयागराज प्रतापगढ़, श्रावस्ती और सोनभद्र का नाम
- जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में 17 सदस्यीय जिलास्तरीय समितियों का गठन


# अभिनेता सतीश शाह का 74 वर्ष की आयु में निधन

मुंबई, एजेंसी

- फिल्म जाने भी दो यारो, मैं हूं ना और टीवी शो साराभाई वर्सेज साराभाई में निभाया था दमदार अभिनय

बॉलीवुड अभिनेता सतीश शाह का शनिवार को निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। शाह के प्रबंधक ने यह जानकारी दी। शाह को फिल्म जाने भी दो यारो, मैं हूं ना और मशहूर टीवी शो साराभाई वर्सेज साराभाई में अपने अभिनय के लिए खास तौर पर सराहा जाता है।

तीस से ज्यादा वर्षों से सतीश शाह के निजी सहायक रहे रमेश कडातला ने बताया कि अभिनेता का दोपहर के समय बांद्रा पूर्वी स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। कडातला ने कहा, ऐसा लगता है कि उनका निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ, हालांकि हम उनकी मौत के कारणों के बारे में डॉक्टर की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। शाह के मित्र और फिल्म जगत के सहयोगी अशोक पंडित ने अभिनेता के निधन पर दुख जताया और कहा, यह हमारे उद्योग के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वह बहुत खुशमिजाज व्यक्ति थे। पच्चीस जून, 1951 को जन्मे शाह भारतीय सिनेमा और टेलीविजन जगत की एक प्रमुख हस्ती थे।फिल्म निर्माता कुंदन शाह की 1983 की क्लासिक फिल्म जाने भी दो यारो में भ्रष्ट नगर आयुक्त डी''मेलो की भूमिका निभाने के बाद वह घर-घर में मशहूर हो गए। फिल्म जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने सोशल मीडिया पर शाह के निधन पर शोक व्यक्त किया।



# लैंडिंग के दौरान विमान में आई खराबी, दरवाजे लॉक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पायलट ने कानपुर में विमान को लैंड कराने के बजाय दोबारा उड़ान भरी
- लैंड करने के बाद दोनों दरवाजे हो गए लॉक, 30 मिनट बाद खुले

**अमृत विचार:** मुंबई से कानपुर पहुंचे इंडिगो के विमान में कानपुर एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग के दौरान तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से पायलट ने विमान को लैंड कराने के बजाय दोबारा उड़ान भर ली और आसमान में 20 मिनट तक चक्कर लगाता रहा। इसके बाद विमान को लैंड कराया लेकिन दरवाजे लॉक हो गए और खुले नहीं।

करीब 30 मिनट बाद जब विमान का इंजन बंद हुआ, तब जाकर विमान के दोनों दरवाजे खुले और यात्रियों ने राहत की सांस ली। शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस के विमान 6 ई 824 ने कानपुर के लिए दोपहर 1.20 बजे उड़ान भरी थी। इस विमान में 150 से अधिक यात्री सवार थे। ये विमान सही सलामत कानपुर तक आ गया लेकिन दोपहर लगभग 3.15 बजे कानपुर एयरपोर्ट के रनवे पर जब लैंडिंग कर रहा था, तभी विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी। इसी फ्लाइट में यात्रा कर रहे हास्य कवि हेमंत पांडेय ने वीडियो जारी करते हुए बताया कि इस दौरान यात्रियों में हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में जब एयर हॉस्टेज से बात की गई तो बताया कि दोनों दरवाजे लॉक हो गए थे।



### चेन्नई में विमान पक्षी से टकराया, आपात लैंडिंग

**चेन्नई।** एयर एशिया का एक विमान बीती रात उड़ान भरने के तुरंत बाद पक्षी से टकरा गया जिसकी वजह से पायलट ने चेन्नई के अन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उसकी आपातकालीन लैंडिंग कराई। विमान में 182 यात्री और आठ क्रू मेंबर सवार थे। सूत्रों ने बताया कि यह घटना बीती रात आधी रात से कुछ समय पहले हुई और सभी यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। चेन्नई से उड़ान भरने के बाद विमान जब आकाश में ऊपर जा रहा था तभी एक पक्षी विमान के आगे के हिस्से से टकराया और एक इंजन में फंस गया। विमान की प्रारंभिक जांच में पता चला कि इंजन को काफी नुकसान पहुंचा है।

# शर्मनाक...इंदौर में ऑस्ट्रेलियन महिला क्रिकेटरों से छेड़छाड़

इंदौर, एजेंसी

- आरोपी अकील खान गिरफ्तार कैफे की ओर जा रही थीं खिलाड़ी तभी गलत तरह से छुआ

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा ले रहीं ऑस्ट्रेलिया की दो महिला क्रिकेटरों का मध्यप्रदेश के इंदौर में पीछा कर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने छेड़छाड़ की। शर्मशार कर देने वाली इस घटना के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस उपनिरीक्षक निधि रघुवंशी ने बताया कि दोनों क्रिकेटर अपने होटल से बाहर निकलीं और एक कैफे की ओर जा रही थीं, तभी मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। उस व्यक्ति ने उनमें से एक क्रिकेटर को गलत तरीके से छुआ और भाग गया। दोनों क्रिकेटर ने अपने टीम सुरक्षा अधिकारी डैनी सिमंस से संपर्क किया, जिन्होंने स्थानीय सुरक्षा संपर्क अधिकारियों के साथ समन्वय किया और सहायता के लिए एक वाहन भेजा। सहायक पुलिस आयुक्त हिमानी मिश्रा ने दोनों खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनके बयान दर्ज किए। एमआईजी थाने में बीएनएस की धारा 74 व 78 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने बताया कि एक राहगीर ने संदिग्ध की मोटरसाइकिल का नंबर नोट कर लिया, जिस पर आरोपी अकील खान को पकड़ लिया गया। खान के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं और मामले की जांच जारी है।

### एमपीसीए बोर्ड ने नाराजगी जताई

मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने छेड़छाड़ की घटना पर गहरा दुख एवं नाराजगी व्यक्त की। एमपीसीए ने कहा, इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों के साथ हुई गलत हरकत और अनुचित व्यवहार की परेशान करने वाली घटना से बहुत दुखी है। किसी भी महिला को ऐसा 'ट्रॉमा' कभी नहीं सहना चाहिए।

चिंतनीय

बढ़ते जलवायु परिवर्तन के दायरे से घटा सर्दी का दौर, नैनीताल के शीतकाल पर जलवायु परिवर्तन का बड़ा असर

# 40 साल के अंतराल में घट गई चार गुना ठंड

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन का दायरा बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सर्दी का दौर घट रहा है। जलवायु परिवर्तन अब शीतकाल को गिरफ्त में लेने को तैयार है। कड़ाके की ठंड के तीन माह के दिन सिकुड़ने शुरू हो चुके हैं। साल 1980 से 2020 के बीच 40 साल के अंतराल में ठंड में चार गुना तक कमी आई है। संभावना यह भी है कि, इस सदी के अंत तक शीतकाल में सर्दी पड़नी ही शायद समाप्त हो जाएगी।

जलवायु परिवर्तन को जन्म देने वाला वैश्विक ताप कम होने के बजाय बढ़ रहा है, जिस कारण जलवायु परिवर्तन में भी तेजी आने लगी है। इसके असर को लेकर तमाम दिशाओं में शोध कार्य में भी तेजी आई है, जिसमे चौंकाने वाली खबर आई है कि सर्दियों के दिनों में पड़ने वाली सर्दी में जितनी ठंड पिछली सदियों में पड़ा करती थी, अब नहीं पड़ती है। साथ ही, सर्दियों के दिनों में भी कमी आई है। भारत जैसे देशों के दिसंबर से फरवरी के बीच सर्दी के दिनों में भी कमी आने लगी है। उत्तर भारत में यह असर देखे जाने लगा है, जिसके परिणाम स्वरूप संभावना यह भी कि भविष्य में सर्दी पड़नी ही बंद हो जाएगी।



बढ़ता जलवायु परिवर्तन का दायरा, घट रहा सर्दी का दौर।

### क्या कहती है रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र संघ इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑफ क्लाइमेट चेंज के वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 1980 से 2020 के बीच ठंडी रातें और दिन लगभग चार गुना कम हो गए हैं। इसका सीधा असर सर्दियों के दिनों में पड़ेगा। वर्ष 2050 तक गर्म दिनों की संख्या में वृद्धि होने लगेगी। लू का प्रकोप बढ़ जाएगा और सर्दियों के दिन कम होने लगेंगे। बाढ़ की घटनाएं बढ़ेगी। ग्लोबल वार्मिंग के कारण भारत के अधिकांश हिस्सों में सतह का तापमान बढ़ रहा है, जिससे ठंड का असर कम हो रहा है। बढ़ते तापमान के कारण सर्दियों में होने वाले घने कोहरे की घटनाओं में भी कमी आने की संभावना है। वर्ष 2080 से 2100 तक गर्म रातों और दिनों की संख्या में काफी वृद्धि होगी, जबकि ठंडी रातों और दिनों की संख्या में कमी आएगी।

### नैनीताल में नहीं पहले जैसी ठंड

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन का बड़ा असर नैनीताल के शीतकाल पर आया है। तेल और पानी को जमा देने वाली ठंड अब नहीं पड़ती और बर्फबारी का दौर भी थम चुका है। यह ऐसा बदलाव है जो निरंतर आगे बढ़ रहा है। पिछले दो दशक के अंतराल की बात करें तो यहां के शीतकाल के तापमान में औसतन तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है जिससे शीतकाल में ठंड में कमी आने से जीवन आसान हो चला है। इस बदलाव से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि भविष्य में ठंड पड़नी ही बंद हो जाएगी। बहरहाल, उत्तर भारत की सर्दियां अधिक सर्द नहीं रहने लगेंगी और तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन से संभव है कि ऋतुओं में शारदकालीन ऋतु का अस्तित्व ही न रहे।

# नवीन मंडी में अवैध दुकानों पर कार्रवाई के बाद आढ़ती परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टूटी पड़ी दुकानें, अव्यवस्था में व्यापार जारी रखने को मजबूर
- डीडी निर्माण के अनुसार नई दुकानों के प्रस्ताव को धनराशि स्वीकृत

**अमृत विचार :** नवीन फल एवं सब्जी मंडी में जिला प्रशासन द्वारा अवैध दुकानों पर की गई कार्रवाई के बाद मंडी का माहौल तनावपूर्ण हो गया है। कार्रवाई में कई दुकानों को हटाया गया या तोड़फोड़ की गई। जिससे आढ़ती परेशान है। मंडी में व्यापार करने वाले आढ़तियों का कहना है कि वह अव्यवस्था के बीच भी कारोबार करने को मजबूर हैं, लेकिन दुकानों की टूटी-पड़ी हालत ने असहज कर दिया है। वहीं डीडी निर्माण के मुताबिक मंडी की नई दुकानों के भेजे प्रस्ताव में शासन धनराशि स्वीकृत हो गई है, बस टेंडर होना बाकी है।

मंडी प्रशासन ने बताया कि अवैध रूप से बनाए गए ढांचे और दुकानों के कारण पूरे मंडी परिसर में समस्या उत्पन्न हो रही थी। इसलिए जिला प्रशासन के निर्देश पर कार्रवाई की गई। अब प्रशासन नई दुकानों के निर्माण और व्यवस्थित व्यापार की व्यवस्था कर रहा है। व्यापारियों का कहना है कि नई व्यवस्था और दुकानों के निर्माण में देरी से उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। कई आढ़ती अपनी टूटी दुकानों के पास खड़े होकर निर्माण की प्रतीक्षा में समय बिता रहे हैं। यदि मंडी में जल्द ही स्थायी और सुव्यवस्थित व्यवस्था नहीं बनाई गई तो व्यापारियों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होने के साथ ही मंडी में और अधिक अव्यवस्था बढ़ सकती है। हालांकि डीडी निर्माण मंडी समिति अशोक कुमार ने बताया कि सरकार ने नई दुकानों के प्रस्ताव को बिना किसी अड़चन के स्वीकृति दे दी है। अब टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। प्रस्ताव के मुताबिक दुकानों का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

### भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आयोजित युवा सम्मेलन में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह का संबोधन

# स्वदेशी अपनाने से पूरा होगा आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पंकज सिंह। ● अमृत विचार



युवा सम्मेलन में पंकज सिंह का स्वागत करते भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** भाजपा युवा मोर्चा महानगर द्वारा शनिवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आत्मनिर्भर भारत अभियान के निमित्त युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व नोएडा विधायक पंकज सिंह ने युवाओं से आत्मनिर्भर बन भारत को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। कहा कि स्वदेशी अपनाने से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। जिनसे आज भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। कहा कि एक समय था जब विपक्ष को यूपीआई और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की उपयोगिता पर संदेह था परंतु प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और युवाओं के संकल्प ने इसे हकीकत बनाया। कोरोना काल में भारत ने कोविड वैक्सीन बना कर भारत का परचम पूरे विश्व में लहराया।

मुख्य अतिथि विधायक पंकज सिंह ने कहा कि स्वदेशी अपनाने से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा होगा और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। देश के कारीगरों, छोटे उद्योगों और उद्यमियों को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया है। 'वोकल फॉर लोकल' और ''मेक इन इंडिया'' अभियान के तहत एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह भी किया गया है। स्वदेशी केवल खरीदारी नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़ा है।

भाजयुमो महानगर अध्यक्ष अभिषेक चौबे ने आभार प्रकट करते हुए नेतृत्व को आश्वस्त किया कि उनकी अपेक्षा के अनुसार युवा मोर्चा केंद्र और प्रदेश सरकार की आयोजनों को युवाओं तक पहुंचा मुरादाबाद को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेंगे।

### विधायक ने स्मृति चिन्ह देकर किया मुख्य अतिथि का स्वागत

कार्यक्रम में विधायक रितेश गुप्ता ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संचालन भाजयुमो महानगर महामंत्री अभिषेक राठौर ने किया। इस दौरान सदस्य विधान परिषद जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान, केके मिश्रा, संतोष सिंह ब्लॉक प्रमुख, भाजपा महानगर महामंत्री भाजपा दिनेश शीर्षवाल, नाथूराम कश्यप, भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य राजू कालरा, प्रदेश मंत्री अंजली चौहान , क्षेत्रीय मंत्री प्रवीण भड़ाना के साथ ही भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### केबल में बजरी भरकर बेचते थे, गिरफ्तार

**मूंढापांडे, अमृत विचार :** दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर केबल से कॉपर निकालने के बाद उसमें बजरी-सीमेंट भरकर बेचने का खुलासा किया था। पुलिस ने शनिवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मूंढापांडे पुलिस ने थाना क्षेत्र के दौलरा के जाने आलम व नाजिर को गिरफ्तार कर इस खेल का खुलासा किया था। यह गिरोह केबल से कॉपर का तार निकाल कर बेच देते थे। खाली केबल में बजरी-सीमेंट भरकर दिल्ली एनसीआर में व्यापारियों को बेच देते थे। एस एचओ मोहित चौधरी ने बताया कि इस मामले में भूरा निवासी रतनपुर थाना अजीमनगर रामपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### वृद्धा गुमशुदा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैजनाथपुर निवासी समरपाल पुत्र खमानी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी मां परमेश्वरी( 70 ) 23 अक्टूबर को घर से बिना बताए कही चली गई। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नही है।काफी तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला है। जिसपर कोतवाली पुलिस ने पुत्र की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मदरसा पहुंची टीम, पांच संस्थाओं के दस्तावेज जब्त

### छुट्टी से लौटी कक्षा 8 की छात्रा से वर्जिनिटी प्रमाण पत्र मांगने के मामले में जिलाधिकारी ने गठित की जांच कमेटी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मदरसे में पढ़ने वाली चंडीगढ़ निवासी कक्षा 8 की छात्रा के परिजनों से छात्रा का वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगे जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पुलिस कार्रवाई के बाद अब प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर राममोहन मीणा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम मदरसा पहुंची। हालांकि एसडीएम सदर को मदरसा संचालक के मौजूद न होने के कारण जांच किए बिना ही लौटना पड़ा। डीआईओएस और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने मदरसे में संचालित संस्थाओं से संबंधित दस्तावेज जब्त कर लिए हैं।

डीएम अनुज सिंह ने मदरसा जामिया असानुल बनात गर्ल्स में छुट्टी से लौटी छात्रा के परिजनों से छात्रा वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगने के मामले में जांच बैठाई है। शनिवार को जांच टीम का नेतृत्व कर रहे एसडीएम सदर राममोहन मीणा,


मदरसे में जांच के दौरान एसडीएम सदर, डीआईओएस और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी। ● अमृत विचार


संस्थाओं की जानकारी की फोटो लेते एसडीएम सदर राममोहन मीणा।

- जांच टीम का नेतृत्व कर रहे एसडीएम जांच के बीच से लौटे, काफी देर बाद पहुंचा मदरसे का सेकेट्री

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संभल दिलीप कुमार जांच के लिए पहुंचे। जहां काफी देर तक कोई मदरसे में कोई जिम्मेदार नहीं मिला। जिसके बाद एसडीएम सदर बिना जांच पड़ताल लौट गए। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार मौजूद रहे। काफी देर बाद सेकेट्री अरबाब शम्सी पहुंचे। उनके चेहरे के रंग उड़ दिखाई दे रहे थे। अधिकारियों ने प्रबंध तंत्र से पूछताछ की। सचिव अरबाब शम्सी ने टीम को दस्तावेज दिखाए। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि अब तक जांच में यह सामने आया कि मदरसे परिसर में जेएबी कन्या इंटर कॉलेज, ए.आई.ए. एजुकेशनल सोसाइटी और ए.आई.ए. दावा एकेडमी के अलावा दो संस्थाएं संचालित है। सभी संस्थाओं के कागजात जांच के लिए लिए गए हैं। कुछ कागज मदरसा स्वामी के अनुसार जेल जाने वाले एडमिशन सेल इंचार्ज शाहजहां के पास है। जिन्हें मांगा गया है। अब तक दिखाए गए संस्थाओं संबंधित कागज के मुताबिक सभी संस्थाओं की मान्य पूरी पाई गई। कागजों के सत्यापन और डीएम के निर्देश के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। जांच टीम देर शाम तक मदरसे में मौजूद रही। जिला प्रशासन का कहना है कि किसी भी छात्रा या परिजन के साथ अनुचित व्यवहार या जबरन दस्तावेज मांगने की शिकायत गंभीर मामला है। यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं तो संस्थान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मदरसा बंद होने से अन्य छात्राएं परेशान

मदरस के सेक्रेट्री अरबाब ने बताया कि मदरसा बंद करने के फरमान से मदरसे में पढ़ने वाली अन्य छात्राएं भी परेशान हैं। शनिवार को मदरसे में पढ़ाने वाली संभल की छात्रा के परिजन छात्रा को लेने पहुंचे, जहां गेट पर मौजूद चौकीदार ने मदरसा बंद होने बात कह उन्हें अंदर घुसने से मना कर दिया। परिजन कब खुलने की बात पूछते रहे लेकिन चौकीदार कुछ बताने को तैयार नहीं था।

### अपने ही बयानों में फंसते जा रहे सेक्रेटरी

छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने हालांकि एडमिशन सेल के प्रभारी शाहजहां को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी प्रधानाचार्य अभी तक पुलिस की पकड़ दूर हैं। पुलिस की जांच में अब तक मदरसे के सेक्रेटरी के दो अलग-अलग दर्ज दर्ज किया जा चुके हैं जिसमें वह फंसते नजर आ रहे हैं। शनिवार को डीएम ने मदरसे के एडमिशन सेल प्रभारी और प्रधानाचार्य के द्वारा छात्रा से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगने के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए जांच कमेटी गठित की है। हालांकि जांच कमेटी ने मदरसे में जाकर मदरसे से संचालित पांच संस्थाओं से संबंधित दस्तावेज जब्त कर लिए है। वहीं सेक्रेटरी पुलिस को दो अलग बयान देकर फंसते नजर आ रहे है। सोशल मीडिया पर दिए गए बयान में मदरसे के सेक्रेटरी ने पहले पति-पत्नी का आपसी विवाद बताकर पल्ला झाड़ना चाहा लेकिन मामला जांच में फंसने पर सेक्रेटरी छात्रा की मौसी नाम का किरदार सामने लाया हैं। उनका कहना है कि छात्रा की मौसी ने फोन कर पिता पर आरोप लगाए थे। जबकि विवेचक के अनुसार सेक्रेटरी पुलिस को मौसी का नंबर नहीं दे पाया है।

## वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगने वालों पर हो कठोर कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मदरसा प्रबंधन द्वारा छात्रा का वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगने वालों की शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी कड़ी निंदा कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने पाकबड़ा थाना क्षेत्र स्थित मदरसा जामिया एहसान उल बनात द्वारा 13 वर्षीया 8वीं कक्षा की छात्रा से प्रमाण पत्र मांगने की निंदा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

कहा नाबालिग से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट की मांग करना बेहद शर्मनाक, अमानवीय , निंदनीय एवं दंडनीय कृत्य है। मामले में मदरसे की सभी छात्राओं का भी अलग-अलग बयान लिया जाए जिससे सभी बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और वह निर्भय एवं भेदभावमुक्त वातावरण में अध्ययन कर सकें। कठोर कार्रवाई हो ताकि दोबारा कोई ऐसा काम न कर पाए।

# अब अलग-अलग अधिकारी और कर्मचारी निपटाएंगे बिजली से जुड़े कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एक नवंबर से मुरादाबाद समेत 9 शहरों में बिजली विभाग की नई व्यवस्था लागू खत्म होगा 41 साल पुराना सिस्टम

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली विभाग की 41 साल पुरानी व्यवस्था अब लागू होने जा रही है। उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी सेवा देने के उद्देश्य से सरकार एक नवंबर से वर्टिकल रीस्ट्रक्चरिंग सिस्टम लागू करने जा रही है। नई व्यवस्था की शुरुआत लखनऊ, मेरठ, अलीगढ़, बरेली, कानपुर, सहारनपुर, नोएडा और गाजियाबाद में इसका ट्रायल हो चुका है। अन्य जनपदों में एक साथ नई व्यवस्था लागू होगी।

नई प्रणाली में बिजली से जुड़े सभी कार्य जैसे नया कनेक्शन लेना, लोड बढ़ाना या घटाना, बिल सुधार, मेंटेनेंस और सप्लाई संबंधी समस्याएं अब अलग-अलग अधिकारियों और कर्मचारियों के माध्यम से निपटाए जाएंगे। यह व्यवस्था पूरी तरह फेसलेस और नेमलेस होगी। उपभोक्ताओं को यह नहीं पता चलेगा कि उनका आवेदन किस अधिकारी के पास है। इससे कार्य प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

शिकायत या समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ता अब हेल्पलाइन नंबर 1912 या शहर में बने हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकेंगे।वर्तमान में लागू वन विंडो सिस्टम में एक ही अधीक्षण अभियंता (एस ई) और उनके अधीन एई-जेई (एई-जेई) को बिजली आपूर्ति व रेवेन्यू दोनों की जिम्मेदारी दी गई थी। अब इन कार्यों को अलग-अलग शाखाओं में बांटा जा रहा है, ताकि हर विभाग अपने कार्य के प्रति जवाबदेह हो।मुख्यबिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मेरठ, अलीगढ़, बरेली और कानपुर में इस नई व्यवस्था का ट्रायल सफल रहा है। अब इसे अगले चरण में मुरादाबाद सहित नौ शहरों में लागू किया जा रहा है। आगे चलकर यह प्रणाली प्रदेश के सभी जिलों में लागू की जाएगी।अधिकारियों का कहना है कि यह बदलाव जनहित में किया गया है, ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिल सके।

# गरजी जेसीबी, सरकारी संपत्ति को कराया कब्जा मुक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


पनवड़िया में निरीक्षण करते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार


शासकीय संपत्ति पर हुए अवैध निर्माण पर चलती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पनवड़िया के निकट शासकीय संपत्ति पर हुए कब्जे पर जेसीबी गरजी और संपत्ति को कब्जा मुक्त करा लिया। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील सदर स्थित ग्राम शादीनगर, निकट अहमदनगर स्थित गाटा 82/1, रकबा 0.0450 हेक्टेयर भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भूमि पूर्व में राजस्व अभिलेखों में नॉन जेड ए रामपुर पार्क के नाम से दर्ज थी। जो कि नगर पालिका परिषद की स्वामित्वाधीन संपत्ति है। बाद में कुछ व्यक्तियों, जिनमें रामफूल सिंह पुत्र बालकिशन निवासी रामपुर द्वारा फर्जी प्रविष्टि करा कर भूमि पर अवैध कब्जा स्थापित कर लिया

- डीएम, एसपी ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

गया था। प्रकरण की विधिक जांच के बाद न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक), सदर द्वारा 16 सितंबर को प्रविष्टि को अवैध एवं फर्जी घोषित करते हुए भूमि को पुनः रामपुर पार्क के नाम दर्ज किए जाने का आदेश दिया था। न्यायालय के आदेश के मुताबिक नगर पालिका परिषद द्वारा भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर पुनः अपना वास्तविक एवं भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान तहसील सदर की राजस्व टीम, नगरपालिका अधिकारी एवं पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहे।

### ग्राम गजरौला में 5 एकड़ शासकीय भूमि कराई कब्जा मुक्त

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील टांडा स्थित ग्राम गजरौला में लगभग 5 एकड़ क्षेत्रफल की शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की कार्रवाई का स्थलीय निरीक्षण किया। तहसील प्रशासन द्वारा राजस्व टीम एवं पुलिस बल की उपस्थिति में भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराया गया। भूमि को राजस्व अभिलेखों के अनुरूप शासन के वास्तविक एवं भौतिक कब्जे में लिया गया। कब्जा मुक्त कराई भूमि पर पौधरोपण कार्य कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी भूमि को चिह्नित कर अभियान चलाकर कब्जामुक्त कराया जाएगा। सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कब्जा मुक्त कराई भूमि पर स्थायी पौधरोपण एवं संरक्षण की व्यवस्था कराई की जाए।

# दिल्ली रोड पर नगर निगम ने ध्वस्त किया अतिक्रमण, मौजूद रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कार्रवाई के दौरान मौजूद नगर निगम के अधिकारी। ● अमृत विचार


अतिक्रमण हटाती निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दिल्ली रोड पर नगर निगम की टीम ने शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। टीम ने प्रवर्तन दल के साथ कारवाई करते हुए अवैध निर्माण, ढाबा काउंटर, ऊंचे रैंप व अवैध पार्किंग को हटवाया। इससे अतिक्रमण करने वाले सकते में आ गए।

राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली रोड पर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला। प्रवर्तन दल ने दिल्ली रोड के दोनों ओर की साइट पटरियों पर किए गए अवैध निर्माण, ढाबा काउंटर, ऊंचे रैंप और अवैध पार्किंग को जेसीबी मशीन से तोड़कर हटवाया। कुछ ढाबा संचालकों ने नालों के ऊपर काउंटर बनाकर पक्का निर्माण कर लिया था, जिससे नालों की सफाई और वर्षा जल निकासी पूरी तरह बाधित हो रही थी। तो वहीं, कुछ संपत्ति स्वामियों ने अपनी दुकानों और भवनों के सामने ऊंचे रैंप डालकर नालों को बंद कर दिया था, जिसके कारण बरसात का पानी सड़कों पर भरकर यातायात में अवरोध और सड़क क्षति की स्थिति बन रही थी। अभियान के दौरान ग्लोब मेटल एक्सपोर्ट के सामने बने ऊंचे रैंप को हटाया गया। यह रैंप नाले को पूरी तरह कवर्ड कर रहा था, जिसके चलते वर्षा का पानी नाले में न जाकर सड़क पर फैल जाता था और राष्ट्रीय राजमार्ग पर गड्ढे व क्षति उत्पन्न हो जाती थी। उक्त निर्माण को तत्काल हटाकर नाले की सफाई कराई गई। इसके अतिरिक्त दिल्ली रोड पर स्थित कुछ कार शोरूमों द्वारा साइड पटरी पर अवैध पार्किंग पर भी कारवाई हुई।

सभी को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि अवैध पार्किंग पाई गई तो निर्धारित जुर्माना

- अवैध निर्माण, ढाबा काउंटर, ऊंचे रैंप व अवैध पार्किंग टीम ने हटाया

आरोपित करते हुए वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कहा कि शहर में सुगम यातायात, नालों की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से नालों, पटरियों या सार्वजनिक स्थलों पर किए गए निर्माण को हटा लें, अन्यथा नगर निगम द्वारा सख्त कारवाई करेगा। यह अभियान आगामी दिनों में भी लगातार जारी रहेगा, जिससे महानगर को स्वच्छ, सुंदर और सुगम यातायात वाला शहर बनाया जा सके।

# गर्भपात के बाद बिगड़ी विधवा की हालत, भ्रूण बरामद

संवाददाता,बहजोई

- पुलिस को डायल 112 पर मिली थी नवजात का शव फेंकने की सूचना

**अमृत विचार :** 2 वर्ष से विधवा महिला की 7 महीने का गर्भ गिराने के बाद हालत बिगड़ गई। पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां से गंभीर हालत में उसे रेफर कर दिया गया। पुलिस ने चौकीदार की सूचना पर सड़क किनारे पड़ा भ्रूण बरामद कर लिया है।

डायल 112 पुलिस को सूचना मिली कि बहजोई कोतवाली के एक गांव निवासी विधवा की गर्भपात के दौरान हालत में बिगड़ गई। नवजात के भ्रूण को उसके प्रेमी ने जंगल में ले जाकर फेंक दिया है। पुलिस मौके पर पहुंची थी और बेहोशी हालत में मिली महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल के बाद मुरादाबाद रेफर कर दिया। देर रात चौकीदार की सूचना पर पुलिस ने अचलपुर की ओर जाने वाले मार्ग के किनारे से नवजात के भ्रूण को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरे दिन महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ। महिला के परिवार वालों की ओर से भी पुलिस कोई शिकायत नहीं की गई। उधर ग्रामीणों का कहना है कि महिला के उसके रिश्ते के देवर से प्रेम संबंध हैं। इस प्रकरण में गांव के एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसपी अनुकृति शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## बदलते मौसम में अनुकूल वस्तुओं का करें सेवन



शिव मोहिनी मंदिर में महंत भजनानंद से वार्ता करते चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव चौधरी।

**कांठ, अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक ने शनिवार को नगर में भ्रमण किया। लोगों से घर और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में जरूरी है कि अपने आप को मौसम के अनुरूप ढालने के लिए अनुकूल चीजें का सेवन करें। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध मंदिर के महंत से भी मिलकर उनका हाल-चाल जाना।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव चौधरी ने शनिवार को नगर में कई स्थानों पर घूम कर लोगों से अपने घर पर आसपास साफ-सफाई रखने पर जोर दिया। इस दौरान वह प्रसिद्ध शिव मोहिनी मंदिर पर पहुंचे और उन्होंने वहां के महंत भजनानंद से मुलाकात की उनका हाल-चाल जाना।

# नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

## सुबह साफ-सफाई और स्नान के बाद पूजा की तैयारी में जुटीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचारः** लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत शनिवार को नहाय-खाय के साथ हुई। सुबह साफ-सफाई और स्नान के बाद महिलाएं पूजा की तैयारी में जुट गईं। छठ मैय्या के गीत गाते हुए महिलाएं भोग प्रसाद तैयार करने में जुट गईं। वहीं पूर्वांचल के रहने वाले लोगों ने छठ पूजा के लिए घाटों पर भी जाकर व्यवस्था परखी।

लोक आस्था का महापर्व मुरादाबाद में भी बड़ी संख्या में पूर्वांचल व बिहार के रहने वाले लोग हर साल उल्लास के साथ मनाते हैं। शनिवार को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुरुआत हो गई।

सर्वजन हिताय संस्था के सचिव नीरज कुमार राय ने बताया कि छठ महापर्व लोक आस्था से जुड़ा है। इसकी शुरुआत नहाय खाय से होती है। पहले दिन व्रती महिलाओं ने घर की सफाई कर पूजा अर्चना की। उन्होंने चावल, चने की दाल और लौकी की सब्जी तैयार कर भोजन प्रसाद के रुप में ग्रहण किया। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी यही प्रसाद खाया। प्रशासन की ओर से रामगंगा नदी के किनारे सीएल गुप्ता घाट पर तैयारी की है। संस्था के द्वारा घाट किनारे पूजन के लिए वेदी बनाने व अन्य तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

आयोजन में संस्था के संस्थापक पीके पांडेय, संरक्षक जोगेंद्र सिंह, चंद्र मोहन श्रीवास्तव, मालती राय, सह संस्थापक तेज नारायण मिश्र, महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना शर्मा, उपाध्यक्ष राहुल राय के अलावा, धनंजय मिश्रा, पंकज केसरी सहित अन्य लोग आयोजन की व्यवस्था में जुड़े रहे।



दिल्ली रोड स्थित घाट पर छठ पूजा को लेकर तैयारी पूरी। ● अमृत विचार



नहाए खाए को लेकर भोजन बनातीं महिलाएं। ● अमृत विचार



पूजा के लिए सब्जी तैयार काटती महिलाएं। ● अमृत विचार

### आज होगा खरना

छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को खरना किया जाएगा। खरना कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। खरना का अर्थ शुद्धिकरण होता है। व्रती महिलाएं सूर्य देव की उपासना कर पूरे दिन व्रत रखेंगी और शाम को मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ और चावल की खीर बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगी। इसमें नमक या चीनी का उपयोग नहीं किया जाता है, इसके बाद ही 36 घंटे का निर्जला कठिन व्रत प्रारंभ होगा।

### छठ व्रतियों के लिए की जा रहीं व्यवस्थाएं

सोमवार दोपहर बाद से रामगंगा विहार सीएल गुप्ता आई हास्पिटल के पास रामगंगा घाट पर बड़ी संख्या में छठ व्रती परिवार के साथ पहुंचेंगे और डूबते सूर्यदेव को अर्ध्य देते हुए छठी मईया की पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद 28 अक्टूबर को सुबह 4 :00 बजे छठ व्रती परिवार के साथ घाट पर पहुंचकर नदी के जल में खड़े होकर भगवान सूर्य के उदय होने पर अर्ध्य देते हुए पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित करेंगे। जिसके साथ ही छठ पर्व पूरा होगा। छठ व्रतियों के लिए घाट की सजावट, चाय. पानी व अन्य सामग्री की व्यवस्था संस्था द्वारा घाट पर की जा रही है। प्रशासन की तरफ से रामगंगा घाट पर जेसीबी आदि से साफ सफाई व अन्य तैयारियां कराई जा रही हैं।



तैयार भोजन। ● अमृत विचार



मंडी समिति में पूजन सामग्री की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

## अभियान चलाकर लोगों को साफ सफाई के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की आईईसी टीम ने शनिवार को साकेत कॉलोनी में आरआरआर व्हीकल अभियान चलाया।

आईईसी टीम ने वार्ड संख्या-19 स्थित साकेत कॉलोनी में आरआरआर ( रिड्यूस, रियूज व रिसाइकिल ) व्हीकल अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अभियान का उद्देश्य घरों में रखे इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) के सुरक्षित निस्तारण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरूक करना था। अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों ने अपने घरों से ई-वेस्ट नगर निगम की विशेष आरआरआर वाहन में एकत्र कराया। टीम ने बताया कि ई-वेस्ट को खुले में फेंकना पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है, इसलिए नगर निगम द्वारा एक समर्पित ई-वेस्ट कलेक्शन सेवा शुरू की गई है। नागरिक ई-वेस्ट सुरक्षित रूप से निगम की गाड़ी को दें जिससे प्लास्टिक, धातु और इलेक्ट्रॉनिक अवशेषों का पुनर्चक्रण किया जा सके। टीम ने बताया ई-वेस्ट कलेक्शन के लिए निगम द्वारा जारी हेल्पलाइन 0591-405-6954 पर संपर्क करके न केवल जानकारी प्राप्त की जा सकती है बल्कि कलेक्शन के लिए वाहन भी बुलाया जा सकता है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने प्रतिभा से मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कपल डांस, मैजिक शो, कपल गेम्स, बच्चों के खेल, कार्ड्स गेम का रहा आकर्षण
- डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की ओर से दिवाली पर्व पर कार्यक्रम

**अमृत विचारः** डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन मुरादाबाद की ओर से शनिवार को रामगंगा विहार के हाई स्ट्रीट पर दीपावली फेमिली मीटिंग का आयोजन मोती महल के डायमंड हॉल में किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत शाम को दीप प्रज्वलन एवं गणेश–लक्ष्मी पूजन से हुआ। अध्यक्ष एडवोकेट अरविंद कुमार सिंघल जी ने सभी सदस्यों एवं परिवार के सदस्यों का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। स्वास्तिक, अभियान, रिमझिम, अर्णव, अव्यान, नीति आदि ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें सभी ने सराहा। इसके अतिरिक्त कपल डांस, मैजिक शो, कपल गेम्स, बच्चों के खेल, कार्ड्स गेम, टॉम्बोला, तथा क्विज़ प्रतियोगिता जैसे विविध मनोरंजक कार्यक्रम में सभी परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संयोजित रूप से चेयरपर्सन एडवोकेट शिशिर गुप्ता व प्रियंका गोयल के निर्देशन में हुआ। आयोजन में सचिव एडवोकेट अतुल सक्सेना तथा सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में एडवोकेट निखिल रंजन अग्रवाल, एडवोकेट गौरव गुप्ता, आलोक सैनी, राजीव कुमार रस्तोगी, अजय अग्रवाल, अंकित गुप्ता, दीपक अग्रवाल, हरीशंकर पाल, राजीव अग्रवाल, राकेश चंद शर्मा, मोहम्मद इलियास, आशीष कुमार, उदित अग्रवाल एवं उपदेश चंद्र अग्रवाल सहित संकाय के अनेक सदस्य अपने परिवारों के साथ उपस्थित रहे।

अंत में विजेताओं व सहयोगकर्ताओं को सम्मानित कर रात्रि भोज के साथ दिवाली मिलन समारोह संपन्न हुआ। भव्य आतिशबाजी प्रदर्शन ने उत्सव को और भी यादगार बना दिया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

## इग्नू ने दिसंबर सत्रांत परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अब 26 अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क, 31 अक्टूबर तक जुर्माने के साथ भर सकेंगे फार्म

**अमृत विचारः** इग्नू ने दिसंबर 2025 सत्रांत परीक्षा (टीईई) के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि में विस्तार किया है। छात्र मूल्यांकन प्रभाग (परीक्षा-II) द्वारा 18 अक्टूबर को जारी अधिसूचना के अनुसार, यह राहत ओडीएल ओपन डिस्टेंस एंड लर्निंग ) और ऑनलाइन दोनों प्रकार के पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को दी गई है।

शनिवार को इग्नू अध्ययन केंद्र हिन्दू कालेज मुरादाबाद के समन्वयक प्रो. एके सिंह ने बताया कि नए कार्यक्रम के अनुसार, विद्यार्थी 26 अक्टूबर 2025 तक बिना किसी विलंब शुल्क के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। वहीं, जो छात्र समय पर आवेदन नहीं कर पाएंगे, वे 1100 रुपये के विलंब शुल्क के साथ 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। इग्नू प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.ignou.ac.in पर जाकर परीक्षा फॉर्म भरें।

## पेड़ काटने के विवाद में मारपीट और फायरिंग, दोनों पक्षों के कई लोग घायल

संवाददाता, कुंदरकी

- वीडियो वायरल, दोनों पक्ष के 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, दो को भेजा जेल

**अमृत विचार :** शनिवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव का मारपीट बंदूक लहराते हुए फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाना कुंदरकी में शिकायती पत्र दिए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए दो आरोपियों को जेल भेज दिया है।

एक पक्ष से ग्राम ढकिया जुम्मा निवासी नफीस पुत्र मुन्ना ने बताया कि उनकी कुछ जमीन ग्राम सीलपुर के रकबे में है और उनके खेत की बाउंड्री पर लिप्टिस के पेड़ों का बाड़ा है जिसे उन्होंने बेच दिया था। शनिवार सुबह वह लोग खेत पर लकड़ी काट रहे थे। इसी दौरान खेत के पड़ोसी, कादिर, ताजुद्दीन, जफरुद्दीन पुत्र अलीमुद्दीन, फारुख पुत्र राफेदीन, जुनैद पुत्र अहसान निवासी ग्राम सीलपुर थाना कुंदरकी ने दबंगई दिखाते हुए उन्हें लकड़ी काटने से रोक दिया। खबर मिलने पर पिता मुन्ना, भाई अनीस जब उपरोक्त लोगों के पास शिकायत करने पहुंचे तो सभी ने उन पर धारदार हथियार पर जान लेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे भाई सद्दाम पर भी जानलेवा हमला किया। जुनैद ने बंदूक से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया कर दिया। जिसमें वह लोग बाल बाल बचे। आरोपी फायर करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। मारपीट में घायल पिता और भाई बेहोश हो गए। पुलिस ने उपरोक्त पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं दूसरे पक्ष से शमीउद्दीन पुत्र अलीमउद्दीन निवासी ग्राम सीलमपुर की शिकायत पर पुलिस ने ग्राम ढकिया जुम्मा निवासी मुन्ने, अनीस, नफीस, सद्दाम, भूरा के खिलाफ भी मारपीट व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर दो लोगों को जेल भेज दिया गया है।



हाथ में बंदूक लिए युवक।

## नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में रिपोर्ट

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में नाबालिग को पहले फुसलाकर ले जाने और उसके पिता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी के मामले में छजलैट थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

छजलैट थाना क्षेत्र के गांव निवासी 17 वर्षीया किशोरी घर पर अकेली थी। शुक्रवार की शाम को 4 बजे के ग्राम फूलपुर मिठनपुर निवासी अजय पुत्र गुड्डू सिंह बाइक से घर आया और किशोरी को ले गया। किशोरी के मामा के लड़के ने दोनों को बाइक पर जाते हुए देखा। नाबालिग का पिता अजय के पास पहुंचा और पुत्री के बारे में जब जानकारी मांगी तो उसने मना कर दिया। इसी बात को लेकर अजय, नीरज, त्रिलोक, गुड्डू चारों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## निष्पक्ष जांच कर समस्या का निस्तारण करें



फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार



लोगों की शिकायत सुनते तहसीलदार प्रवीण कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

- थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**अमृत विचार :** थाना कांठ में आयोजित समाधान दिवस में आठ फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण करने के लिए टीम गठित की गई।

लेखपाल राजस्व निरीक्षक एवं पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर इसकी निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद उसका निस्तारण किया जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व निरीक्षक लेखपाल एवं पुलिसकर्मी इस बात का पूरी तरह ध्यान रखें कि शिकायतकर्ता से पहले शिकायत के बारे में पूरी जानकारी करें। इसके बाद मौके पर जाकर निष्पक्ष रूप से पारदर्शिता के साथ पूरे प्रकरण की जांच करें और न्यायालय संबंधी मामलों में हस्तक्षेप ना करें। उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर लेखपाल राजस्व निरीक्षक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### एक भी समस्या का निस्तारण नहीं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संपूर्ण थाना दिवस में 4 फरियादियों ने शिकायतों के निस्तारण की मांग की है। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नही किया गया है। निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों की टीम गठित की गई है। शनिवार को संपूर्ण थाना दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर में तहसीलदार प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इसमें 4 फरियादियों ने समस्याओं से अगवत कराते हुए समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की। जिसमें मौके पर कोई निस्तारण नही किया गया है। दर्ज 4 शिकायतों की जांच कर निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों की टीम गठित की गई है।

## आर्ट ऑफ डाइंग की पहल, शोक सभा की जगह अशोक सभा का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जीवन और मृत्यु के अर्थ पर आध्यात्मिक दृष्टि से वक्ताओं ने किया गहन चिंतन
- मृत्यु को दुख नहीं, बल्कि चेतना के रूपांतरण के रूप में देखने की प्रेरणा दी

**अमृत विचार :** शहर में शनिवार को आर्ट ऑफ डाइंग के तहत एक विशेष अशोक सभा आयोजित की गई। जिसमें जीवन और मृत्यु के अर्थ पर आध्यात्मिक दृष्टि से चिंतन हुआ। यह सभा भारती को समर्पित रही, जिनके जीवन और मृत्यु दोनों ने चेतना का गहरा संदेश दिया।

शनिवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आर्ट ऑफ डाइंग की अशोक सभा के कार्यक्रम की शुरुआत मौन ध्यान और भजन आनंद आयो रे से हुई वहीं भजन जिसे भारती ने अंतिम समय तक गाया था। आध्यात्मिक गुरु मास्टर ने कहा कि भारती ने दिखाया कि जब चेतना जाग्रत होती है। तब मृत्यु भी प्रसाद बन जाती है। 70 प्रतिशत शरीर जल जाने के बावजूद वह मुस्कुराती रहीं यही सच्ची आर्ट ऑफ डाइंग है। सभा में अशोक रहना तेरा धर्म है की पंक्तियां गूंजती रहीं, जो गीता के संदेश न जन्म है, न मृत्यु है को साकार करती रहीं। मास्टर ने कहा जब हम मेरा से मुक्त होते हैं, तभी भगवान के स्वरूप को पहचानते हैं। इस अशोक सभा ने मृत्यु को दुख नहीं, बल्कि चेतना के रूपांतरण के रूप में देखने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम | सरदार बल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती समारोह को लेकर भाजपा कार्यालय पर हुई योजना बैठक

## लौह पुरुष की जयंती पर दिया जाएगा एकता और राष्ट्र निर्माण का संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भाजपा महानगर और जिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सरदार बल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती समारोह मनाने के उपलक्ष्य में शनिवार को बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर योजना बैठक हुई।

भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने बताया कि लौह पुरुष की 150 वीं जन्म जयंती वर्ष पर देशभर में 31 अक्टूबर से 6 दिसंबर तक में ''एकता और राष्ट्र निर्माण'' के संदेश के साथ तीन प्रकार की सरदार डेढ़ सौ यूनिटी मार्च पदयात्रा व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन तीन चरणों में संपन्न होगा।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सभी विधानसभाओं में 1 नवंबर से 25 नवंबर के मध्य 8 किलोमीटर की पदयात्रा होगी। युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारियों में से पांच-पांच युवा प्रतिनिधि बस द्वारा गुजरात के करमसद में सरदार पटेल की जन्मभूमि पर पहुंचेंगे। यह यात्रा गुजरात में आयोजित होगी।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 31 अक्टूबर को जिले के सभी बूथों पर सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। उसी दिन स्कूल कॉलेज एवं विवि में रन फॉर यूनिटी होगी। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। 1 नवंबर से 7 नवंबर के मध्य स्कूल कॉलेज, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, मेडिकल कॉलेज, मैनेजमेंट कॉलेज, इत्यादि प्रोफेशनल कॉलेज में सरदार पटेल के संदर्भ में निबंध प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। यह अभियान युवाओं में एकता, देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करने का माध्यम बनेगा।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल व महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने संयुक्त रूप से की। संचालन जिला मंत्री चकित चौधरी ने किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, जिपं अध्यक्ष डॉ शेफाली चौहान, एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त व गोपाल अंजान, सहकारी बैंक के अध्यक्ष विजय भान सिंह, पूर्व सांसद वीर सिंह, पूर्व विधायक राजेश चुन्नू, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह व डॉ. नवदीप यादव, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जायसवाल, परमेश्वर लाल सैनी, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, चंद्रपाल सैनी, कमल प्रजापति, महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, सर्वेश पटेल, चौधरी हुकुम सिंह, नवीन चौधरी, नवदीप टंडन, राजपाल सिंह चौहान, हेमराज सैनी विशाल त्यागी, आदित्य सांख्यधर, संजय शर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा, दिनेश सिसौदिया, सुरेंद्र विश्नोई, शम्मी भटनागर आदि उपस्थित रहे।




पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया।

### ' रन फॉर यूनिटी' में जनप्रतिनिधि समेत कई लोग होंगे शामिल

उन्होंने बताया कि 31 अक्तूबर को होने वाली ' 'रन फॉर यूनिटी' ' में जनप्रतिनिधियों के साथ–साथ खिलाड़ी, युवा, महिलाएं, व्यापारी, किसान, मजदूर, शिक्षक, अधिवक्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को सुदृढ़ करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### पेड़ से लाउडस्पीकर उतार रहे युवक की गिरकर मौत

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** हादसा गांव नरऊ पसा में हुआ। जहां झंडू (22) पुत्र कस्तूरी सिंह ने शुक्रवार देर शाम गांव के बाहर बने देवस्थान पर खड़े पेड़ पर लाउडस्पीकर बांधा था। जो खराब हो गया था। झंडू लाउडस्पीकर उतारने पेड़ पर चढ़े थे। इसी दौरान वह पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गए। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां देर रात युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस की बिना कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया।

### कब्रिस्तान में मिला शव नहीं हो सकी पहचान

**बदायूं, अमृत विचार :** शनिवार सुबह खेत पर जा रहे ग्रामीणों ने फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव भूड़ के कब्रिस्तान में एक शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची। मौजूद लोगों के अलावा गांव के आसपास के गांवों के ग्रामीणों से मृतक के बारे में जानकारी की लेकिन कुछ पता नहीं चला। क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा है। किसी का कहना है कि व्यक्ति की मौत ठंड से हुई तो कोई विषाक्त पदार्थ खाकर जान देने का अंदेशा लगा रहा है।

# हाईवे पर ट्रक के पहिए के नीचे आकर बुजुर्ग किसान की मौत

## बिलारी में ट्रक की टक्कर लगने से बैलेंस बिगड़ने पर हुई सड़क दुर्घटना

संवाददाता, बिलारी

- कोतवाली प्रभारी ने ट्रक कब्जे में लेकर ड्राइवर को हिरासत में लिया
- बेटे की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा



चालक को ट्रक से उतरवाती पुलिस। ● अमृत विचार



मटरू खान।

**अमृत विचार :** शनिवार की अपराह्न बिलारी में हाईवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक पर बैठे बुजुर्ग किसान का बैलेंस बिगड़ने से वह ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देख मौके पर भीड़ बढ़ गई । सूचना पर तुरंत ही कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मौके पर पहुंचे तब उन्होंने ट्रक चालक को हिरासत में लिया और ट्रक को धक्का मरवा कर पहियों के नीचे फंसे शव को बाहर निकाला। जिसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया गया वहीं देर शाम बाइक चला रहे बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक और ट्रक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव तेवर खास निवासी मटरू खान पुत्र भोलू खान(60) शनिवार की दोपहर संभल जिले के थाना बनियाठेर में बेटी की ससुराल में किसी दफन में शामिल होने गए थे। दोपहर बाद वह बेटे तस्लीम के साथ बाइक से घर के लिए निकले जैसे ही वह बिलारी में रोडवेज से आगे पहुंचे तो जाम के बीच पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होने से वह गिरकर ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गए और ट्रक का पहिया उनके सर पर चढ़ गया।

हादसा होते ही आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंच गए और ट्रक को घेर लिया जाम होने की वजह से ट्रक चालक ट्रक को लेकर भाग नहीं सका तत्काल ही सूचना पर कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मलिक मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने ट्रक चालक को कब्जे में लेकर राहगीरों और पुलिस की मदद से ट्रक को धक्का देकर पीछे किया।

## दो पक्ष भिड़े महिलाओं समेत आठ लोग घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते जरीफनगर थाना क्षेत्र के दो गांवों के लोगों में विवाद हो गया। दोनों पक्ष में लाठी-डंडे चले। चार महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है। जहां सभी का इलाज चल रहा है।

मामला जरीफनगर क्षेत्र के गांव शेखूपुर व समसपुर कूबरी का है। बताया जा रहा है कि तीन महीने पहले समसपुर कूबरी निवासी युवक शेखूपुर की किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया था। दोनों ने शादी कर ली थी। जिसके बाद से दोनों गांव के लोगों के बीच रंजिश चल रही थी। शुक्रवार को युवती पक्ष के लोग गांव से दहगवां की बाजार जा रहे थे। रास्ते में दूसरा पक्ष मिल गया। दोनों में कहासुनी और फिर मारपीट शुरू हो गई। लाठी-डंडे चलते रहे। घटना में शेखूपुर निवासी जगवती, भगवान दास, ममता व मुन्नी और दूसरे पक्ष की फूलवती, राजवीर, अनिल सिंह और प्रमोद घायल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची।

## समस्याओं को लेकर वित्त व लेखाधिकारी से मिले शिक्षक



वित्त एवं लेखाधिकारी को ज्ञापन देता प्रतिनिधि मंडल। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

- प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों से संबंधित कई समस्याओं पर की चर्चा

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज शर्मा के नेतृत्व में आज वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) मुरादाबाद से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों से संबंधित कई महत्वपूर्ण समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में जिन प्रमुख मुद्दों पर वार्ता हुई, उनमें अंतर्जनपदीय स्थानांतरण से आए शिक्षकों के एरियर, उपस्थिति लॉक न कर पाने वाले शिक्षकों के एरियर, डी.ए. डिफरेंस 2% (53% से 55%) के एरियर, चयन वेतनमान एरियर, तथा 2024-2025 का बोनस भुगतान शामिल रहे। इन सभी विषयों पर लेखाधिकारी ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा ताकि किसी शिक्षक को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, डॉ. कपिल सिरोही, उपेंद्र सिंह, अनिल कुमार, राकेश कौशिक, वीर सिंह, इकमान अली, त्रिवेंद्र कुमार, हिमांशु वशिष्ठ, सुमित सिंह, सुख स्वरूप गुप्ता, देवेश चक्रवर्ती और उस्मान आरिफ सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गणित को मनोरंजक बनाने के लिए प्रेरित किया

संवाददाता, कांठ



प्रदर्शनी में मॉडल प्रस्तुत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

- गणित प्रदर्शनी में शिक्षकों ने दिखाए नवाचार मॉडल

**अमृत विचार:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ में आयोजित गणित प्रदर्शनी में शिक्षकों ने नवाचार मॉडल दिखाकर गणित को जटिल से सरल और मनोरंजक बनाने के लिए प्रेरित किया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ में शनिवार को गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नोडल एवं प्रभारी डॉ. सुनील कुमार ने प्रदर्शनी की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि गणित को व्यावहारिक रूप से समझने और शिक्षण प्रक्रिया को रोचक बनाने के उद्देश्य से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में संभल एवं मुरादाबाद से जुड़े गणित शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए मॉडल, चार्ट और गतिविधियों ने उपस्थित सभी को अपने मॉडल से आकर्षित कर उनकी विशेषता बताई। गणित की जटिल अवधारणा को सरल और मनोरंजन ढंग से समझने के नए तरीकों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में जनपद मुरादाबाद में प्रथम स्थान पर रोजी विकासखंड बिलारी द्वितीय स्थान पर पारुल वाजपेई विकासखंड बिलारी तृतीय स्थान पर योगिता छजलैट ने प्राप्त किया।

जनपद संभल में प्रथम स्थान प्रियंका रस्तोगी विकासखंड बनिया खेड़ा, द्वितीय स्थान सविता रानी विकासखंड बनिया खेड़ा तृतीय स्थान खुशबू अग्रवाल संभल ने प्राप्त किया।

अंत में डायल के प्रवक्ता डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. स्नेह लता राव, डॉ. नेहा इकबाल एवं मॉडल प्रवक्ता कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुनील कुमार ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

## गैस रिफिलिंग करते समय कार बनी आग का गोला

**बदायूं, अमृत विचार :** शनिवार सुबह लगभग 8 बजे हजरतपुर थाना क्षेत्र के कस्बा में गांव चितरी निवासी व्यक्ति ईको कार के सिलेंडर में रिफिलिंग करा रहे थे। गैस डालने के दौरान कार में अचानक आग लग गई। पास में मौजूद लोग दूर भाग खड़े हो गए और नजारा देखते रहे। ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाई।

पानी और मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया। आग से कार पूरी तरह जल गई। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में अवैध रूप से रिफिलिंग का काम चलता है। हजरतपुर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शहर में कई स्थानों पर अवैध रूप से वाहनों के सिलेंडर में गैस भरी जा रही है। तहसील और कस्बों में भी यह काम तेजी से हो रहा है। सहसवान के नगर में नवादा, अकबराबाद, शाहबाजपुर, विल्सनगंज, हरदतपुर आदि पर गैस रीफलिंग चल रही है। घरेलू गैस सिलेंडर से वाहनों में गैस भरी जाती है।

## कीटनाशक प्रयोग वाले खेतों में कम मिला कीटों का प्रकोप

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा





गांव फैजुल्लागंज में खेती से संबंधित जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

- धान की फसल में रोग-कीट नियंत्रण को लेकर फील्ड डे में जुटे कृषि वैज्ञानिक

**अमृत विचार:** कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से फसल उत्पादन क्षमता बढ़ाने व नवीन कृषि तकनीक से उन्हें अवगत कराने के उद्देश्य से प्रक्षेत्र दिवस (फील्ड डे) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुक्रवार को ग्राम कमलापुरी व शनिवार को ग्राम फैजुल्लागंज व मैसूवाला में आयोजित हुआ।

कमलापुरी में किसान उज्ज्वल के खेत पर धान में फफूंदीनाशक (प्रोपिकोनाज़ोल) के प्रथम पंक्ति प्रदर्शन के तहत शीथ ब्लाइट रोग नियंत्रण हेतु प्रदर्शन किया गया। जिन खेतों में फफूंदीनाशक का प्रयोग किया गया उनमें अन्य खेतों की तुलना में शीथ ब्लाइट रोग का असर काफी कम रहा तथा बेहतर उत्पादन की संभावना जताई गई। वहीं ग्राम फैजुल्लागंज व मैसूवाला में क्रमशः किसान अशोक कुमार व महिला कृषक स्वाति के खेतों पर कीटनाशकों (आइसोसायक्लोसेरम एवं पायोमैट्रोजिन) के प्रभाव का प्रदर्शन किया गया। जिन खेतों में कीटनाशक का प्रयोग किया गया, वहां अन्य खेतों की अपेक्षा कीट व्याधि का प्रकोप कम मिला। किसानों ने धान की फसल का अवलोकन कर नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

### सहफसली खेती की जानकारी दी

कृषि विज्ञान केंद्र के पौध संरक्षण वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को रबी फसलों के बीज शोधन के महत्व, शरदकालीन गन्ने की बुवाई तथा गन्ने में सहफसली खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. रवींद्र कुमार ने किसानों को बेहतर उत्पादन हेतु शुभकामनाएं दीं और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में राकेश, हरिओम, यसराम शर्मा, ओमप्रकाश, जमुना सैनी, मगन देई, अशोक कुमार, राजीव, भारत सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान, कर्मचारी पुष्पराज यादव व संदीप कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने डॉ. दिनेश

संवाददाता,ठाकुरद्वारा





अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा कार फूल मालाओं से स्वागत करते शिक्षक।

- ऑल इंडिया टीचर्स फेडरेशन की बैठक में सर्वसम्मति से चयन

**अमृत विचार :** कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में हुई ऑल इंडिया टीचर्स फेडरेशन की बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष और ठाकुरद्वारा के ब्लॉक मंत्री त्रिवेंद्र कुमार को राष्ट्रीय सचिव चुना गया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता के फैसले के विरोध में यह बैठक आयोजित की गई। डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षक इस फैसले के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि 21 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर के शिक्षक विशाल धरना देंगे। मांडलिक मंत्री सर्वेश शर्मा ने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि इससे संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा 26 अक्टूबर को शाम 4 बजे होटल ड्राइव इन 24, दिल्ली रोड मुरादाबाद में शिक्षकों से आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे। बैठक में सर्वेश शर्मा, वीर सिंह, अनुज चौहान, विशाल चौधरी समेत देशभर से हजारों शिक्षक मौजूद रहे।

## आतिशबाजी से पालतू पशु नॉइज एंजाइटी की चपेट में आए

**बरेली, अमृत विचार :** आतिशबाजी के चलते पालतू पशुओं में मानसिक तनाव की समस्या बढ़ी है। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई ) के रेफरल वेटरनरी पॉली क्लिनिक में ऐसे पशु पहुंच रहे हैं। इसमें पालतू कुत्तों और बिल्लियों की संख्या अधिक है। वैज्ञानिकों के अनुसार तेज धमाकों और लगातार चलने वाले पटाखों की आवाजों से पशुओं में "नॉइज एंजाइटी" यानी शोर से उत्पन्न मानसिक तनाव की समस्या तेजी से बढ़ी है। दो दिनों में ऐसे दो दर्जन से अधिक अधिक मामले पहुंचे हैं।

वैज्ञानिकों के अनुसार दिवाली के चार दिनों में कई पालतू पशुओं का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। सामान्य रूप से चंचल और सक्रिय रहने वाले कुत्ते-बिल्लियां खाना छोड़कर कोनों में दुबक गए। कुछ मामलों में पशुओं में कांपना, तेज सांस लेना, भौंकना या गुर्राना जैसे लक्षण दिखाई दिए। वैज्ञानिकों ने बताया कि तेज आवाज के कारण उनके हृदय की गति और रक्तचाप बढ़ जाता है, जिससे वे तनावग्रस्त हो जाते हैं।

## एक ही रात में दो घरों में चोरी बकरियां और भैंस खोल ले गए चोर

संवाददाता, छजलैट



दीवार में चोरों द्वारा लगाई गई सेंध।

**अमृत विचार:** थाना छजलैट क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने फूलपुर मिठनपुर गांव में दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

पहली घटना में गांव निवासी राजकुमार पुत्र रामकुमार के घर की दीवार काटकर अज्ञात चोर आठ बकरियां चोरी कर ले गए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो घर का मंजर देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिस पर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

इसी रात गांव के ही वीरू पुत्र शिवचरण के घर से भी एक भैंस चोरी हो गई। सुबह उठने पर जब परिवार ने देखा कि भैंस बाड़े में नहीं है, तो गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आसपास तलाश की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला।

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने और चोर पकड़ने की मांग की है।

**भैंस चोर गिरफ्तार, जेल भेजा:** शनिवार को भोजपुर थाने के उप निरीक्षक विपिन कुमार ने गांव लालुवाला निवासी पशु चोर शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद आरोपी का चालान कर दिया।

आरोपी के खिलाफ गांव सरदार नगर निवासी भूरा ने घर के आंगन में बंधी भैंस चोरी करने के आरोप में केस दर्ज कराया था।

### हिंदू इंटर कॉलेज से इनवर्टर चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनुज कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक दिवाली की छुट्टी होने के कारण कॉलेज बंद था। इसी बीच कक्ष संख्या एक में रखा एक इनवर्टर व दो बैटरी अज्ञात चोर चुरा ले गए। 24 को कॉलेज खुलने पर घटना की जानकारी मिली। वहीं पुलिस ने जांच करने के बाद शक जताया है कि यह काम किसी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों द्वारा किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो.7906815587

सूचना
मैंने अपना नाम MOHAMMAD DANIYAAL ADIL से बदलकर MOHAMMAD DANIYAL ADIL रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। MOHAMMAD DANIYAL ADIL S/O GULZAR ADIL R/O SEEDI SARAI मुरादाबाद।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Mohammad Rashid से बदलकर नया नाम Rashid Husain s/o Sabir निवासी सलेमपुर नवादा पोस्ट चौधरपुर अमरोहा रख लिया है। भविष्य में मुझे नए नाम से जाना पहचाना जाए।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो महिला की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज कोतवाली क्षेत्र में एक ऑटो अचानक पलट गया। हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शनिवार को महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया।

शुक्रवार दोपहर लगभग तीन बजे एक ऑटो सवारियां लेकर दातागंज जा रहा था। समरेर और धरेली के बीच ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो के नीचे दबकर गांव नूरपुर निवासी 75 साल की लीलावती समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। बरेली के निजी अस्पताल में लीलावती ने दम तोड़ दिया। बाकी दोनों घायलों का बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। जहां परिजनों ने बताया कि महिला अपने घर से मायके जा रही थी कि रास्ते में हादसा हो गया।

## यात्री पुरुष...टिकट पर महिला अंकित, ट्रेन से उतारा

बरेली कार्यालय

- टीटीई ने यात्री को शाहजहांपुर में जीआरपी के हवाले किया
- यात्री ने लखनऊ में रेलवे आरक्षण केंद्र से लिया था टिकट



**अमृत विचार :** रेलवे आरक्षण केंद्र पर हुई एक छोटी सी गलती ने एक यात्री के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी। ट्रेन के अंदर शुक्रवार को एक पुरुष यात्री को उस समय परेशानी झेलनी पड़ी, जब उसके रिजर्वेशन टिकट पर लिंग के स्थान पर महिला प्रिंट हो गया। ट्रेन में चेकिंग के दौरान यह बात सामने आने पर टीटीई ने टिकट को संदिग्ध मानते हुए यात्री को जीआरपी के हवाले कर दिया।

अयोध्या निवासी दुर्गेश चौरसिया शुक्रवार को लखनऊ से रेलवे आरक्षण केंद्र से टिकट लेकर मुजफ्फरनगर जाने के लिए 14241 नौचंदी एक्सप्रेस में सवार हुए। इनका पीएनआर नंबर 2144256119 था। टीटीई की ओर से टिकट जांचने पर उन्होंने बताया कि उनके पास वेटिंग का टिकट है, इसी आधार पर कोई सीट उन्हें आवंटित कर दी जाए। जब टीटीई ने टिकट देखा तो नाम पुरुष का और लिंग महिला दर्ज देखकर शक हुआ। पूछताछ के दौरान दुर्गेश चौरसिया ने पहचान पत्र दिखाया, पर टीटीई ने टिकट में गड़बड़ी का हवाला देते हुए उन्हें शाहजहांपुर स्टेशन पर जीआरपी के हवाले कर दिया। दुर्गेश का आरोप है कि जीआरपी थाने में उनके साथ बदसलूकी की गई। रेल मदद एप पर दुर्गेश की ओर से शिकायत करने पर फीडबैक में रिप्लाई आया कि आपके द्वारा दिखाए गए टिकट की सीट दुर्गेश चौरसिया के नाम पर आरक्षित है, जो एक महिला है, जबकि आप पुरुष हैं। मामले की जानकारी होने पर उन्होंने संबंधित के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया।

## ई-रिक्शाओं की भरमार, जाम के झाम से लोग परेशान

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा



बाजार गंज में ई-रिक्शाओं के कारण लगा जाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर में ई-रिक्शा की संख्या में बढ़ोतरी होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। रोजाना व्यस्त बाजारों में ई-रिक्शा के कारण जाम लगना आम बात हो गई है। जाम में फंसकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसमे पूरा नगर जाम की जद में है। इसका मुख्य कारण ई-रिक्शा का बेतरतीब संचालन माना जा रहा है।

नगर में काफी संख्या में ई-रिक्शा का संचालन होने से कदीर तिराहा, बड़ा बाजार, बाजार, गंज मेन मार्केट सहित अन्य बाजारों में रोजाना जाम लगना आम बात हो गई। जाम में फंसकर नागरिकों को खुलने का इंतजाम करना पड़ता है। इससे परेशानी के साथ-साथ समय भी बर्बाद होता है। चालक अपने ई-रिक्शा को बेतरतीब ढंग से चलाते हैं, जो जाम का कारण बनता है। जाम लगने पर दूर-दूर तक दोनों ओर ई-रिक्शा ही नजर आते हैं। वही ई-रिक्शा चालक अपनी मनमानी करते हुए बाजार में भीड़ अधिक होने पर जाम का कारण बनते हैं जिसमे राहगीर जाम के फंसकर परेशान हो रहे हैं। जिसपर कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### समाधान दिवस में मिलीं मात्र 2 शिकायतें

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में थाना टांडा में आयोजित थाना समाधान दिवस में मात्र 2 शिकायतें मिलीं। शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। पूर्व शिकायतों की समीक्षा में पाया कि एक शिकायतकर्ता द्वारा एक ही प्रकरण में दो बार शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के गुणवत्तापरक निस्तारण में कमी पाए जाने पर तत्काल टीम को मौके पर भेजकर प्रभावी एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त आपसी विवाद, भूमि विवाद एवं राजस्व संबंधी शिकायतों का निस्तारण दोनों पक्षों की उपस्थिति में गुणवत्तापरक, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से तय किया जाए।

### सिविल लाइंस क्षेत्र में बंद रहेगी बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता प्रथम पीके शर्मा ने बताया कि 26 अक्टूबर को सिविल लाइंस उपकेंद्र के तहत रोशन बाग फीडर पर गंदा कुआं स्थित 400 केवीए ट्रांसफॉर्मर शिफ्टिंग का कार्य होना प्रस्तावित है। जिसके तहत रोशन बाग के कुछ क्षेत्र जैसे कि एकता विहार, प्रीती नर्सिंग होम के पीछे, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, 3 एफएस मार्केट, शिवी सिनेमा, गंगापुर, कॉपरेटिव बैंक कॉलोनी, फूड प्लाजा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे बंद रहेगी। इसके अलावा सुबह 10 बजे से 2 बजे तक पोल शिफ्टिंग के लिए सिविल लाइंस उपकेंद्र से निर्गत टाउन फीडर बंद रहेगा। इसके तहत फैजुल्लानगर, मोदी स्कूल, ओपल होटल, रेडियो स्टेशन, गुप्ता पेट्रोल पंप, पेप्सी गोदाम क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

### सरकारी संपत्ति की चोरी कर रहा एक आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना क्षेत्र के चपटा कालोनी निवासी कालोनी शाहनवाज को जल निगम की दो एल्बो करीब 35 से 40 किलोग्राम लोहे की चोरी कर अपने कंधे पर उठाकर ले जाते हुए लोगों ने पकड़ लिया। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस उसको थाने ले आई। तहरीर के आधार पर थाना गंज पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### साइबर अपराध से बचाव के प्रति किया जागरूक

**स्वार, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ग्राम पैगंबरपुर में आयोजित रामलीला में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा महिलाओं, बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, 1930 साइबर क्राइम, 1090 वूमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन के बारे में बताया। 108 एंबुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडेय द्वारा आमजन को सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया।

# अशिक्षित बच्चों का जीवन होता है अंधकारमय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मडैयान पीपला में तुरैहा मछुआ समाज की बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा।

- तुरैहा मछुआ समाज की शनिवार को ग्राम मंडैयान पीपला में हुई बैठक

**अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज के तत्वावधान में शनिवार को ग्राम मंडैयान पीपला में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने भगवान श्रीराम के परम मित्र महाराज निषाद राज के नाम से पार्क एक मार्ग का नाम की मांग की। समाज के लोगों से अपने बच्चों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। कहा कि अशिक्षित बच्चों का जीवन अंधकारमय है।

तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष ने कहा कि नगर विधायक आकाश सक्सेना से मुलाकात की जाएगी। भगवान श्रीराम के नाम से ज्वाला नगर में चौराहे का नाम श्रीराम चौक रखा गया है। उसके साथ ही महाराजा निषाद राज का नाम निषाद मार्ग रखा जाए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि महाराजा निषाद राज जयंती 5 अप्रैल को मनाई जाती है। पूर्व की भांति उसका भी अवकाश घोषित हो। समाज के लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बगैर शिक्षा के बच्चों का जीवन अंधकार में है। उन्होंने समाज के लोगों से पंचायत चुनाव में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की समाज के लोगों से अपील की और साथ ही आपस में गुटबाजी खत्म करने की अपील की। कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर कमेटी का गठन 80 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा कमेटियां बनाई जा रही हैं। समाज का शीघ्र ही महिला संगठन, युवा संगठन तैयार किया जा रहा है। समाज के लोगों से अपील की है कि अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाएं चाहे एक रोटी कम खाएं। इस मौके पर मदनलाल, मुरारी लाल, अर्जुन कुमार, कृपाल सिंह, प्रीतम सिंह, डॉ. रामचंद्र, राधेश्याम, धर्म सिंह, केवल सिंह, जगदीश कुमार, संजय कुमार, बसंत कुमार, अरविंद कुमार, चंद्रपाल, रवि कुमार आदि लोग मौजूद थे। संचालन राम सिंह तुरैहा ने किया।

### सोमवार को ढलते सूर्य और मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देंगी महिलाएं

# खरना आज, घाटों की सफाई कर रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



रजा टैक्सटाइल्स में घाट की सफाई करते लोग।



सफाई करता युवक।

**अमृत विचार:** शनिवार से नहाय खाय के साथ चार दिनों तक चलने वाले छठ पर्व की शुरूआत हो गई। शाम को महिलाएं खाना खाएंगी। रविवार को खरना होगा। सोमवार को ढलते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देखकर व्रत समाप्त होगा।

बिहार में मनाया जाने वाला महापर्व छठ शनिवार को पहले दिन नहाय-खाय से साथ शुरू हुआ। जिसमें शाम को महिलाओं ने पूजा करके खाना खाया। इस पर्व को लेकर पिछले दिनों से काफी तैयारियां चल रही थीं। घाटों और छठ मैया के स्थान को साफ करने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा इसमें महिलाओं से लेकर बच्चे तक नये कपड़े पहनते हैं। चार दिन चलने वाले इस पर्व में रविवार को खरना होगा। सोमवार को ढलते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देखकर व्रत समाप्त होगा। छठ पूजा में सूर्यदेव और छठी मैया की विशेष रूप से पूजा-आराधना की जाती है जिसमें उगते और डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत के नियमों का पालन करते हुए व्रत रखा जाता है।

#### छठ महापर्व पर युवा करते हैं आतिशबाजी

छठ महापर्व के मौके पर युवाओं द्वारा जमकर आतिशबाजी की जाती है। इस दौरान मंदिरों में छठ मैया के भजन भी गाए जाते हैं। महिलाएं पूजा के सामान से लेकर अन्य सामान तक की खरीदारी कर रही हैं। ताकि पूजा के दिन तक सारा सामान एकत्र हो गए।

# 76 करोड़ के बजट को मिली हरी झंडी

### जिपं बैठक : बोर्ड से नदारद रहने वाले अधिकारियों की शासन को जाएगी रिपोर्ट, खाद के मुद्दे पर सदस्य नाराज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में बोलते सदस्य मुस्तफा हुसैन।

**अमृत विचार :** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 76,53,36,325 करोड़ रुपये के बजट को हरी झंडी मिल गई। 71,10,60,000 रुपये से विकास कार्य कराए जाएंगे। जबकि बकाया रकम से चिकित्सा प्रतिपूर्ति, मेला, प्रदर्शनी और पेंशन आनुतोषिक के भुगतान होंगे। खाद की कमी और जिला योजना समिति की बैठक नहीं होने पर कई सदस्य बिफर गए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड की बैठक में शामिल नहीं होने वाले अधिकारियों के विरुद्ध शासन को लिखा जाएगा।

जिला पंचायत सभागार में शनिवार की दोपहर जिला पंचायत बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में जिले के विकास के लिए 76 करोड़ रुपये का बजट मिनटों में सर्वसम्मति से पारित हो गया। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि किसानों को एनपीके और डीएपी नहीं मिल रहा है जिसके कारण किसानों को काफी परेशानी हो रही है। इसके अलावा उन्होंने जिला योजना समिति की बैठक नहीं होने का भी मुद्दा उठाया। कहा कि चार वर्ष से जिला योजना समिति की बैठक नहीं हुई है। जिला पंचायत सदस्य अमरजीत सिंह ने भी खाद की कालाबाजारी का मुद्दा उठाया और क्षेत्र के विकास के लिए अपने सुझाव दिए। जिला पंचायत सदस्य टेक चंद्र गंगवार ने रठौंडा मंदिर के पास द्वारों के निर्माण कराने की मांग की। बैठक में जिला पंचायत अधिनियम 1961 के अधीन समस्त विभागों की प्रगति पर चर्चा हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट के अनुमोदन पर विचार किया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये प्राप्त होने वाले अनुदान की धनराशि के अन्तर्गत षटम राज्य वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग के अन्तर्गत सदस्यों से प्राप्त प्रस्तावों की कार्ययोजना को पास किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां वित्त आयोग टाइड फंड/अनटाइड फंड की संशोधित कार्ययोजना का भी अनुमोदन हुआ। अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी ने सदस्यों के मध्य प्रस्ताव रखा कि आईजीआरएस पोटर्ल तथा याचिका समिति तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त निर्माण कार्य करवाएं जाएं। जिसका सभी सदस्यों ने विरोध किया और प्रस्ताव को खारिज कर दिया। विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश 2047 के सम्बन्ध में मांगे गए सुझावों पर सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर कर सहमति दी। संचालन अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी ने किया।

#### बैठक में यह रहे शामिल

हंसराज पप्पू, तरमीम जहां, अता उर रहमान, अमर जीत सिंह, खलील अंसारी, विमला रानी, खलील अहमद, रियासत अली, आसमां, देवेंद्र सिंह चौधरी, मुस्तफा हुसैन, फूल जहां, कृष्ण अवतार लोधी, इम्तियाज हुसैन चिंटू, तसलीम अहमद, शमा बेगम, अब्दुल अजीज, नुसरत बेग, मीरा सिंह, मनोज कुमार सिंह, हरज्ञान सिंह यादव, संजय सिंह यादव, मिथलेश, टेकचंद, नाजरीन, अंजू पटेल, कुंदनवती।

#### यह अधिकारी बैठक में रहे अनुपस्थित

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, नलकूप विभाग, जिला विकलांग कल्याण अधिकारी, दुग्ध विकास अधिकारी, जिला सहायक निबंधक डॉ. गणेश गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमार, जिला गन्ना अधिकारी शैलेश मौर्य, डीएफओ, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, खनन अधिकारी।

> जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में नहीं आने वाले स्वास्थ्य, विद्युत व सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के खिलाफ शासन को लिखा जाएगा। रठौंडा सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्यों के प्रस्तावों पर विकास कार्य कराए जायेंगे।
>
> – **ख्यालीराम लोधी**, जिला पंचायत अध्यक्ष

# ज्वालानगर में आर्य समाजियों ने निकाली प्रभात फेरी



प्रभात फेरी में शामिल लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आर्य समाज की ओर से ज्वालानगर में 150वें स्थापना वर्ष पर 27वां वेद महोत्सव मनाया गया। 21 कुंडीय वैदिक महायज्ञ के रूप में जन-जागरण कार्यक्रम हो रहे हैं। शनिवार को आर्य समाजियों ने प्रभात फेरी निकाली गई।

शनिवार को प्रभात फेरी आर्य एग्रीकल्चर स्टोर, पवन गली से प्रारंभ होने से पूर्व आर्य पुरोहित भारत सिंह आर्य द्वारा गायत्री मंत्र और जय घोष के साथ प्रारंभ हुई। प्रभात फेरी आर्य एग्रीकल्चर स्टोर से चलकर राम चौक, कृष्ण मंदिर चौराहे से कृष्ण विहार, न्यू कृष्ण विहार, बजरंग विहार होते हुए इंद्रप्रस्थ कॉलोनी की गलियों में घूमी। उसके बाद अजीतपुर चौराहे पर होकर विष्णु विहार की गलियों में घूमते हुए शिव विहार शिव मंदिर तथा शिव विहार की गलियों में होते हुए किटप्लाई फैक्ट्री के सामने होते हुए कृष्णा मंदिर पहुंची। उसके बाद राम चौक होते हुए पुनः आर्य एग्रीकल्चर स्टोर पर संपन्न हुई। प्रभात फेरी के अंत में प्रधान ओमवीर सिंह वैदिक ने सभी का आभार जताया। प्रभात फेरी में हरिदत्त कर्मठ, सत्य प्रकाश आर्य, भारत सिंह आर्य, रामकिशोर सिंह आर्य, सुरेंद्र कुमार गंगवार, राजवीर आर्य, ओमकार सिंह, सत्यवीर सिंह, अजेंद्र पाल सिंह, मोहन सिंह, चंद्रलेखा आर्य, ललिता देवी आर्य, मुन्नी देवी आर्य, चंद्र वर्मा, धर्मवती आर्य, हीरेश आर्य, रेखा देवी शामिल रहे। कार्यक्रम का निर्देशन प्रधान ओमवीर सिंह वैदिक द्वारा किया गया।

# एएसपी ने केमरी थाने का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



केमरी थाने का निरीक्षण करते एएसपी अनुराग सिंह।

**अमृत विचार:** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने शनिवार को थाना केमरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, सभी थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव को चेक किया।

इसके अलावा थाना कार्यालयों पर बने अपराध, त्योहार, मालखाना, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया। साथ ही थाना परिसरों में बने मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। महिला, साइबर अपराध से संबंधित प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को निर्देशित किया।

#### महिलाओं को किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शनिवार को प्रभारी महिला सुरक्षा दल द्वारा पंपलेट बांटे गए। महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय टीम के साथ थाना सिविल लाइंस में महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया। महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं, बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर बताए एवं साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताकर जागरूक किया। मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया। प्रभारी महिला सुरक्षा दल द्वारा के साथ महिलाओं बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। कहा कि प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नंबर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

### जागरूकता चौपाल में सरकारी योजनाएं बताईं

**रामपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज 5 महिला कल्याण विभाग द्वारा निर्गत मिशन शक्ति की कार्य योजना के अनुसार 3 नवंबर तक जागरूकता चौपाल आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या द्वारा ग्राम पंचायत आगापुर का मझरा में जागरूकता चौपाल लगाई गई। जिसमें चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर चर्चा करते कन्या सुमंगला, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना एवं चाइल्ड हेल्पलाइन तथा वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली तथा वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। 18 वर्ष से कम उम्र के बालक व बालिकाओं को यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने एवं अपनी बात रखने के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम रही।

## न्यूज डायरी

### पोस्टर प्रतियोगिता में मन्नत को मिला प्रथम स्थान




**रामपुर, अमृत विचार :** व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल में नमामि गंगे अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें कक्षा 8 से लेकर 12 के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा 12 की छात्रा मन्नत अरोड़ा ने पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में खुशी, अविका, तोशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नमामि गंगे अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, पौधरोपण का आयोजन किया। गंगा नदी को शुद्ध और स्वच्छ कैसे रखा जाए। बिंदुओं पर भी वार्तालाप भी की। जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने और नेपाल सिंह ने बच्चों के साथ नदियों की स्वच्छता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। साथ ही साथ प्रतिभागियों को शील्ड और मेडल प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य क्विनी फर्नांडिस ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर हेडमिस्ट्रेस बज्मी जहरा, नीता सक्सेना, ज्योति गिरोटी और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन शिप्रा अग्रवाल ने किया।

### अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया

**भोट, अमृत विचार :** शनिवार को भोट क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन की जेसीबी गरजी। एसडीएम कुमार गौरव ने कृषि भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार दोपहर नायब तहसीलदार देवेश पांडे के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम क्षेत्र के मिलक बिचौला गांव में पहुंची टीम ने कृषि भूमि में अनाधिकृत रूप से हो रही प्लाटिंग को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया। उपजिलाधिकारी कुमार गौरव ने बताया कि बिचौला गांव में कृषि भूमि से आवासीय में भी तब्दील किए बिना ही अनाधिकृत रूप से की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया है।

### प्रधान पति समेत चार पर रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी में ग्रामीण के साथ घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने प्रधान के पति समेत चार व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव मालनखेड़ा निवासी ओंमकार द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा है कि शुक्रवार को प्रधान के पति सूरजपाल, धर्मपाल, अमन उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। बीच बचाव करने आई बेटी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि पीड़ित की आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### लाइब्रेरी का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा मिशन शक्ति 5 के तहत विकास खंड स्वार स्थित ग्राम पंचायत रामनगर लतीफपुर में स्थापित पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पुस्तकालय ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, प्रेरणा और नई संभावनाओं का केंद्र बनेगा। यह पहल विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए सहायक सिद्ध होगी, जो संसाधनों के अभाव में अब तक अपनी प्रतिभा को पूर्ण रूप से विकसित नहीं कर पा रहे थे। पुस्तकालय में विविध विषयों की शैक्षिक, प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित, प्रेरणादायक पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपने अध्ययन को सशक्त बना सकेंगे। कहा कि यह परियोजना ग्रामीण शिक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा सामुदायिक विकास की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायक कदम है, जो मिशन शक्ति 5 के उद्देश्यों को साकार रूप प्रदान करती है। किताबें होती हैं, वहीं से सपनों की उड़ान शुरू होती है। इसी भावना के साथ लाइब्रेरी सपनों का खजाना ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और सशक्तिकरण की नई किरण लेकर आई है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सदस्य, शिक्षक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### पुलिस ने ऊधम सिंह नगर की सीमा पर छोड़ा जिला बदर

**पटवाई, अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम मथुरापुर कलां निवासी आरोपी सोनू का आपराधिक इतिहास है। उस पर थाने में मारपीट, गाली–गलौज, हत्या का प्रयास, धमकी देने, घर में घुसकर मारपीट करने और अवैध शस्त्र रखने जैसे कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। शिकायतों, उसके असामाजिक कृत्यों और क्षेत्र में भय एवं असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न करने के कारण पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद शनिवार से सोनू को छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया। आदेश के अनुपालन में थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को जनपद ऊधम सिंह नगर की सीमा में जाकर छोड़ दिया।

परेशानी | हाईवे किनारे स्थित सड़क का आज तक नहीं हुआ निर्माण

# बदहाल सीवर से जूझ रहे वार्ड 7 के लोग

**अमृत विचार अभियान**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बारिश के बाद से जर्जर सड़क।

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 7 के लोग कई वर्ष से सीवर की समस्या से जूझ रहे हैं। वार्ड में टूटे हुए स्लैब रात में लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। बिजली जाने के बाद राहगीर उनमें गिर जाते हैं। लोगों ने टूटे स्लैब के आसपास पत्थर और ईंटे रख दी हैं जिससे लोग टकरा कर अक्सर गिर जाते हैं। इनके अलावा लखनऊ-दिल्ली हाईवे के किनारे हैप्पी चड्ढा वाली गली का आज तक निर्माण नहीं हुआ है। बारिश में इस गली की हालत बदतर हो जाती है।

वार्ड सात की गंगापुर आवास विकास कालोनी, नूरमहल आवास विकास और पुरानी आवास विकास कालोनी में सीवर की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। नगर पालिका में अधिकारियों से शिकायत करने के बाद सीवर को साफ करने वाली मशीन आ जाती है। इसके बाद सीवर लाइन दो-चार दिन चलती है और उसके बाद फिर चोक हो जाती है। सीवर के चोक हो जाने से लोगों को काफी परेशानी होती है। इसके लिए पालिक अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है। अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा लेकिन, स्थिति जस की तस है। अमृत विचार ने लोगों से बातचीत की। लोगों ने बताया कि लंबे समय से सीवर की परेशानी से जूझ रहे हैं। सभासद से भी कई बार शिकायत की जा चुकी है। सभासद नगर पालिका फोन कर देती हैं और लाइन को साफ करने के लिए मशीन आ जाती है। इसके दो चार दिन बाद फिर वही समस्या उत्पन्न हो जाती है। सीवर लाइन को दुरुस्त कराने के लिए स्थाई हल होना चाहिए

#### वार्ड 7 की इन कालोनियों में है सीवर की समस्या

वार्ड 7 में नूरमहल आवास विकास कालोनी, गंगापुर आवास विकास कालोनी, पुरानी आवास विकास कालोनी। इसके अलावा वार्ड में वीआईपी कालोनी, फ्रेंड्स कालोनी और कोठी खासबाग शामिल हैं।



कई वर्ष से आवास विकास कालोनी के बाशिंदे सीवर की समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार नगर पालिका के अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। वहां से मशीन आ जाती है। – **निखिल गुप्ता**



नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा भेजी गई मशीन सीवर साफ कर देती है। लेकिन, इसके बाद फिर वही समस्या हो जाती है। नगर पालिका के अधिकारी इस समस्या का स्थाई समाधान निकालें। – **किशन भाटिया**



पुरानी आवास विकास कालोनी में लंबे समय से सीवर की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। नगर पालिका के अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन, स्थिति में कोई बदलाव नहीं है। – **चतुर सिंह भंडारी**



सीवर लाइन की समस्या को दूर कराने के लिए कई बार पालिका अधिकारियों को शिकायत पत्र दिया जा चुका है। लेकिन पालिका अधिकारी सीवर साफ करने के लिए मशीन भेज देते हैं। दो-चार दिन के बाद फिर वही समस्या आ जाती है। – **राजू शर्मा**

> वार्ड 7 में आवास विकास की तीनों कालोनियों में कई वर्ष से सीवर की समस्या है। इस बाबत बोर्ड की बैठक में भी कई बार मुद्दा उठाया जा चुका है। लेकिन, कोई सुनवाई नहीं है। हैप्पी चड्ढा वाली गली का बरसात में बुरा हाल हो जाता है वह कच्ची है।
>
> – **प्रीति शर्मा**, सभासद वार्ड 7

## न्यूज ब्रीफ



मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह से मुलाकात करते काशिफ खां।

### मंडलायुक्त से मिले ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह से मुलाकात की। मुरादाबाद स्थित आवास पर उन्हें दिवाली की बधाई दी। साथ ही रामपुर के इतिहास और संस्कृति पर बातचीत की। काशिफ खां ने मंडलायुक्त के सर सैयद डे पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधन की प्रशंसा की।

### वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

पटवाई, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पटवाई पुलिस ने डॉ. भीमराव आंबेडकर से संबंधित एआई द्वारा बनाए आपत्तिजनक वीडियो को इंस्टाग्राम पर प्रसारित कर समाज में वैमनस्य फैलाने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पवन राजपूत निवासी घनश्यामपुर थाना पटवाई का रहने वाला है। जिस पर मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया गया।

### प्रसव के दौरान नवजात की मौत, रिपोर्ट

सैफनी, अमृत विचार : किशनपुर गांव निवासी जीशान ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि उसने पत्नी सायमा को 13 अक्टूबर को प्रसव पीड़ा होने पर सैफनी में मैक्स हेल्थ केयर अस्पताल में भर्ती कराया था। भर्ती करते समय हॉस्पिटल के संचालकों ने नॉर्मल डिलीवरी करने की बात कही थी, लेकिन झोलाछाप शाम तक बोतल लगाते रहे इसी दौरान उसकी पत्नी की हालत बिगड़ने लगी तो झोलाछापों ने ऑपरेशन कर दिया। आरोप है कि प्रसव होने के 5 घंटे बाद ही नवजात की मौत हो गई। झोलाछाप ने चार दिन तक इलाज के नाम पर अपने यहां ही भर्ती रखा। हालत ज्यादा नाजुक होने पर उसने पत्नी का मुरादाबाद के अस्पताल में इलाज कराया। पीड़ित ने अस्पताल संचालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# लौह पुरुष को आदर्श मानती है भाजपा

## प्रभारी मंत्री ने दी सरदार पटेल की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: राहे रजा स्थित संत शिरोमणि दास गेस्ट हाउस में शनिवार दोपहर हुई पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय माय भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्राएं आयोजित कर रहा है। जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। कहा कि सरदार वल्लभ पटेल की 150वीं जयंती पर देश भर में कार्यक्रम आयोजित होंगे।

कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक सभी देश के इतिहास को याद करते हैं। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कहा कि भारत को एक करने वाले महापुरुष जिन्हें हम लौह पुरुष के नाम से भी जानते हैं, ऐसे आदर्श व्यक्तित्व को भाजपा अपना आदर्श मानती है। सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर होने वाले विभिन्न अभियानों के बारे में बताया कि 6 अक्टूबर 2025 को मंत्रालय ने सरदार @150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की। 6 अक्टूबर को केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस अभियान का डिजिटल आरंभ माई भारत पोर्टल पर किया। इसमें सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और सरदार 150 यंग लीडर्स प्रोग्राम शामिल हैं। इस दौरान सरदार 150 यंग लीडर्स प्रोग्राम के 150 विजेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने का मौका मिलेगा। 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक 152 किमी की पदयात्रा सरदार पटेल के जन्मस्थान से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया तक निकाली जाएगी। इस दौरान चौधरी राजा वर्मा, हरीश गंगवार, घनश्याम सिंह लोधी, ख्यालीराम लोधी, हंसराज पप्पू, मोहनलाल सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, दीक्षा गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, संजय चौधरी, रविंद्र सिंह रवि, मोहन लोधी, महेंद्र सैनी, प्रदीप गुप्ता, विक्रम सिंह, संजय यादव, देवेंद्र चौधरी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



पत्रकार वार्ता में बोलते प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर। ● अमृत विचार

- बोले, युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना और समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना उद्देश्य

### जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम

जिला स्तरीय पदयात्राएं 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक होगी। जिसमें हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में 3 दिन तक 8-10 किमी लंबी पदयात्रा होगी। पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों में माहौल बनाने के लिए स्कूल, कॉलेजों में अलग-अलग प्री ईवेंट गतिविधियां, जैसे कि निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, संस्थानों में स्वदेशी मेलों का आयोजन, गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाए जाएंगे।

### माफी मांगे आजम : राठौर

प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने आजम खां द्वारा दिये जलाने वाले बयान पर कहा कि ऐसे ही लोग आस्था पर प्रहार कर रहे हैं। आजम खां ने हिन्दू आस्था पर प्रहार किया है। ऐसे ही लोगों ने राम भक्तों पर गोली चलवाने का काम किया था। आजम खां को माफी मांगना चाहिए।

# सिखों ने निकाली प्रभातफेरी लोगों ने किया स्वागत

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : श्री गुरु नानक देव महाराज के 557वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समुदाय द्वारा तीसरे दिन भी प्रभात फेरी निकाली। जिसका संगत ने जगह-जगह स्वागत किया।

शनिवार को माटखेड़ा मार्ग स्थित गुरुद्वारा श्री सिंह सभा परिसर में सिख संगत एकत्र हुई। नित नेम का पाठ व अरदास के बाद निशान साहिब की अगुवाई में प्रभातफेरी प्रारंभ हुई। सबसे आगे प्यारा सिंह निशान साहिब लेकर चल रहे थे। साथ ही पीछे-पीछे संगत भजन-कीर्तन करती हुए चल रही थी। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर माटखेड़ा मार्ग स्थित बलवीर सिंह भिंडर के आवास पर पहुंची। जहां पर प्रभातफेरी के स्वागत के बाद जलपान कराया। इस दौरान जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयघोष से वातावरण गूंजायमान रहा। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान तीर्थ सिंह ने बताया कि प्रतिदिन प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। इस मौके पर स्वरूप सिंह, प्रीतम सिंह, कश्मीरा सिंह, केवल सिंह, हरभेज सिंह, परमजीत कौर पोला, बलविंदर कौर, मंदीप कौर, अमरजीत सिंह, मंजीत कौर, नरेंद्र कौर, सुखवीर कौर, प्रीतम सिंह, लखविंदर सिंह, नवीन सिंह आदि शामिल रहे।

### सिविल लाइंस क्षेत्र में घूमी प्रभात फेरी

रामपुर, अमृत विचार : श्री गुरु नानक देव के आगमन दिवस के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी गुरमीत सिंह वाली गली में गुरु नानक स्वीट हाउस से हरजीत सिंह के घर होते हुए रेलवे स्टेशन से रामपुर गुड्स ट्रांसपोर्ट गुरचरण सिंह के यहां पहुंची। बिस्मिल्लाह बिल्डिंग के निवासियों द्वारा प्रसाद का वितरण किया। प्रभात फेरी में निशान साहब को आगे लेकर चलने की सेवा इकबाल सिंह ने की। प्रभात फेरी में अमरजीत सिंह, हरीश अरोड़ा, संतोख सिंह खालसा, राज सिंह, ग्रंथि गुरमीत सिंह, गुलशन जुनेजा, त्रिलोचन सिंह, पारस अरोड़ा, मनोज अरोड़ा, रवैल सिंह रहे। महिलाओं में अमरजीत कौर, गुरमीत कौर, रविंदर कौर, कमलेश भाटिया रहीं।

### रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला

रामपुर, अमृत विचार: रंजिश के चलते कुछ लोगों ने युवक के ऊपर तमंचे के बल पर फायर कर दिया था। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव हरैटा निवासी मोहम्मद रफी अंसारी का कहना है। 17 सितंबर को शादी की खंडिया के पास खड़ा था। तभी वहां पर गांव के ही निजाम, जावेद, अयान, बेचा ने अधिवक्ता को रोककर उसके साथ गाली गलौज कर दी थी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसको लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने तमंचे से फायर कर दिया था। जिससे वह बाल-बाल बच गया था। उसने थाने में तहरीर दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। उसने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सुविधा शुल्क न देने पर वनकर्मी ने किसान को पीटा

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : लकड़ी मंडी में वन विभाग की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को उत्तराखंड के केलाखेड़ा निवासी किसान अपनी खेत की लकड़ी लेकर स्वार की लकड़ी मंडी पहुंचा था। आरोप है कि वहां मौजूद वन विभाग के कर्मचारियों ने उसे रोक लिया। किसान से सुविधा शुल्क के नाम पर रुपयों की मांग की। सुविधा शुल्क नहीं देने पर किसान की पिटाई की। रोता-बिलखता किसान वापस लौट गया।

किसान ने जब यह कहते हुए रुपये देने से इंकार कर दिया कि लकड़ी उसके खेत की है तो वनकर्मियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान मंडी में हंगामा मच गया। बताया जा रहा है कि पिटाई के बाद किसान रोता-बिलखता अपनी लकड़ी वापस लेकर लौट गया। किसानों ने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लकड़ी मंडी में रोजाना इस तरह की वसूली और अभद्रता की घटनाएं होती रहती हैं। किसानों का कहना है कि स्वार की लकड़ी मंडी पूरे क्षेत्र की सबसे बड़ी मंडी है, लेकिन वन कर्मियों की दबंगई के कारण किसान अब यहां आने से डरने लगे हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि लकड़ी मंडी में वन विभाग की वसूली और उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाई जाए। ताकि किसान बेखौफ होकर अपनी लकड़ी बेच सकें। सुविधा शुल्क की मांग करने पर दो सप्ताह पूर्व किसानों एवं लकड़ी कारोबारियों ने किसान से सुविधा शुल्क मांगने पर एक वनकर्मी की पिटाई कर दी थी। तब भी वन अधिकारियों ने वनकर्मी पर कोई कार्रवाई नहीं की थी।

### ग्राम समाज की भूमि पर खड़े 20 पेड़ काटे

भोट, अमृत विचार : ग्राम समाज की भूमि पर खड़े 20 पापुलर के पेड़ों को गांव निवासी छह लोगों ने काट लिया। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे हलका लेखपाल ने मौका मुआयना कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हलका लेखपाल भारत सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि क्षेत्र के बांसनगली गांव स्थित बंजर व ग्राम समाज की भूमि पर खड़े बीस पापुलर के पेड़ों को गांव निवासी आमिल अली, कामिल अली, जुल्फिकार अली, नब्बू अली, नासिर अली व नादिर अली द्वारा काटा गया है। 16 अक्टूबर को राजस्व निरीक्षक द्वारा भी गांव में मौके पर जाकर आरोपियों को भूमि के सरकारी होने की जानकारी देते हुए खुर्द-बुर्द न करने को कहा गया था। तहसीलदार सदर द्वारा आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के आदेश दिये जाने पर हलका लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# मारपीट के मामलों में 8 लोगों पर रिपोर्ट

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : रंजिश के चलते घर से खींचकर 4 सगे भाइयों को धारदार हथियारों और लाठी -डंडों से हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने छह को नामजद कर दो अज्ञात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली के गांव अब्बास नगर कोयली निवासी चंदन, राकेश, कमल, बंटी से रंजिश के चलते शुक्रवार रात गांव के कुछ लोगों ने अचानक घर पर हमला कर दिया। आरोपी तमंचे के बल पर घर में घुसे और चारों भाइयों को घर से बाहर खींच लाए और धारदार हथियारों एवं लाठी-डंडों से वार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया था। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों के भाई की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को गांव अब्बासनगर कोयली निवासी सतपाल, जसपाल, हरदेव, परवेश, राजू उसके बहनोई समेत दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, गांव पसियापुरा रसूलपुर निवासी रिजवान ने कोतवाली पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ताहिर और शाकिर को घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया।

- रंजिश में चार भाईयों को घर में घुसकर घायल किया

### छोटी का हालचाल पूछने आई बड़ी बहन को पीटा

स्वार, अमृत विचार : घायल बहन का हालचाल पूछने आई बड़ी बहन पर ससुराल पक्ष के लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दो दिन पहले मामूली बात को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों ने रुखसार के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। मामले में पुलिस ने पहले ही रुखसार की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को रुखसार की बड़ी बहन पिंकी पत्नी शकील निवासी गांव बरहैनी थाना बाजपुर उत्तराखंड अपनी बहन का हालचाल लेने स्वार आई थी। आरोप है कि इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते रुखसार की ननद साएमा और सीमा, निवासी गांव चांदपुर थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद और मोहल्ला चक स्वार फिरदौस उर्फ मुन्नी ने मिलकर पिंकी पर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीनों महिलाओं के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# सांसद नदवी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी के घाटमपुर स्थित कैंप कार्यालय लोग समस्याओं को लेकर पहुंचे। सांसद ने समस्याएं सुनीं और समस्याओं को शीघ्र निस्तारित कराने का लोगों को आश्वासन दिया।

समस्याएं सुनने के बाद शनिवार को सांसद ग्राम बजावाला में अख्तर प्रधान के भाई की मौत हो जाने पर उनके घर जाकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की। ग्राम खिजरपुर में शौकत का इंतकाल हो जाने पर उनके घर जाकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की। ग्राम इमरता में इशरत नेता की बेटी की शादी में शामिल हुए। तराई किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष साहब सिंह के घर जाकर उनकी मां का हाल जाना। बिलासपुर क्षेत्र के टांडा हुर्मतनगर पहुंचे जहां 2 दिन पहले टांडा हुरमतनगर नगर में अलाउद्दीन व उनकी पत्नी की रोड एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई थी उनके घर जाकर भी मरहूम कि मगफिरत की दुआ की। इस मौके पर महबूब अली पाशा, अथर अली खान, याकूब खान, हाफिज नूरी जावेद, नासिर शेख, जमील सैफी, अरशद अली, ओवैस खान, आसिफ अली, जुबैर अहमद रहे।



लोगों की समस्याएं सुनते सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी। ● अमृत विचार

### आवारा कुत्तों ने 20 लोगों को काट कर किया घायल

स्वार, अमृत विचार : आवारा कुत्तों ने नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में 20 लोगों पर हमला कर जख्मी कर दिया। चिकित्सक ने सभी को एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगाए।

आवारा कुत्तों ने हमला कर शनिवार को सीता रामपुर निवासी अनीस, मसवासी निवासी अकील, आरिश, काशिफा, महक, नगर निवासी गुलशाना, मासूख, महेंद्र, अंकित, खेड़ा टांडा निवासी नाजिल, गद्दी नगली निवासी रोशन लाल, नरपत नगर निवासी उमेर, सालवे नगर निवासी लखविन्द्र, धनौरी निवासी खुशी, अजीम नगर निवासी मोहम्मद रजा, खेमपुर निवासी मोहम्मद नाजिम, इमरता राय निवासी नक्शे अली, चाउपुरा निवासी शुभ, महाराजपुर निवासी जेहरुल निशा को काट कर जख्मी कर दिया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजीव चंदेल ने बताया कि लोगों को एंटी रेबीज इंजेक्शन देकर उपचार किया।

# कल्याण मंडप मार्ग से हटवाया अतिक्रमण

संवाददाता, दढ़ियाल

अमृत विचार : जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से नगर में बन रहे कल्याण मंडप और कल्याण पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बाजपुर मार्ग से कल्याण मंडप को जाने वाले मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा किए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। कुछ ही देर बाद राजस्व विभाग की टीम सक्रिय हो गई और अतिक्रमण को हटा दिया गया।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक विद्या मिश्र सागर और जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने नगर में बाजपुर-मुरादाबाद मार्ग पर जिला सहकारी समिति के पास बन रहे कल्याण मंडप और कल्याण पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कल्याण पुलिस चौकी का काम धीमी गति पर चलने पर नाराजगी जताई। बाजपुर मार्ग से कल्याण पुलिस चौकी के बराबर से कल्याण मंडप को जाने वाले रास्ते पर अतिक्रमण देखकर जिलाधिकारी नाराज हो गए। राजस्व विभाग की टीम को 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद राजस्व विभाग की टीम में अतिक्रमण को जेसीबी से हटवा दिया। जबकि पक्का मकान रास्ते में बाधा बन गया। राजस्व विभाग की टीम ने हटाने के लिए नोटिस दे दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर, कानून गो सोमपाल सिंह, लेखपाल नवीन कुमार, अशोक कुमार सहित राजस्व और पुलिस विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही।

- चौकी का निर्माण कार्य धीमा होने पर जताई नाराजगी

### कार्रवाई के दौरान डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत तहसील टांडा क्षेत्र में संपन्न हुई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सड़क मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का पुनः अतिक्रमण न होने पाए। कब्जा मुक्त कराए गए स्थलों पर सौंदर्यीकरण एवं यातायात सुगमीकरण के दृष्टिगत तत्काल आवश्यक कार्यवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान जनपद में स्वच्छता, सुव्यवस्था एवं जनसुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक एवं सतत प्रयास है। अभियान नागरिकों को सुगम यातायात एवं व्यवस्थित शहरी वातावरण प्रदान करने की प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### एसडीएम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर कराया सील

बिलासपुर, अमृत विचार : कंपाउडर के भरोसे नगर में चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी कर एसडीएम ने उसे सील करा दिया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि वह जांच कर कार्रवाई करें।

शनिवार दोपहर उप जिलाधिकारी अरूण कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ सीएचसी रोड स्थित मोहल्ला सिंह कॉलोनी में अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर पर छापेमारी की। एसडीएम की छापेमारी के दौरान मौके पर कोई भी प्रशिक्षित चिकित्सक नहीं मिला। महिला मरीजों ने बताया गया कि कंपाउडर के भरोसे ही अल्ट्रासाउंड किया जा रहा है। एसडीएम ने सेंटर के दस्तावेजों को कब्जे में किया और स्टाफ को बाहर निकलवाकर सील करवा दिया। एसडीएम ने बताया सेंटर पर मौजूद मरीजों से वसूले गए रुपये भी वापस कराए गए हैं। इस मौके पर डॉ. ओमपाल, डॉ. संजय सोलंकी आदि मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited from Indian/NRI/Foreign National Students for Admission to Ph.D. Programmes January 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management
- Faculty of Allied Health Sciences (Faculty of Paramedical Sciences) (Ph.D. in Medical Laboratory Technology/Physiotherapy)

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th November, 2025

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# दुष्कर्म मामले में कार्रवाई न होने पर भावाधस का प्रदर्शन

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : दलित लड़की के शोषण मामले में 20 दिन पूर्व दी तहरीर पर रिपोर्ट नहीं हुई। इस पर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के कार्यकर्ताओं ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि टांडा क्षेत्र के मोहल्ले की दलित लड़की पांच वर्ष से उत्तराखंड निवासी युवक के संपर्क में थी। युवक ने शारीरिक शोषण कर वीडियो वायरल कर दी। पीड़िता ने थाना टांडा में तहरीर दी लेकिन, पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। दीप सिंह राही ने कहा कि पीड़िता 20 दिन से न्याय के लिए चक्कर लगा रही है। प्रदर्शन में प्रदीप राजहंस, राकेश चौधरी, सोनू वाल्मीकि, अरुण, गुड्डु वाल्मीकि, संदीप, उमेश, संजय, शनि वाल्मीकि, रविंद्र, राहुल रहे। सीओ कीर्तिनिधि आनंद का कहना है कि मामला दर्ज है और जांच हो रही है।

### छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति 5 के तहत एनएसएस जन जागरूकता अभियान चलाया। प्राचार्य प्रो. जागृति मदान ढींगरा ने कहा कि डिजिटल सुविधा के साथ जोखिम भी बढ़े हैं, युवाओं को साइबर सुरक्षा की मूल बातें जानना आवश्यक है। एनसीसी प्रभारी डॉ. शाहिदा परवीन ने भी छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. राजेश कुमार, माया भारती, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. इरम नईम, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अमीनुद्दीन अंसारी रहे।

### साइबर जागरूकता का महत्व बताया

पटवाई, अमृत विचार : शनिवार को थाना पटवाई पुलिस द्वारा साइबर टीम के साथ मिलकर साइबर जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम ग्राम बहपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया। पुलिसकर्मियों और साइबर विशेषज्ञों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, ओटीपी शेयरिंग के खतरे, फिशिंग लिंक और सोशल मीडिया हैकिंग जैसे विभिन्न साइबर अपराधों की कार्यप्रणाली के बारे में समझाया।

अभियान में लोगों को जागरूक करते हुए विशेष रूप से यह जानकारी दी कि यदि वे किसी भी साइबर ठगी का शिकार होते हैं, तो टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। पुलिस ने बताया कि त्वरित कॉल से ठगी गई धनराशि को वापस पाने की संभावना बढ़ जाती है। थाना प्रभारी ने पुष्कर सिंह ने बताया कि यह अभियान लोगों को डिजिटल रूप से साक्षर बनाने और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

# कोसी नदी से अवैध खनन के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव धनपुर शाहदरा, मिलककाजी और रुस्तमनगर के जंगल में कोसी नदी के बीचों बीच खुलेआम खनन कर कुछ लोग सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। किसानों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से अवैध खनन रुकवाने की मांग कर रहे हैं।

शनिवार को गांव के किसान अपने खेतों पर एकत्रित हुए और खनन करने वालों के खिलाफ प्रदर्शन कर आरोप लगाया कि जेसीबी मशीन से कोसी नदी का सीना चीरकर अवैध खनन कर ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर आसपास के इलाकों में पटान किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और खनन विभाग की अनदेखी के चलते अवैध कारोबार दिन-रात चल रहा है। इससे जहां सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है वहीं किसानों की फसलें और खेत बर्बाद हो रहे हैं। रात में दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियां कोसी नदी के किनारों से होकर गुजरती हैं। भारी वाहनों के खेतों से निकलने के कारण खेतों की मिट्टी दब गई है और धान, आलू सहित अन्य फसलें नष्ट हो गई हैं। कई बार उन्होंने लेखपाल शिकायत की, लेकिन हलका लेखपाल की मिली भगत के कारण कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टे खनन करने वाले शिकायत करने वाले किसानों को डराने और धमकाने लगे हैं। किसानों ने जिलाधिकारी से कोसी नदी में हो रहे अवैध खनन को रुकवाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में राजपाल सिंह, श्यामलाल, राकेश कुमार, चन्द्रपाल, सुरेश कुमार, चरन सिंह, जयपाल सिंह, संजीव कुमार, मनोहरी, सचिन कुमार, महेन्द्र सिंह किसान मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाद भुलाकर एक हुए दंपती

सैदनगली, अमृत विचार : ऑपरेशन किरण के तहत थाना सैदनगली पुलिस ने विवाद को सुलझाकर एक परिवार को टूटने से बचा लिया। काउंसलिंग के बाद दोनों पक्ष खुशी-खुशी अपने घर लौटे। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय है, बल्कि सामाजिक समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### अमरोहा प्रीमियर लीग का उद्घाटन आज

अमरोहा, अमृत विचार : रविवार 26 अक्टूबर को अब्बासी क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर अमरोहा प्रीमियर लीग का



उद्घाटन किया जाएगा। अकादमी के अध्यक्ष फरोज अब्बासी ने बताया कि इस लीग में फरहान खान, मोनू सागर, हिंद एग्रीकल्चर, मयंक विहान, अमजद, आईफोन मिनी स्टोर, अरशद और मन पसंद लेडीज कलेक्शन की टीमें भाग लेंगी। कोच असलम सिद्दीकी, क़सीम अशरफ, फैजुद्दीन सिद्दीकी आरिफ मसूद, शादमान ज़ैदी, काशिफ मंसूरी, सलीम ख़ान, अनस ज़ैदी, अज़ीम अहमद, गुफरान आदि मौजूद रहेंगे।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत, रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : मोहल्ला बुद्धनगर निवासी जयवीर सिंह पुत्र जगदीश सिंह गुरुवार की रात करीब आठ बजे नेशनल हाईवे पर गांव शहबाजपुर डोर स्थित धर्मकांटे के पास सवारी का इंतजार कर रहा था। वाहन ने जयवीर को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें जयवीर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# तिगरी गंगा मेले में तंबुओं से आने लगी खिचड़ी की खुशबू

## तिगरी गंगा मेले में बसने लगा तंबुओं का शहर, सजने लगीं दुकानें, अधिकारियों के कैंप लगे, अस्थाई कोतवाली व फायर स्टेशन बनकर तैयार हो गया

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** तिगरी गंगा की रेती पर अब तंबुओं का शहर बसने लगा है। तंबुओं से उड़द दाल व चावलों की खिचड़ी की खुशबू आने लगी है। चहल-पहल बढ़ने लगी है। अस्थाई कोतवाली व फायर स्टेशन बनाकर तैयार हो गया है।

तिगरी गंगा मेला स्थल पर गंगा की रेती पर करीब 10 किलोमीटर के दायरे में तंबुओं का शहर बसने लगा है। दो दिन बाद मेले में झुले, मौत का कुआं, व गंगा के आंचल में मौज-मस्ती शुरू हो जाएगी। ऐसी गतिविधियों के साथ यहां एक अलग सी अनुभूति का अहसास होता है। यही वजह है कि दूर-दूर से 25-30 लाख श्रद्धालु यहां गंगा की रेती पर तंबू लगाकर रहते हैं। हवा में उड़ रही गंगा की रेती चेहरे पर लिपट जाती है। हर चेहरे पर खुशियां बांटने की उत्सुकता दिखाई देती है। शनिवार को श्रद्धालुओं ने तिगरी गंगा मेला स्थल पर पहुंचना शुरू कर दिया। गांव पूठी व चौखट के करीब 80 परिवार समेत 100 से ज्यादा परिवार मेला स्थल पर पहुंच गए व अपने डेरे लगा दिए। हालांकि अभी बहुत कम संख्या में श्रद्धालु मेला स्थल पर पहुंचे हैं। उधर, एसडीएम विभा श्रीवास्तव का कहना है कि गंगा मेले के शुभारंभ से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी।

तिगरी में मेलास्थल पर दुकानें सजने लगी हैं। सॉफ्टी, पॉप कॉर्न व चाइनीज फास्ट फूड्स की दुकानें यहां तैयार हो रही हैं। श्रद्धालु मेले में चाइनीज फूड्स व सॉफ्ट का खूब लुत्फ उठाते हैं। होटल, चांट पकौड़ियों, छोलू भटूरे की दुकानें भी श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। मेले में महिलाओं के सौन्दर्य प्रसाधन, बच्चों के खेल खिलौनों, कपड़ों, किसानों के जरूरी सामान, युवाओं के खेलने के सामान आदि की दुकानें सजती हैं। यहां पर न केवल मंडल भर बल्कि अन्य मंडलों के दुकानदार भी सामान लेकर पहुंचते हैं। फोटोग्राफर की दुकानें भी यहां पर आती हैं, जहां पर श्रद्धालु कुछ ही मिनटों में अपने फोटो प्राप्त कर सकते हैं। कुल मिलाकर तिगरी मेले में श्रद्धालुओं की गंगा मैया के प्रति आस्था झलकती है तो साथ ही साथ उनके पिकनिक स्पॉट के रूप में भी मेला बन जाता है। जहां पर श्रद्धालु घूमते हैं, मनोरंजन करते हैं और मेले के बाजारों से जमकर खरीददारी करते हैं। उधर, मेले में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए चार हवाई झूले, शर्कस, नाव झूला, ब्रेक डांस झूले सहित अन्य साधन भी उपलब्ध रहता हैं। यहां पर श्रद्धालु अपना और अपने बच्चों का मनोरंजन करते हैं।



तिगरी गंगा मेला में बनकर तैयार हुआ वाच टावर। ● अमृत विचार



तंबुओं के साथ लगे झूले। ● अमृत विचार



तिगरी मेले में बना अस्थाई फायर स्टेशन। ● अमृत विचार



नाव में बैठकर जायजा लेते एसपी अमित कुमार आंनद। ● अमृत विचार

### डीएम निधि गुप्ता ने तैयारियां देखीं

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स शनिवार को तिगरी गंगा मेला स्थल पर पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की। वहीं अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी व्यवस्थाएं जल्द ही पूरा करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग से सड़कों के कार्यों की प्रगति और क्षेत्र की जानकारी की तथा कहा कि जो कार्य शेष हैं। उन्हें समय से पूर्ण कर लिया जाए। सड़के प्लेन होनी चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि सभी सुविधाएं पिछली बार से बेहतर हो श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की भी असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने रविवार तक सभी गंगाघाट तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मेल को अधिक भव्य, दिव्य और सुरक्षित बनाया जा रहा है। उक्त मेले में टेंट सिटी बनाई जा रही है। एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर बृजपाल सिंह व शशि भूषण पाठक, लोक निर्माण विभाग, बाढ़ खंड आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नाव में बैठकर एसपी ने किया निरीक्षण

राजकीय तिगरी मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी अमित कुमार आनन्द ने नाव में बैठकर विभिन्न गंगा घाटों, पार्किंग एवं रुट डायवर्जन व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड को चेक किया। सीसीटीवी कमैरों से सतर्क दृष्टि रखने व ड्रोन कैमरा की मदद से निगरानी कराने के लिए अधिकारी को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के सुगम व सुरक्षित आवागमन के लिए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा।

### 100 सीसीटीवी कैमरे करेंगे मेला की निगरानी

तिगरी गंगा मेले की निगरानी इस बार 100 सीसीटीवी कैमरे और पांच ड्रोन करेंगे। इसके लिए मेला कोतवाली में बड़ा कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिस पर मेले की पूरी जानकारी रहेगी। यहां से अधिकारी पूरे मेले पर नजर रख सकेंगे। मेला स्थल पर कैमरे लगाने का काम बहुत तेजी के साथ चल रहा है। मेला स्थल पर गंगा की रेती में झूले भी लग कर तैयार हो गए हैं। श्रद्धालुओं के पहुंचने के साथ ही इनका पहिया भी घूमने लगेगा। बच्चे बड़े ही उत्साह के साथ इन झूलों का आंनद लेते हैं। वीवीआईपी टेंट भी तैयार हो गए। मेला स्थल पर बड़ी संख्या में लगे तंबूओं से ऐसा लग रहा है कि मानो गंगा की रेती में शहर बस गया हो। पूरे आठ दिन तक श्रद्धालु गंगा की रेती में मेले का आंनद लेंगे।

### तिगरी मेले को परिवहन निगम चलाएगा 145 बसें

तिगरी गंगा मेले के लिए परिवहन निगम 145 बसों को मेला स्पेशल के रूप में चलाएगा। इन बसों का संचालन 1 नवंबर से शुरू हो कर दिया जाएगा। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थाई बस अड्डे का भी निर्माण किया जाएगा। अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्र प्रबंधक के सी गौड़ ने बताया कि गंगा मेले के लिए परिवहन निगम ने श्रद्धालुओं के लिए 145 बसों को संचालित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि मेले में अस्थाई बस अड्डे के साथ वर्कशॉप भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा 1 नवंबर से रोडवेज बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। 5 नवंबर को मुख्य स्नान है।रामपुर, मुरादाबाद ,संभल, बिजनौर आदि जिलों से भी रोडवेज बसों का संचालन किया जाएगा। मेले के लिए 24 घंटे बस सेवा उपलब्ध रहेगी। मेले के लिए मुरादाबाद, रामपुर, चंदौसी, धामपुर, चांदपुर, नूरपुर हसनपुर से बसों को संचालित भी किया जाएगा।

# पीडीए चौपाल में सरकार पर कसे तंज

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर के एक बैंकट हॉल के सभागार में शनिवार को सपा कार्यकर्ताओं ने पीडीए चौपाल का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनाकर दबे-कुचले और शोषित वर्ग को तरक्की का मौका दिया। इसी से बौखलाए लोग समय-समय पर बाबा साहब का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। संविधान बचाने की लड़ाई सपा नेता अखिलेश यादव लड़ रहे हैं। कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बढ़ा है। जनता का उत्पीड़न हो रहा है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि समाजवादियों का इतिहास संघर्ष व कमजोर लोगों को अधिकार दिलाने का रहा है। भाजपा देश को धर्म के नाम पर बांटना चाहती हैं।

चौपाल की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव ने तथा संचालन जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी द्वारा किया गया। कैसर परवीन, अकील अहमद, जोगिंदर खड्गवंशी, पवन अग्रवाल, बदर कुरैशी, नूरसभा, प्रीतम सिंह, राशिद कुरैशी, यशवीर सिंह नागर, मलखान गुर्जर, अखिलेश जाटव, फैसल अल्वी, ब्रह्मपाल पवार, कोशिंदर नागर, आलोक भारती, जितंबार सिंह यादव, दीपेश सुतली, सहित काव्य संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




कार्यकर्ताओं को सबंधित करते विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

- संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे अखिलेश यादव: कमाल अख्तर
- देश को धर्म के नाम पर बांटना चाहती है भाजपा: भाटी

## विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक 28 को

**अमरोहा, अमृत विचार:** जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक 28 अक्टूबर को की जाएगी। विकास भवन सभागार में समिति के अध्यक्ष सदर विधायक महबूब अली इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में कार्यक्रमों के संचालन मे किसी भी प्रकार की बाधा को दूर करने के लिये समिति द्वारा समेकित समाधान किया जायेगा तथा शीघ्रता से प्राथमिकतायें तय करने के लिये भूमि और स्थान के प्रावधान से सम्बन्धित मामलों को निपटाने के लिये समिति द्वारा प्रयास किया जायेगा। समिति द्वारा लाभार्थियों के गलत चयन, निधियों के दुर्वियोजन/अन्यत्र उपयोग सहित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों ,कथित अनियमितताओं की जंच कर सकेगी।

# धूमधाम से निकली महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** महाराजा अग्रसेन जयंती पर नगर में आस्था, उत्साह और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिला। शनिवार को अग्रवाल सभा के बैनर तले निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने शहर को उत्सवमय रंग में रंग दिया।

शोभायात्रा पुराना स्टेट बैंक तिराहा, अग्रसेन बाजार, हरदेव बाजार, कंचन बाजार होते हुए गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज पर संपन्न हुई। रथ पर विराजमान महाराजा अग्रसेन की झांकी शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रही। इसके साथ "एक रुपया एक ईंट" की प्रेरक झांकी ने दर्शकों का ध्यान खींचा। सामूहिक आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।अग्रवाल सभा सोसायटी के अध्यक्ष पंकज सिंघल ने संदेश देते हुए कहा, महाराजा अग्रसेन ने समाज को समानता, सेवा और सहयोग की राह दिखाई है। हमें बच्चों को सिर्फ उच्च शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार भी देना आवश्यक है, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा अध्यक्ष पंकज सिंघल, महिला सभा अध्यक्ष सिम्मी अग्रवाल, युवा अध्यक्ष अक्षय अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, सुशील गर्ग, विकास घरोटिया, अभिषेक गोयल सहित काफी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा में शामिल बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

- सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

# त्योहार के बाद अस्पताल में मरीजों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** बदलते मौसत के चलते वायरल बुखार, टायफाइड के साथ संक्रामक मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सुखी खांसी परेशान कर रही है। जिला अस्पताल में ओपीडी कराने वालों की संख्या बढ़ रही है।

बदलते मौसम में वायरल फीवर, टायफाइड जैसी बीमारियों का ग्राफ बढ़ गया है। कई डेंगू आशंकित मरीज भी मिल चुका है। इस बार वायरल बुखार से पीड़ित मरीज गंभीर बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। उन्हें बुखार, उल्टी-दस्त, खांसी-जुकाम, सांस लेने में दिक्कत हो रही है। प्लेटलेट्स काउंट कम होने, सिरदर्द और अत्यधिक कमजोरी होने पर अस्पताल में भर्ती करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर बुखार के मरीज देखे जाने लगे हैं। जिला अस्पतालों में बेड फुल हैं। निजी अस्पतालों से लेकर छोटे-छोटे क्लीनिकों में बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज चल रहा है। बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सभी इस सयम वायरल बुखार की चपेट में है। दिवाली, भैया दूज की छुट्टियों के बाद अस्पताल में मरीजों भरमार है। शनिवार को जिला अस्पताल में 1500 से अधिक मरीज पहुंचे जिन्होंले ओपीडी कराई। कई मरीजों को भर्ती भी किया गया। अस्पताल में स्थिति ये है कि बेड फुल होने के कारण एक बेड पर दो-दो मरीजों का इलाज चल रहा है। शुक्रवार को बुखार के 200 से अधिक मरीज मिले। इसके अलावा कई मरीजों के अल्ट्रासाउंड हुए।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.एके भंडारी ने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों का स्वास्थ्य पहले से बेहतर है। बदलते मौसम में वायरल फीवर और टायफाइड से ग्रसित मरीज आ रहे है। क्षमता से अधिक मरीज वार्ड में भर्ती होने के पहुंच रहे हैं। बावजूद सीमित संसाधनों में मरीजों को बेहतर उपचार मुहैया करने का प्रयास किया जा रहा है।



ओपीडी में लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

- बुखार, टायफाइड, सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी

## हाईटेंशन लाइन के नीचे लगी नुमाइश

**अमरोहा, अमृत विचार:** नौगांव सादात के मोहल्ला अलीनगर में नुमाइश मेला शुरू हुआ है। आरोप है कि यह आयोजन नियमों के विरुद्ध है और हाइटटेंशन लाइन के नीचे होने के कारण खतरा बना हुआ है। पहले कभी इस तरह की नुमाइश का आयोजन नहीं हुआ है। इस छोटे से क्षेत्र में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है और बिजली विभाग से भी एनओसी नहीं ली गई है। बच्चों की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे में शोरगुल और भीड़भाड़ के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मोहम्मद अली ने प्रशासन से तत्काल इस नुमाइश को रोकने की मांग की है।

## न्यूज डायरी



### तमंचे के बल पर कारोबारी से मारपीट कर 70 हजार की लूट

हसनपुर, अमृत विचार : गांव मंगरोली निवासी कमरुद्दीन एवं भूरा पुत्रगण रईस उद्दीन शटरिंग का कार्य करते हैं। शनिवार को दोनों भाई बाइक से नगर आए थे और दो लोगों पर शटरिंग के उधार 70 हजार रुपए लेकर गांव लौट रहे थे।अलीगढ़ मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर के निकट पहुंचे तो बाइक सवार चार बदमाशों ने तमंचे केबल पर बाइक रोक ली और दोनों के साथ मारपीट करने लगे। कमरुद्दीन सिर पर तमंचे की बट लगने से घायल हो गया। इसी बीच बदमाश 7 0हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। पीड़ित की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। घायल कमरुद्दीन अपने भाई के साथ कोतवाली पहुंचा और लूट की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को सीएचसी में भर्ती कराया।

### चोरी की दी झूठी सूचना पर युवक गिरफ्तार, कैश बरामद

हसनपुर, अमृत विचार : गांव रुद्रपुर निवासी समरपाल ने शनिवार की सुबह पुलिस को सूचना दी कि उसके भाई सोनू के घर से नकब लगाकर 16 लाख 20 हजार रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवर चोरी हो गए हैं। यह रकम शुक्रवार को एक बीघा जमीन बेचकर रखी गई थी। समर पाल ने बताया कि चोरों ने गांव निवासी रामवीर पुत्र छोटे के घर से भी नकब लगाकर 20 हजार रुपए की नकदी और तीन आभूषण चोरी हो गए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत, कोतवाल प्रेमपाल सिंह और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने समरपाल से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने आटा चक्की में रखे लगभग आठ लाख रुपए बरामद करा दिए। बाकी कैश उसकी बहन के घर गांव भीमा ठीकरी में है। जांच में सामने आया कि समरपाल का भाई सोनू अपनी पत्नी पिंकी की मौत के मामले में जेल में बंद है। पिंकी का शव 6 अगस्त को फंदे पर लटका मिला था। सोनू के पिता नरेश ने इसी मामले के फैसले के लिए जमीन बेची थी। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि समरपाल और उसकी पत्नी ने पैसे छिपाने के लिए यह साजिश रची थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



### इंद्रा चौक पर लगा जाम

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में जाम लगना आम बात हो गई है जिससे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे जिससे जनता में भारी रोष व्याप्त है। नगर का कोई मार्ग ऐसा नहीं है जहां जाम नहीं लगता हो शनिवार को नगर के इंदिरा चौक पर भीषण जाम लग गया। जिससे राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ी। वही जाम लगने से मार्ग पर वाहनों एवं आई-रिक्शाओं की लंबी लाइन लग गई। इसी बीच एक मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस जाम में फंस गई। जिसे स्थानीय निवासियों द्वारा बड़ी मेहनत के बाद निकलवाया।



### किसानों की समस्याओं पर चर्चा

हसनपुर, अमृत विचार : शनिवार को भारतीय किसान यूनियन की एक मासिक पंचायत मंडी समिति में आयोजित की गई। ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने कहा कि अगरौला कला में चकबंदी विभाग से जमीन की पैमाइश कराई जाएचीनी मील काला खेड़ा को जल्द चालू किया जाए। शीशपाल सिंह ने कहा कि सरकारी चीनी मिल जो किसानों का अवैध सट्टों का 10 लाख रुपया रोक रखा है। वह पैसा किसानों को दिलाया जाए। अध्यक्षता राजपाल सिंह ने की। सीता आर्य, ओंकार सिंह ,शीशपाल सिंह, कमल सिंह, योगेंद्र सिंह, सीता आर्य, चंद्रा देवी, बलबीर सिंह, सत्यपाल सिंह, वृतपाल सिंह ,काले सिंह, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# शातिर ठग दबोचा, नकदी-बाइक बरामद

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार:** आदमपुर पुलिस ने टप्पेबाजी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगी के 45 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन व बिना नम्बर की मोटरसाइकिल बरामद की है। आदमपुर थाना क्षेत्र के ढबारसी आदमपुर मार्ग पर 22 अक्टूबर को सरदार सिंह निवासी ग्राम दमगढ़ा द्वारा टप्पेबाजी की तहरीर दी गई थी। शिकायत में बताया गया था कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी पत्नी को सरकार की योजना के नाम पर एक लाख बीस हजार रुपये और गैस सिलेंडर दिलाने का लालच देकर 57 हजार रुपये ठग लिए। टीम ने लगभग 30 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और अभियुक्त की लोकेशन ट्रेस की। शनिवार को आदमपुर मोड़ परआरोपी रिहान उर्फ मिन्जार पुत्र अनवर निवासी ऐचौड़ा, जनपद संभल को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 45 हजार रुपये नकद, एक ओपो मोबाइल व एक बिना नम्बर की काली टीवीएस रेडियन मोटरसाइकिल बरामद हुई। आरोपी ने ठगी की वारदात को कबूल किया। उसने बताया कि वह गरीबों को सरकारी लाभ दिलाने का झांसा देकर ठगी करता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी रिहान बेहद शातिर ठग है, जिसके खिलाफ सम्भल, अलीगढ़, बुलंदशहर, दिल्ली, बिजनौर और अमरोहा समेत कई जनपदों में ठगी, चोरी और धोखाधड़ी के 21 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।



टप्पेबाजी का खुलासा करती पुलिस।

- लोगों को सरकारी योजनाओं का झांसा दे करता है ठगी

# गंगा एक्सप्रेसवे पर बाइक फिसलने से युवक घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** ससुराल जाते वक्त गंगा एक्सप्रेसवे से उतरते के समय बाइक फिसलने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

शुक्रवार को थाना सैद नगली के गांव पंडकी निवासी भूपेंद्र पुत्र चंद्रभान बाइक से अपनी ससुराल रहरा थाना क्षेत्र के गांव पोरारा को जा रहा था। जैसे ही उसने गंगा एक्सप्रेसवे पर गांव खरसोली के निकट बाइक उतार रहा था, तभी अचानक बाइक फिसल गई। जिससे भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल के परिजनों को सूचना दी गई। तो परिजन मौके पर पहुंचे और घायल भूपेंद्र को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए घायल भूपेंद्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

- सीएचसी में हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया

## न्यूज ब्रीफ

### रंगदारी वसूलने का आरोपी मशकूर दादा गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** फिरोजाबाद में तैनात एएसपी अनुज चौधरी को फोन पर धमकाने और स्थानीय युवक से रंगदारी एंठने वाले यूट्यूबर मशकूर रजा उर्फ दादा को पुलिस ने तमंचे के बल पर रंगदारी मांगने और ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के गांव हंडालपुर निवासी योगेश कुमार ने यूट्यूबर मशकूर रजा उर्फ दादा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया कि 8 अक्टूबर को मशकूर रजा ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए सरकारी योजना के तहत 10 लाख रुपये का लाभ दिलाने का झांसा देकर 1000 रुपये मांगे। योगेश ने बाद में जानकारी जुटाई तो पता चला कि मशकूर भोले-भाले लोगों को झांसे में लेकर ठगी करता है और रंगदारी भी वसूलता है। 19 अक्टूबर की शाम योगेश की बाइक रुकवाकर 20 हजार रुपये की रंगदारी मांगी और गोली मारने की धमकी दी। उसने अपनी शर्ट उठाकर कमर में रखा तमंचा भी दिखाया। डर के कारण योगेश ने मौके पर ही 19,810 रुपये दे दिए। थाना प्रभारी अनुज तोमर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मशकूर रजा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### 9 दंपतीयों ने समाप्त किया अपना विवाद

**बहजोई, अमृत विचार :** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद के कारण अलग हुए पति पत्नी को मिलाने का काम किया गया। महिला सेल प्रभारी रुकम पाल सिंह ने बताया कि 152 पत्रावली सुनकर 37 पत्रावली का निस्तारण किया गया है। 9 पत्रावली में दंपतियों ने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त करते हुए एक बार फिर से साथ-साथ रहने का फैसला किया। तो वहीं 23 पत्रावली न्यायालय में होने के कारण बंद कर दी गई है। पांच पत्रावली विधिक कार्रवाई के लिए अग्रेषित की गई हैं। इस दौरान काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, श्वेता गुप्ता व कंचन माहेश्वरी आदि ने सहयोग किया।

### किशोरी की अश्लील वीडियो कर दी वायरल, मुकदमा दर्ज

**मनोटा, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की नाबालिग बेटी अपनी तहेरी बहन के साथ धान की पुराल उठाने गई थी। वापस आते समय गांव के ही एक लड़के ने गन्ने के खेत में खींचकर दुष्कर्म का प्रयास किया। उसके साथ मौजूद दूसरे लड़के ने वीडियो बना ली। एक युवक ने वीडियो वायरल कर दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।



बच्चों को गोद में उठाये परिक्रमा मार्ग पर आगे बढ़तीं महिलाएं। ● अमृत विचार



परिक्रमा के दौरान भजन कीर्तन करते साधु संत व श्रद्धालु। ● अमृत विचार



वंश गोपाल तीर्थ पर कदम वृक्ष की पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# 24 कोसीय परिक्रमा को उमड़े श्रद्धालु, गूंजे भजन-कीर्तन

## संभल में दो दिवसीय तीर्थ परिक्रमा यात्रा वंश गोपाल तीर्थ से आरंभ, चंदायन तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने किया रात्रि विश्राम, भक्ति के रंग में डूबे लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** 68 तीर्थ और 19 कूपों वाले ऐतिहासिक शहर संभल में 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा यात्रा के लिए लाखों श्रद्धालु उमड़े तो श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य सामने आया। तड़के चार बजे श्री वंश गोपाल तीर्थ से श्रद्धालु भजन कीर्तन करते व भगवान श्री कल्कि के जयकारे लगाते हुए पुण्य की कामना के साथ परिक्रमा मार्ग पर बढ़े। रास्ते में क्षेम नाथ तीर्थ सहित तमाम तीर्थ मंदिरों के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने चंदायन में स्थित चंद्रेश्वर महादेव मंदिर पर रात्रि विश्राम किया। यहां कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य से माहौल को भक्तिमय बनाया।

संभल की 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा यात्रा को लेकर शुक्रवार शाम से ही वंश गोपाल तीर्थ पर आयोजनों का सिलसिला शुरु हो गया था। शाम को हवन पूजन के बाद रात को तीर्थ परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। तड़के परिक्रमा शुरू करने के इरादे से पहुंचे श्रद्धालुओं ने रात भी भजन कीर्तन का आनंद लेकर प्रभु का गुणगान किया। तड़के पवित्र तीर्थ कुंड में स्नान के बाद श्रद्धालु परिक्रमा यात्रा के लिए तैयार हो गए। सुबह चार बजे तीर्थ परिक्रमा यात्रा का आरंभ वंश गोपाल तीर्थ के महंत स्वामी भगवत प्रिय महाराज, परिक्रमा समिति संरक्षक डॉक्टर यूसी सक्सेना, नगर हिंदू सभा अध्यक्ष कमलकांत तिवारी व परिक्रमा समिति प्रभारी राजेश सिंघल ने श्रद्धालुओं का तिलक कर कराया। विधिवत शुभारंभ के साथ ही श्रद्धालु भगवान श्री कल्कि के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। समय बढ़ने पर सूर्यदेव ने दर्शन दिए तो श्रद्धालुओं का उत्साह और भी बढ़ गया। श्री कल्कि का जयघोष करते हुए पुरुषों, महिलाओं, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों से माहौल को भक्तिमय बनाया। तमाम श्रद्धालु नंगे पैर ही हाथ जोड़कर झूमते हुए परिक्रमा मार्ग पर बढ़ते नजर आए। इनमें महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा रही।

श्रद्धालुओं ने भुवनेश्वर तीर्थ पर पूजा की। इसके बाद क्षेम नाथ तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने फेरी मेला में हिस्सा लिया। बाबा क्षेम नाथ के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। यहां से श्रद्धालुओं ने गांव चंदायन में स्थित चंद्रेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। यहां कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। तीर्थ परिक्रमा को लेकर सुरक्षा के प्रबंध रहे। जगह-जगह पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी दिखाई दी। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, परमेश्वर लाल सैनी, नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमल कांत तिवारी, ब्लाक प्रमुख संभल पति कुलदीप चाहल, ब्लाक प्रमुख पंवासा पति हृदेश यादव के अलावा तमाम गणमान्य नागरिक रहे।



भजन कीर्तन करते परिक्रमा मार्ग पर आगे बढ़ते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



क्षेम नाथ तीर्थ पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

### कलश शोभायात्रा रही आकर्षण का केंद्र

श्री परमहंस अद्वैत तपस्वी योग आश्रम ट्रस्ट की ओर से परिक्रमा कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ गांव बरवाली मढ़ैया से सुबह पांच बजे हुआ। जिसमें महिलाओं और युवतियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। एक वाहन में कलश रखे गए जबकि दूसरे वाहन में यज्ञ होता रहा। जिसमें श्रद्धालु मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देते हुए दिखाई दिए। कलश शोभायात्रा में तमाम श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए परिक्रमा मार्ग पर चले। परमहंस अद्वैत तपस्वी योग आश्रम महोरा लखूपुरा के संत कृष्णानंद पुरी महाराज के नेतृत्व में निकली यह कलश शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। शाम को पांच बजे श्री वंशगोपाल तीर्थ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन हुआ।

● क्षेम नाथ तीर्थ पर लगा फेरी मेला, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम, डीएम-एसपी पहुंचे

### डीएम-एसपी ने लिया जायजा, रहे कड़े पुलिस प्रबंध

24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कई दिन पहले से अपनी तैयारी की थी। परिक्रमा मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती के साथ ही उन जगहों पर खास इंतजाम किये गये थे जहां श्रद्धालु मुख्य मार्गों से होकर गुजर रहे थे। वहां आधी सड़क पर श्रद्धालु चल रहे थे जबकि आधी सड़क अन्य यातायात के लिए छोड़ी गई थी। दोपहर को जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई भी परिक्रमा यात्रा के सुरक्षा इंतजाम देखने के लिए पहुंचे। दोनों अधिकारी क्षेम नाथ तीर्थ पर भी गये।



परिक्रमा सहयोगियों को संभल का प्राचीन तीर्थ नक्शा भेंट करते राजेश सिंघल।



क्षेम नाथ तीर्थ पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रद्धालुओं का दर्जनभर स्थानों पर हुआ स्वागत

तीर्थ परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए दर्जनभर स्थानों पर स्वागत के कार्यक्रम हुए। गांव बेनीपुर चक, कैमा, माता वाली मिलक, बादल गुम्बद, भोलेश्वर चौकी के पास, खानपुर खुम्मार, फिरोजपुर, मुरादाबाद मार्ग, बाबा क्षेम नाथ तीर्थ, चंदौसी मार्ग, भवानीपुर में शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं को चाय एवं प्रसाद का वितरण हुआ। स्वागत कार्यक्रमों में तमाम लोगों ने सहयोग किया।

### श्रद्धालुओं की सेवा में बिछाए पलक पांवड़े जगह-जगह हुए भंडारे

24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लोग पलक पांवड़े बिछाये परिक्रमा मार्ग पर मौजूद रहे। श्रद्धालुओं के लिए जलपान से लेकर भोजन तक के इंतजाम किये गये थे। संभल हसनपुर रोड पर बादल गुंबद के पास भाजपा नेता कुलदीप सिंह चाहल की और से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। इसके बाद भोलेश्वर पुलिस चौकी पर भी जलपान की व्यवस्था की गई थी। भुवनेश्वर तीर्थ पर ग्रामीणों ने परिक्रमा यात्रियों के सत्कार की व्यवस्था की थी जबकि फिरोजपुर गांव में भी जलपान का इंतजाम किया गया था। क्षेम नाथ तीर्थ पर भंडारों का आयोजन किया गया था। भवानीपुर गांव में भी जलपान व भोजन का प्रबंध किया गया था। इसके बाद चंद्रेश्वर तीर्थ पर बड़े भंडारे का प्रबंध किया गया।

### बिना थके- बिना रुके नंगे पांव चलते रहे श्रद्धालु

संभल की 24 कोसीय परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था व भक्ति देखकर हर कोई प्रभावित हो रहा था। श्रद्धालु नंगे पैर हाथ जोड़कर भजन कीर्तन करते हुए और श्री कल्कि के जयकारे लगाते हुए परिक्रमा मार्ग पर चल रहे थे। युवतियां और महिलाओं की श्रद्धा तो सबसे अलग थी। महिलाएं अपने बच्चों को गोद में उठाये नंगे पैर परिक्रमा मार्ग पर चल रही थीं। श्रद्धालु बस भक्ति में लीन होकर अपनी मंजिल की तरफ बढ़ रहे थे। न तो थकान उनके चेहरे पर नजर आ रही थी और न ही वह आराम करने के लिए रुक रहे थे।

## सरदार पटेल के विचार एकता अखंडता के लिए प्रेरणा स्त्रोत

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सरदार पटेल के विचार देश की एकता और अखंडता के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।

राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि पद यात्राओं से पूर्व स्कूलों और कॉलेजों में निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, स्वदेशी संकल्प अभियान, योग एवं हेल्थ शिविर तथा स्वच्छता अभियान भी चलाए जाएंगे। जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर 1 नवंबर से 25 नवंबर तक प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र की विधानसभाओं में 8 किलोमीटर लंबी पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। इन पद यात्राओं का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को जोड़कर राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने बताया कि भारत पदयात्रा का मकसद युवाओं में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाना और समाज के प्रति जिम्मेदारी को सशक्त करना है।



भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक में बोलते राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति।

## जिनके नाम रजिस्ट्रेशन वे डॉक्टर ही नहीं मिले अस्पताल किया सील

**बहजोई, अमृत विचार:** पुलिस को शिकायत मिली थी कि बिना रजिस्ट्रेशन के बहजोई की कृष्ण कुंज कॉलोनी में एहसान हॉस्पिटल के नाम से संचालित किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी डॉ विश्वास अग्रवाल, सीओ बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह व नायब तहसीलदार रजत कुमार के नेतृत्व में टीम अस्पताल पर पहुंची। वहां एक जच्चा-बच्चा मिले। स्त्री रोग विशेषज्ञ का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं था। जिन चिकित्सकों के नाम से रजिस्ट्रेशन दिखाए वे मौके पर नहीं मिले। एक आंखों के चिकित्सक मिले जो कि खुद को संचालक बता रहे थे। अन्य कई मरीज भर्ती पाए गए। मरीजों को टीम ने सीएचसी बहजोई के लिए रेफर कर दिया। संचालक कागजात नहीं दिखा पाए। तब टीम ने अस्पताल को सील कर दिया।

## खड़े ट्रक से टकराई कार पत्नी की मौत, पति गंभीर

संवाददाता, बहजोई

● बहजोई-इस्लामनगर मार्ग पर हुई दर्दनाक घटना

**अमृत विचार:** कार में सवार होकर दिल्ली से घर लौट रहे दंपती की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ट्रक में जा टकराई। पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में पत्नी की मौत हो गई।

बदायूं जनपद के थाना बिल्सी के गांव उलेया बेहटा निवासी महेश कुमार सिंह पुत्र उदयवीर सिंह अपनी पत्नी हरप्यारी के साथ दिल्ली रिश्तेदारी से अपनी कार से घर वापस लौट रहे थे। बहजोई-इस्लामनगर मार्ग स्थित एक फैक्ट्री के निकटकार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई जिसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देखकर मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस तथा एंबुलेंस 108 को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान पत्नी हर प्यारी ने अपना दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक हर प्यारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## एएसपी ने किया असमोली थाने का निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

संवाददाता, संभल/असमोली

**अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने थाना असमोली का निरीक्षण किया। थाने के अभिलेख, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कक्ष और महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करसाफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा समग्र कार्यप्रणाली का भी जायजा लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह शनिवार दोपहर को थाना असमोली पहुंचे। कहा कि थाने में रिकार्ड को इस तरह रखा जाए जिससे रजिस्टर व अन्य दस्तावेज सीलन व अन्य वजह से खराब न हों। साफ सफाई का भी ध्यान रखा जाये। पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, पीड़ितों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने महिला हेल्प डेस्क की सक्रियता, मिशन शक्ति अभियान की प्रगति और जनसुनवाई व्यवस्था की भी समीक्षा की। साथ ही, एएसपी ने थाना परिसर की समुचित व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि जनता के साथ व्यवहार में पारदर्शिता और तत्परता पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान सीओ असमोली कुलदीप कुमार व थाना प्रभारी राजीव मलिक आदि मौजूद रहे।



असमोली थाने पर शस्त्रों का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

## अनियमितताओं पर खाद की तीन दुकानें सील

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** प्रशासन द्वारा खाद भंडारों पर की गई सघन जांच में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने जिला कृषि अधिकारी के साथ शनिवार को रायसत्ती क्षेत्र में स्थित विभिन्न खाद भंडारों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तीन दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान ताहिर खाद भंडार में लिखित अभिलेखों के सापेक्ष एनपीके खाद के 24 बोरे अधिक पाए गए। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने दुकान संचालक से स्पष्टीकरण मांगा और जब तक जवाब प्राप्त नहीं हो जाता, तब तक के लिए दुकान बंद करा दी। इसी दौरान समीप स्थित अनीस खाद भंडार के संचालक ने जांच टीम को देखकर दुकान बंद कर दी और फरार हो गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कृषि अधिकारी ने संबंधित व्यक्ति को तलब कर जांच के आदेश दिए हैं। इसी बीच सूचना मिली कि मोहल्ला मल्ली सराय स्थित कुरैशी खाद भंडार पर मिलावटी खाद की बिक्री की जा रही है। सूचना पर नगर मजिस्ट्रेट और जिला कृषि अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन दुकान का मालिक अनुपस्थित मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह खाना खाने गया है। टीम ने लगभग एक घंटे तक इंतजार किया, परंतु दुकानदार के न आने पर दुकान को संदिग्ध गतिविधि के आधार पर बाहर से ताला लगाकर सील कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



रायसत्ती क्षेत्र में खाद की दुकान पर जांच पड़ताल करते सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार।

● नगर मजिस्ट्रेट ने जिला कृषि अधिकारी के साथ खाद भंडारों का किया निरीक्षण

## बाइक की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**संभल, अमृत विचार :** थाना जुनावई क्षेत्र में बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई।

गांव ताहरपुर निवासी राजेंद्र (50) शुक्रवार देर रात जुनावई से गांव लौट रहे थे। पीछे से उसी गांव का निवासी मुकेश भी बाइक से जा रहा था। दबथरा गांव के पास बाइक ने आगे चल रहे राजेंद्र को जोरदार टक्कर मार दी। राजेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई पहुंचाया। जहां राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल मुकेश को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## तख्त रखने के विवाद में मारपीट, महिला घायल

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** परचून की दुकान पर तख्त रखने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने दुकान संचालक के परिवार पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में दुकान मालिक की मां गंभीर रूप से घायल हो गईं।

मामला मौहल्ला सराय, सदर बाजार गुन्नौर का है। पीड़ित अमन कुमार ने पुलिस को तहरीर दी कि वह अपने भाई अतुल कुमार के साथ 19 अक्तूबर की सुबह करीब सात बजे दुकान पर ग्राहकों को सामान दे रहा था। दुकान के सामने तख्त रखने को लेकर पड़ोसी कुमोद कुमार, उसका बेटा हर्षित, भाई सुबोध और विनोद से विवाद हो गया। उसका भाई अतुल उन्हें समझाने लगा तो चारों ने दुकान में घुसकर लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। उसकी मां बृजेश रानी लोहे की रॉड लगने से गंभीर घायल हो गईं।

बाद में शरीर का बायां हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया। वहीं कुमोद कुमार ने अमन कुमार व परिजनों पर मारपीट सहित तमाम गंभीर आरोप लगाये हैं। पीड़ित पक्ष ने गुन्नौर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मंदबुद्धि ग्रामीण का शव मिला

**संभल/ कुढफतेहगढ़, अमृत विचार:** तहसील चन्दौसी अन्तर्गत कुढफतेहगढ गांव निवासी सुरेंद्र (50) पुत्र रामस्वरूप का शव शनिवार को बदायूं जनपद की सीमा में भूड बिसौली गांव के जंगल में मिला है।

सूचना पर थाना फैजगंज बेहटा पुलिस के मौके पर पहुंचने पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। कुढफतेहगढ ग्राम प्रधान पति हरवीर सिंह उर्फ पप्पू यादव एवं छोटा भाई राम बहादुर ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुरेंद्र मंदबुद्धि था और एक सप्ताह से गायब था परिजन तलाश कर रहे थे।




नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# दवा निगरानी तंत्र में यूपी बेहद कमजोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राष्ट्रीय मानकों की उपेक्षा से नकली, एक्सपायरी व अवैध दवाओं पर नियंत्रण मुश्किल
- 200 दवा प्रतिष्ठानों पर एक औषधि निरीक्षक की होनी चाहिए तैनाती यूपी में दस गुना से अधिक लोड



**अमृत विचार :** उप्र. जैसे विशाल राज्य में औषधि नियंत्रण प्रणाली लंबे समय से संसाधनों की कमी, सीमित जनशक्ति और असमान कार्यवितरण के कारण कमजोर पड़ी हुई है। जनसंख्या और बाजार के अनुपात में राज्य औषधि नियंत्रण व्यवस्था राष्ट्रीय मानकों से काफी पीछे है। नकली, एक्सपायरी या अवैध दवाओं की जांच के लिए पर्याप्त सैंपलिंग नहीं हो पा रही। परिणामस्वरूप, दवा सुरक्षा की निगरानी व्यवस्था सिर्फ कागजों में रह गई है।

केंद्र सरकार के मानकों के अनुसार, प्रत्येक 200 दवा प्रतिष्ठानों पर एक औषधि निरीक्षक की तैनाती होनी चाहिए, जबकि उत्तर प्रदेश में एक निरीक्षक औसतन 2 हजार से अधिक प्रतिष्ठानों की निगरानी कर रहा है। राज्य में वर्तमान में सिर्फ 109 औषधि निरीक्षक कार्यरत हैं, जबकि जरूरत कम से कम 250 से 300 निरीक्षकों की है। कई जिलों में निरीक्षकों की कमी के कारण निरीक्षण कार्य ठप या बहुत सीमित स्तर पर चल रहा है। एफएसडीए के पास प्रयोगशालाएं तो हैं, परंतु उनका आधुनिकीकरण अधूरा है। राज्य प्रयोगशाला में जांच के लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिलास्तर पर नियंत्रण अधिकारी न होने से न तो औषधि दुकानों की नियमित जांच हो पा रही है, न ही शिकायतों पर समय पर कार्रवाई। यही वजह है कि ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में नकली या बिना लाइसेंस की दवाइयां खुलेआम बिक रही हैं।

### विभाग के पुनर्गठन को लेकर शासन की बढ़ी सक्रियता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब इस स्थिति को सुधारने के लिए औषधि नियंत्रण तंत्र के पुनर्गठन की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर विभाग में जिलास्तर पर 'जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी' का नया पद सृजित करने समेत औषधि निरीक्षकों की संख्या दोगुनी करने को लेकर भर्ती प्रस्ताव तैयार करने का कार्य चल रहा है। नई भर्ती प्रक्रिया को भी पारदर्शी बनाने के लिए अब साक्षात्कार के स्थान पर लिखित परीक्षा से चयन होगा। औषधि नियंत्रक के पद के लिए निश्चित योग्यता और कार्यकाल तय करने नीति बन रही है, जिससे शीर्ष स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं किया है कि औषधि निरीक्षण व्यवस्था को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने छठ पर्व की दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को सूर्योपासना एवं लोक आस्था के महापर्व छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को जारी बधाई सन्देश में भोजपुरी में कहा कि 'रउआ सब पर छठी मईया के कृपा बनल रहे, परिवार खातिर कठिन व्रत रखे वाली माता अ बहन लोगन के हमरी तरफ से विशेष मंगलकामना'। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व प्रकृति, श्रद्धा और अनुशासन का एक अनुपम संगम है। सूर्योपासना के माध्यम से यह पर्व हमें जीवन में प्रकाश, ऊर्जा और सन्तुलन का सन्देश देता है। मुख्यमंत्री ने कामना की कि छठी मईया की कृपा से सभी व्रती अपने संकल्प में सफल हों तथा स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन प्राप्त करें। छठ महापर्व की यह महान परम्परा पीढ़ी दर पीढ़ी सतत जारी रहे।

### स्टार प्रचारकों में शिवपाल व रामगोपाल का नाम नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 20 स्टार प्रचारकों की सूची में महासचिव शिवपाल सिंह यादव और प्रो. रामगोपाल यादव के नाम नहीं शामिल किए हैं, जिसके बाद आंतरिक गुटबाजी को लेकर एक बार फिर चर्चाएं शुरू हो गयी हैं। पार्टी प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि दोनों नेता उनकी मर्जी से सूची से बाहर रखे गए हैं। हालांकि पार्टी के लोगों का कहना है कि बिहार से जुड़ाव रखने वाले नेताओं को प्रचारक बनाया गया है।

### राष्ट्रपति आज करेंगी अस्पताल का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक और सुविधाओं से सुसज्जित यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम गाजियाबाद का उद्घाटन देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। यह समारोह रविवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे आयोजित होगा। इस मौके पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनुप्रिया पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे।

### छठ को लेकर किया घाट का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जौनपुर से लखनऊ लौटते समय सुल्तानपुर में गोमती नदी स्थित सीताकुंड घाट का छठ पर्व की तैयारियों के दृष्टिगत औचक निरीक्षण किया। उन्होंने घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट पर और बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# पीएम किसान सम्मान निधि पाने को फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण अनिवार्य

## प्रदेश में चल रहे फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान में 54 फीसदी किसानों का पंजीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीतापुर, बस्ती और रामपुर जिले शीर्ष तीन में शामिल

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि 1 अप्रैल 2026 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त केवल उन्हीं किसानों को दी जाएगी, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री पूरी होगी। इस बीच फार्मर रजिस्ट्री अभियान में सीतापुर जिला प्रदेश का सिरमौर बन गया है। यहां 74.58 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण पूरा हो चुका है। बस्ती 74.24% के साथ दूसरे और रामपुर 70% रजिस्ट्री के साथ तीसरे स्थान पर है। राज्य स्तर पर अब तक 54% किसानों का पंजीकरण पूर्ण हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह अभियान मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। 1 अप्रैल 2026 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त के लिए इसकी अनिवार्यता को देखते हुए सभी जिलों में पंजीकरण व सत्यापन कार्य तेज कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 30 नवंबर तक हर गांव में किसान पंजीकरण शिविर लगाए जाएं। प्रत्येक जिले में कैंप चार्ट तैयार कर राज्य स्तर पर साझा किया जाए। साथ ही पीएम किसान सत्यापन कार्य को भी समय पर पूरा किया जाए।

### रोजाना 4 हजार किसान हो रहे पंजीकृत

वर्तमान में प्रदेशभर में औसतन 4,000 किसानों का प्रतिदिन पंजीकरण किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि नवंबर अंत तक सभी पात्र किसानों का पंजीकरण और सत्यापन पूर्ण हो जाए, ताकि कोई भी किसान अगली पीएम किसान किस्त से वंचित न रहे।

# लाखों दीयों से जगमगाएंगे काशी के घाट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देव दीपावली पर लेजर शो से सजेगा आसमान
- 3 से 5 नवंबर तक किया जाएगा भव्य आयोजन
- गंगा महोत्सव में झलकेगी काशी की कला और संस्कृति

**अमृत विचार :** अयोध्या के बाद अब देव दीपावली पर महादेव की नगरी काशी के घाट दीपों की अद्भुत आभा में जगमगाने को तैयार है। अगले माह 5 नवम्बर को गंगा के दोनों तटों पर करीब 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित होंगे, साथ ही घाटों पर थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग और लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस बार देव दीपावली को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव देने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का समावेश किया गया है।

पर्यटन मंत्री ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से 3 से 5 नवंबर तक चेत सिंह घाट और गंगा द्वार पर थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग और लेजर शो का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह 25 मिनट का मनमोहक कार्यक्रम होगा, जिसमें 17 मिनट की प्रोजेक्शन मैपिंग और आठ मिनट का लेजर शो शामिल रहेगा। इसमें गंगा, काशी और देव दीपावली की कथा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि थ्रीडी प्रोजेक्शन के जरिए गंगा तट की ऐतिहासिक इमारतों पर शिव, गंगा और वाराणसी की पौराणिक कहानियां प्रदर्शित की जाएंगी। संवाद हिंदी में होंगे, जिससे दर्शक कथा से जुड़ाव महसूस कर सकें। जयवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष घाटों पर कुल 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे, जिनमें 10 लाख दीप राज्य सरकार की ओर से तथा शेष दीप स्थानीय समितियों द्वारा जलाए जाएंगे। लगभग डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र में होने वाला 10 मिनट का फायर क्रैकर्स शो भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। पर्यटन सूचना अधिकारी नितिन कुमार द्विवेदी ने बताया कि 1 से 4 नवम्बर तक गंगा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से काशी की परंपरा को जीवंत करेंगे।

# महाभियान में मिले 53 लाख सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री की पहल ने जनता के संवाद को दी नई ऊंचाई
- कृषि, शिक्षा और शहरी विकास में सबसे ज्यादा फीडबैक

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 : समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान' ने प्रदेश में जनता की राय से नीति निर्माण की नई परंपरा शुरू की है। शुक्रवार तक जारी इस महाभियान के तहत बनाए गए पोर्टल पर अब तक 53 लाख से अधिक फीडबैक प्राप्त हुए हैं। इनमें 41.50 लाख से अधिक सुझाव ग्रामीण और 11.50 लाख से अधिक नगरीय क्षेत्रों से आए हैं।

उम्र के आधार पर देखें तो 26 लाख सुझाव 31 वर्ष से कम आयु वर्ग के युवाओं से, 25 लाख सुझाव 31 से 60 वर्ष के वर्ग से और 2.5 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों से मिले हैं। प्राप्त सुझावों में कृषि क्षेत्र अग्रणी रहा, जिससे 13 लाख से अधिक फीडबैक मिले। शिक्षा क्षेत्र से 12.50 लाख और अर्बन डेवलपमेंट से 10.77 लाख सुझाव प्राप्त हुए। इसके अलावा पशुधन, उद्योग, आईटी, पर्यटन, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समाज कल्याण जैसे क्षेत्रों पर भी बड़ी संख्या में राय दी गई है।

**जनसहभागिता को मिला व्यापक विस्तार :** महाभियान के तहत राज्यभर में 15 नगर निगमों, 212 नगर पालिकाओं, 528 नगर पंचायतों, 56 जिला पंचायतों, 713 क्षेत्र पंचायतों और 42,666 ग्राम पंचायतों में संवाद, बैठकों और गोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिससे 'विकसित उत्तर प्रदेश @2047' का लक्ष्य जनसहयोग से और सशक्त हुआ है।

### जौनपुर रहा अव्वल संभल दूसरे स्थान पर

जिलावार फीडबैक में जौनपुर 3.21 लाख से अधिक सुझावों के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद संभल (3 लाख), प्रतापगढ़ (1.76 लाख), बिजनौर (1.67 लाख) और गोरखपुर (1.58 लाख) प्रमुख रहे।

# 70 वर्ष तक के डॉक्टरों का पुनर्योजन अटका

## सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञों की कमी से जूझ रहा स्वास्थ्य विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की लगातार कमी से मरीजों की परेशानी बढ़ती जा रही है। सेवानिवृत्त डॉक्टरों के पुनर्योजन को 65 से बढ़ाकर 70 वर्ष तक किए जाने का प्रस्ताव फाइलों में अटका होने की वजह से कमी थम नहीं रही है। जबकि शासन ने इस पर स्वास्थ्य महानिदेशक से कई माह पूर्व प्रस्ताव मांगा था, लेकिन अब तक निर्णय नहीं हो सका है।

फिलहाल स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों की अधिवर्षता आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष की जा चुकी है। इसके बाद सेवानिवृत्त होने वालों की संख्या कुछ कम तो हुई है, लेकिन पुनर्योजन अंतर्गत कार्य करने वाले जो विशेषज्ञ 65 वर्ष पूरे कर रहे हैं, वे सेवामुक्त हो रहे हैं। इनकी जगह नए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है, जिससे अस्पतालों में विशेषज्ञों की भारी कमी बनी हुई है और बढ़ भी रही है।

स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की तर्ज पर डॉक्टरों के पुनर्योजन की अधिकतम आयु 70 वर्ष करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। शासन ने इस पर जल्द रिपोर्ट मांगी थी, ताकि अनुभवी डॉक्टरों की सेवाओं का लाभ मरीजों को मिल सके। लेकिन प्रस्ताव अब तक स्वीकृति की प्रतीक्षा में है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर सेवानिवृत्त डॉक्टरों को पुनर्योजन का अवसर 70 वर्ष तक दिया जाए तो सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञों की कमी काफी हद तक पूरी हो सकती है।



शासन द्वारा मांगे गए प्रस्ताव को निदेशालय द्वारा भेज दिया गया है। प्रस्ताव में ग्रेड वाइज सेवानिवृत्त होने वाले डॉक्टरों की स्थिति मांगी गयी थी, किस वर्ष में कितने विशेषज्ञ डॉक्टर सेवानिवृत्त होंगे, समस्त जानकारी प्रस्ताव में है।

**-डॉ. रतन पाल सिंह सुमन, स्वास्थ्य महानिदेशक उप्र.**



अभी इस प्रस्ताव पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। जल्द ही, संभवतः आगामी सोमवार को पत्रावली मंगाकर अधिकारियों के साथ विमर्श किया जाएगा, और जनहित में निर्णय लिया जाएगा।

**-ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उप्र.**

# भाजपा सरकार में हर दिन सामने आ रहा नया घोटाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार, लूट और घोटाले का रिकार्ड बना रही है। लोगों ने भ्रष्टाचार और लूट करने में पवित्र नगरों अयोध्या और वाराणसी को भी नहीं छोड़ा। इस सरकार में हर दिन भ्रष्टाचार के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं।

सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि अयोध्या में जमीनों के खरीद-फरोख्त से लेकर निर्माण और टेंडर हर कार्य में घोटाला ही घोटाला हुआ है। घोटाला करने वाले सब भाजपाई हैं। चित्रकूट कोषागार में पेंशन घोटाले में जमकर लूट हुई है। मृत पेंशनरों के नाम पर करोड़ों की रकम निकाल कर बंदरबांट कर ली गयी। यह घोटाला काफी बड़ा हैं। निर्माण कार्यों, सड़कों के निर्माण में जमकर कमीशनखोरी और लूट है। एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं में भ्रष्टाचार पहले ही उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर भ्रष्टाचार और इस सरकार के झूठ के कारण लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे है। नौ साल की सरकार में यह सरकार सड़कों के गड्ढे नहीं भर पायी।

## छठ महापर्व की तैयारी



लखनऊ में गोमती नदी के घाट पर छठ पूजा के लिए वेदी तैयार करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# यूपी में रोजगार का नया ठिकाना बना फूड सेक्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्लोबल ट्रेड रिसर्च की रिपोर्ट में यूपी और गुजरात देश के फूड प्रोसेसिंग हब
- योगी के निवेशोन्मुख दृष्टिकोण से यूपी कृषि आधारित औद्योगिक क्रांति के दौर में



**अमृत विचार :** रोजगार का नया ठिकाना अब फूड सेक्टर बन रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च की हालिया रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश और गुजरात को देश के दो सबसे सशक्त प्रोसेसिंग केंद्रों के रूप में चिन्हित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निवेशोन्मुख दृष्टिकोण से यूपी कृषि आधारित औद्योगिक क्रांति के दौर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य अब सिर्फ खाद्यान्न उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि भारत का उभरता फूड प्रोसेसिंग पावरहाउस बन चुका है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जहां गुजरात में मेहसाणा और बनासकांठा में अत्याधुनिक डिहाइड्रेशन संयंत्र स्थापित हुए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश के आगरा और फर्रूखाबाद में भी अत्याधुनिक फूड प्रोसेसिंग हब विकसित हो रहे हैं। इन संयंत्रों से किसानों को अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य और बाजार तक सीधी पहुंच मिल रही है। प्रदेश में इस समय 65 हजार से अधिक फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स संचालित हैं, जो करीब 2.55 लाख युवाओं को रोजगार दे रही हैं। सरकार का लक्ष्य है कि हर जिले में कम से कम 1,000 नई यूनिट्स लगाई जाएं।

### कानपुर और लखनऊ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच

प्रदेश सरकार अब हाई-वैल्यू क्रॉप्स, फल-सब्जी प्रसंस्करण और निर्यात-उन्मुख उद्योगों पर फोकस कर रही है। आगरा में प्रस्तावित इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र से कानपुर, लखनऊ, फर्रूखाबाद और आगरा जैसे जिलों के किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिलेगी। अमेरिका, बांग्लादेश, यूएई और वियतनाम जैसे देशों में भारतीय प्रोसेस्ड फूड की मांग लगातार बढ़ रही है।

### बरेली में बन रहा इंटीग्रेटेड एग्रो प्रोसेसिंग हब

बरेली, बाराबंकी, वाराणसी और गोरखपुर में विकसित एग्रो और फूड प्रोसेसिंग पार्क राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहे हैं। बरेली में बीएल एग्रो समूह 1,660 करोड़ की लागत से एक इंटीग्रेटेड एग्रो प्रोसेसिंग हब विकसित कर रहा है, जिसमें चावल मिलिंग, तेल निष्कर्षण और पैकेजिंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी।

**चिंताजनक** | विशेषज्ञों का कहना है कि मोटापे ने कुपोषण का बदला स्वरूप

# प्रदेश में 37.1 फीसद बच्चे मोटापे के कुपोषण का शिकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जब भी कुपोषण की बात होती है तो लोगों के दिमाग में सबसे पहले कमजोर और दुबले-पतले लोग बच्चे आते हैं, लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है, आपको ये जानकर हैरानी होगी कि मोटापा अब बच्चों और बड़ों में कुपोषण का सबसे आम कारण बन चुका है। सितंबर में जारी 'चिल्ड्रेन इन इंडिया 2025' रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 5 से 9 साल की आयु वर्ग के 37.1 फीसद बच्चों में हाई ट्राईग्लिसराइड यानी शरीर में वसा (फैट) का स्तर बहुत पाया गया, जो चिंता का विषय है। यह जानकारी संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) की वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पियाली ने साझा की।



डॉ. पियाली



डॉ. शिल्पी त्रिपाठी

डॉ. पियाली ने बताया कि मोटापे को लेकर सरकार भी गंभीर है। इस बार के पोषण अभियान की थीम में ''मोटापा निवारण- चीनी नमक एवं तेल के उपभोग में कमी को शामिल किया गया है। मोटापा भी कुपोषण का एक प्रकार है। वर्तमान समय में बच्चे उच्च वसा, उच्च चीनी, उच्च नमक, उच्च ऊर्जायुक्त और सूक्ष्म पोषक तत्वों रहित खाद्य पदार्थों के संपर्क में अधिक हैं।

एसजीपीजीआई की वरिष्ठ डायटीशियन डॉ. शिल्पी त्रिपाठी ने एक केस का उदाहरण देते हुए बताया कि कुछ दिनों पहले एसजीपीजीआई में इलाज के लिए एक छह वर्ष के बच्चे को लाया गया था। उसका वजन 28 किलो था, जबकि उसका वजन 18.3 किलोग्राम होना चाहिए था। पांच से नौ साल के बच्चों में सामान्य ट्राईग्लिसराइड 30-100 मिग्रा/डेसीलीटर होना चाहिए, लेकिन बच्चे का 200 मिग्रा/डेसीलीटर था। बच्चा बाहर के खाद्य पदार्थों का सेवन ज्यादा करता था। उसका डाईट प्लान बनाया गया। दो माह बाद उसका चार किलो वजन कम हुआ, वहीं ट्राईग्लिसराइड घटकर 150 मिग्रा डेसीलीटर हो गया।

### इन खाद्य पदार्थों का सेवन करें कम

- साधारण कार्बोहाईड्रेट जैसे मिठाई, शक्कर से बचें।
- तला हुआ खाना, जंक फूड, फास्ट फूड।
- मैदा, सफेद ब्रेड, नूडल्स, पिज्जा, पराठे, पूड़ी।

### इन खाद्य पदार्थों को भोजन में करें शामिल

- उच्च फाइबर कार्बोहाइड्रेट भरपूर बीन्स सब्जियां, साबुत अनाज, फल, ब्राउन राइस, ओट्स, दलिया, क्विनोआ और मल्टीग्रेन आटा। उच्च फाइबर युक्त आहार के सेवन से वसा और चीनी का अवशोषण धीमा होता है और जिससे ट्राईग्लिसराइड का स्तर कम हो जाता है।
- दलहन व दालें : मसूर, चना, राजमा, लो-फैट दालें।
- अच्छी वसा : अलसी के बीज, चिया सीड्स, अखरोट, बादाम (कम मात्रा में)।
- लो-फैट डेयरी : टोंड दूध, दही, छाछ।

### जीवनशैली में शामिल करें ये आदतें

- नियमित व्यायाम, रोज 30 मिनट तेज चाल, योग, आउटडोर गेम्स खेलें।
- बच्चे को लंबे समय तक भूखा न रखें।
- स्कूल जाने वाले बच्चों को लंच के साथ एक फल भी जरूर दें।



जो कुझ साडे अंदर वस्से
जात असाडी सोई
जिसदे नाल मैं न्योंह
लगाया ओही जैसी होई

बाबा बुल्ले शाह जी कहते हैं, जो कुछ हमारे भीतर है, वही हमारी पहचान है। मैंने जिससे प्रेम किया, मैं उसी के जैसा हो गया हूं।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरोध की सेकुलर ग्रंथि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फिर से निशाने पर है। कर्नाटक सरकार ने पंचायती राज विभाग के कर्मचारी को संघ के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के कारण निलंबित कर दिया है। कर्नाटक सरकार के वरिष्ठ मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेटे प्रियंक खड़गे ने भी कहा है कि केंद्रीय सत्ता में आने पर वे संघ को प्रतिबंधित कर देंगे। दरअसल केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर लागू सेंट्रल सिविल सर्विसेज कंडक्ट 1964 के अंतर्गत कर्मचारियों के संघ के कार्यक्रमों में भाग लेने पर प्रतिबंध था। इस आदेश को 9 जुलाई 2024 को केंद्र द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन में संशोधित किया गया। निषिद्धता में बदलाव हुआ। संघ को अब प्रतिबंधित सूची से हटा दिया गया था। केंद्र और राज्य के कर्मचारियों के सेवा नियम अलग-अलग हैं। कर्नाटक के कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से रोका गया है। संघ की गतिविधियों को रोकने की यह कोशिश उचित नहीं है। ऐसा प्रयास संविधान विरोधी भी है। 9 जुलाई 2024 के बाद संघ के कार्यक्रम में भाग लेने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं होनी चाहिए।

संघ की गतिविधियों को लेकर हिंदुत्व के विरोधी स्वाधीनता आंदोलन के समय से ही सक्रिय हैं। ऐसे तत्व सेकुलरवाद के नाम पर हिंदू संस्कृति और परंपरा पर हमलावर रहते हैं। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने भी सेकुलरिज्म के नाम पर संघ के पथ संचरण कार्यक्रम पर रोक लगाई थी। स्टालिन सरकार ने संघ के कार्यक्रम को रोकने के लिए रास्ते में मस्जिद और चर्च होने के सामान्य अमान्य तर्क दिए और कार्यक्रम की अनुमति देने से इनकार किया, तब मद्रास उच्च न्यायालय ने उनके इस कृत्य पर कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था, "संघ को अनुमति देने से मना करने का निर्णय संविधान के विरुद्ध है और लोकतंत्र के भी असंगत है। सरकार का निर्णय मौलिक अधिकारों के भी विरुद्ध है।" उसके भी एक साल पहले स्टालिन सरकार ने ऐसा ही किया था। संघ ने गांधी जयंती और आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन की अनुमति मांगी थी। राष्ट्रवाद के विरोधी मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसकी भी अनुमति नहीं दी थी। संघ ने तब भी न्यायालय की शरण ली थी। खास बात यह है कि स्टालिन ने सनातन परंपरा को भी मलेरिया, डेंगू, कोरोना आदि बताया था। संघ 100 साल का हो चुका है। इस अवधि में संघ ने सारी दुनिया में विशेष प्रतिष्ठा हासिल की है। संघ का मूल आधार हिंदुत्व है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने हिंदुत्व को भारत की जीवन पद्धति बताया था। हिंदुत्व किसी रीलिजन या उपासना पद्धति का नाम नहीं है। भारत में सुदीर्घ काल से चली आ रही संस्कृति और उस पर आधारित जीवन पद्धति का नाम है हिंदुत्व। संघ इसी विचारधारा को लेकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुटा हुआ है। संघ ने पूरे देश में हिंदुत्व का वातावरण बनाने में सफलता पाई है। यह बात छद्म सेकुलरवादियों को खलती है। सेकुलर भारतीय विचार नहीं है। यह विचार यूरोप से आया था। सेकुलर शब्द का अर्थ इहलोकवादी, प्रत्यक्ष, भौतिक और सांसारिक होता है। इसका अर्थ है इस संसार में जो कुछ भी भौतिक दिखाई पड़ रहा है, वही सही है। इस विचार के अनुसार हिन्दू आस्था गैर सेकुलर हैं। ईश्वर प्रत्यक्ष नहीं होता। सेकुलरवाद की परिभाषा में ईश्वर भी सेकुलर नहीं है। संघ दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन है। संघ भी सेकुलरवाद के चश्मे में सांप्रदायिक है, लेकिन घोर सांप्रदायिक कट्टरपंथी मुस्लिम लीग, एआईएमआईएम सेकुलर हैं। ईसाईयत और इस्लामी विश्वास भी सेकुलर हैं। कायदे से दोनों विश्वासों में ईश्वर हैं और जहां ईश्वर है विश्वास है वे सेकुलरवादी नहीं हो सकते, लेकिन छद्म सेकुलरवाद में इस्लामी ईसाई विश्वास सेकुलर हैं। यहां सभी सांस्कृतिक प्रतीक सांप्रदायिक हैं। सरस्वती वंदना भी सांप्रदायिक है। इस्लामी परंपरा के रोजा आदि कार्यक्रमों में राजनेताओं का सम्मिलित होना सेकुलर है।

> श्रीराम जन्मभूमि सहित सभी आस्था केंद्रों में जाना गैर–सेकुलर और सांप्रदायिकता है। इन्हीं सेकुलरवादियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित योग को भी सांप्रदायिक बताया था। आरएसएस की देशभक्ति संस्कृति प्रियता और काम करने की सामान्य पद्धति बहुत लोकप्रिय है। उसके कार्यकर्ता देश और विचार के लिए अपना करियर छोड़ देते हैं। मातृभूमि के लिए किसी भी सीमा तक जाने की भावना रखते हैं। कांग्रेस को संघ अच्छा नहीं लगता। श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए संघ का घोर विरोध किया था। उन्होंने 1975 के आपातकाल के साथ संघ पर प्रतिबंध भी लगाया था। संघ के हजारों कार्यकर्ताओं को लंबी अवधि तक जेल में डाल दिया था, जो जेल नहीं जा सके, उनका भी व्यापक उत्पीड़न हुआ था।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

श्रीराम जन्मभूमि सहित सभी आस्था केंद्रों में जाना गैर सेकुलर है और सांप्रदायिकता है। इन्हीं सेकुलरवादियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित योग को भी सांप्रदायिक बताया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की देशभक्ति संस्कृति प्रियता और काम करने की सामान्य पद्धति बहुत लोकप्रिय है। उसके कार्यकर्ता देश और विचार के लिए अपना करियर छोड़ देते हैं। मातृभूमि के लिए किसी भी सीमा तक जाने की भावना रखते हैं। कांग्रेस को संघ अच्छा नहीं लगता। प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए संघ का घोर विरोध किया था। उन्होंने 1975 के आपातकाल के साथ संघ पर प्रतिबंध भी लगाया था। संघ के हजारों कार्यकर्ताओं को लंबी अवधि तक जेल में डाल दिया था, जो जेल नहीं जा सके, उनका भी व्यापक उत्पीड़न हुआ था। कांग्रेस संघ विरोधी है। वह तुष्टिकरण की नीति पर चलती है। हिंदू विचार की निंदा से थोक वोट बैंक लेने की नीति पर चलती है।


कांग्रेस के नेता और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता ने कई बार संघ की आलोचना की है। नेता प्रतिपक्ष होने के पहले उन्होंने संघ से लड़ने की घोषणा की थी। वैचारिक आधार पर संघर्ष करना अच्छी बात है। उन्होंने अपने एक बयान में कहा था कि वह गीता और उपनिषद पढ़कर संघ से निपटेंगे। मैंने उनके इस बयान का स्वागत किया था। गीता, उपनिषद भारतीय संस्कृति और दर्शन के अद्भुत ग्रंथ हैं। ये ग्रंथ संपूर्ण ब्रह्मांड को एक इकाई मानते हैं। सारी दुनिया को परिवार जानने की अनुभूति देते हैं। अफसोस कि राहुल जी ने अपना यह वादा पूरा नहीं किया।

संघ अपने 100 वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में गहन जनसंपर्क अभियान चला रहा है। राष्ट्रीय संकट के प्रत्येक अवसर पर संघ ने सरकार का साथ दिया है। संघ की गतिविधियां भारतीय संविधान के संगत हैं। संविधान के अनुच्छेद 19 में संगठन बनाने और देश की सेवा करने का अधिकार है। संविधान में कहा गया है कि "सभी नागरिकों को वाक् स्वातंत्र्य और विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होगी। शांतिपूर्वक और निरायुध सम्मेलन का भी अधिकार होगा।" यह मौलिक अधिकार है। राज्य कर्मचारी भी भारत के संविधान के अनुसार किसी संगठन की गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए स्वतंत्र हैं। कर्मचारी भी भारत के नागरिक हैं। उनके संवैधानिक अधिकारों को छीना नहीं जा सकता। मुंबई हाईकोर्ट ने 1962 में कहा था कि किसी सरकारी कर्मचारी का संघ की गतिविधियों में भाग लेना विध्वंसक कार्य नहीं है। उसे इसी आधार पर सरकारी सेवा से नहीं हटाया जा सकता। संघ के निंदक संविधान नहीं मानते। वे कोर्ट के आदेशों का सम्मान नहीं करते। बंगलुरु उच्च न्यायालय ने संघ का सदस्य होने के आधार पर न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति से वंचित रखने को वैध कारण नहीं माना। पटना, चंडीगढ़, भोपाल आदि न्यायालय के तमाम निर्णयों में संघ का सदस्य होना आपत्तिजनक नहीं पाया गया। अच्छा हो कि सरकारें भारत की राष्ट्रवादी विचारधारा का आदर करें और संघ को राष्ट्र निर्माण का कार्य करने दें।

# पीयूष पांडे: कहानीकार जिसने हर दिल से बात की



मेरे विज्ञापन क्षेत्र की शुरुआत 1991 में 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' के साथ हुई और उस समय यह कल्पना भी नहीं की थी कि बॉम्बे (अब मुंबई) में एक ही मुलाकात मेरी पेशेवर यात्रा पर इतना प्रभाव डाल जाएगी। वह मुलाकात थी, पीयूष पांडे से- वह व्यक्ति, जिसने भारतीय विज्ञापन को नया आकार दिया और एक ऐसी रचनात्मक शक्ति बनकर उभरे, जिसने अरबों दिलों को जोड़ा।



डॉ. पार्थो कुनार
ट्रांसफॉर्मेशन स्ट्रेटिस्ट

बरसों गुजरने के साथ, जब मैं बरेली में एक प्रमुख क्षेत्रीय अखबार की दुनिया में आया, तो मैंने उनकी प्रतिभा की गहराई को समझा। पांडेय की रचनाएं महानगरों से परे पहुंचीं और उनका कथानक धारचूला और मुन्सियारी जैसे दूर-दराज के इलाकों में भी उतना ही प्रभावी था, जितना कि मुंबई या दिल्ली में। उन्होंने ऐसा संचार बनाया जो भूगोल, भाषा और धार्मिक बाधाओं को पार कर गया। भारत जैसे विविध देश में यह एक दुर्लभ उपलब्धि है।

उनके कार्य भारतीय विज्ञापन की यात्रा का जीवंत इतिहास हैं। 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' (1988) ने पूरे देश को एक स्वर में बांधा। 'लूना मोपेड' का 'चल मेरी लूना' आम भारतीय के सपनों का प्रतीक बना। 'सनलाइट डिटर्जेंट' का पहला विज्ञापन उनकी सरल और सशक्त लेखन शैली का परिचायक था। कैडबरी डेयरी मिल्क का 'कुछ खास है हम सभी में' (1993) हर भारतीय के दिल में जगह बना गया। 'एशियन पेंट्स' का 'हर घर कुछ कहता है' (2002)। इस ऐड ने घर की दीवारों को बोलने वाला बना दिया और फेविकोल के चुटीले अभियानों ने ब्रांड को भारतीय संस्कृति का हिस्सा बना दिया।

ये अभियान केवल विज्ञापन नहीं थे- ये जीवन की कहानियां थीं, जो भारतीय भावना, हास्य और अपनत्व से जुड़ी थीं। उनके शब्दों और चित्रों ने साधारण उत्पादों को सांस्कृतिक प्रतीकों में बदल दिया। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वह कहानी को हमेशा सच्चा और सबके लिए समझने योग्य बनाए रखते थे। ऐसी धरती पर, जहां हर दस किलोमीटर पर भाषा बदल जाती है, उनके संदेश फिर भी हर दिल तक पहुंचते थे। उनकी रचनात्मकता सदाबहार थी। 1980 के दशक का उनका काम आज भी विज्ञापन और मार्केटिंग की नई पीढ़ियों को प्रेरित कर रहा है, ठीक वैसे ही जैसे किशोर कुमार का कोई अमर गीत जो कभी पुराना नहीं होता।

जो लोग उनके युग में रहे हैं, उनके लिए हर अभियान एक सीख है। उनका योगदान केवल विज्ञापन नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा के उत्सव का प्रतीक है। बुद्धिमत्ता, गर्मजोशी और ऐसे शब्दों के माध्यम से जो सदैव याद रहेंगे। भारत ने केवल एक रचनात्मक प्रतिभा ही नहीं, बल्कि एक ऐसे गुरु को खोया है, जो पीढ़ियों के कहानीकारों के लिए प्रेरणा थे। पीयूष पांडे का योगदान अमर रहेगा- विचारों की शक्ति में विश्वास रखने वालों के लिए एक प्रकाशस्तंभ की तरह।

**भारतीय विज्ञापन के इस लीजेंड को सादर नमन!**

coo@amritvichar.com

# हर कोई करता है 50 किलो भोजन बर्बाद

विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (एसओएफआई) रिपोर्ट-2025 से उद्घाटित हुआ है कि वर्ष 2024 में 63.8 करोड़ से 72 करोड़ लोग, जो वैश्विक जनसंख्या का क्रमशः 7.8 और 8.8 प्रतिशत है, भूख का सामना करेंगे। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों में बढ़ी हुई मुद्रास्फीति ने क्रय शक्ति को कमजोर कर दिया है, जिसके कारण 2030 तक भूख और खाद्य असुरक्षा के उन्मूलन यानी एसडीजी लक्ष्य 2.1 बहुत दूर हो गया है। संयुक्त राष्ट्र की 2024 की ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 36 देशों में भूख का स्तर बेहद गंभीर है। इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्व स्तर पर 2025 तक 673 मिलियन लोग भूख का अनुभव करेंगे, जो कुल जनसंख्या का 8.2 प्रतिशत है। आंकड़ों के मुताबिक यह 2023 एवं 2022 की तुलना में थोड़ा कम है, लेकिन चुनौती जस की तस बरकरार है।



अरविंद जयतिलक
लेखक

संयुक्त राष्ट्र की 2024 की रिपोर्ट पर गौर करें, तो विश्व में हर साल लगभग 1.05 अरब टन खाना बर्बाद होता है, जो कि कुल खाद्य उत्पादन का 19 प्रतिशत है। इसका मतलब यह हुआ कि दुनियाभर में हर दिन लगभग एक अरब से ज्यादा थालियां बर्बाद हो जाती हैं। खाने की बर्बादी के मामले में पहला स्थान चीन का है, जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। दूसरे स्थान पर भारत है, जहां हर साल 6.7 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। यह प्रति व्यक्ति के हिसाब से 50 किलो ठहरता है। खाने की यह बर्बादी इस अर्थ में ज्यादा चिंतनीय है कि एक ओर जहां दुनियाभर के करोड़ों लोग भुखमरी के शिकार हैं, वहीं करोड़ों टन खाना बर्बाद हो रहा है।

गत वर्ष पहले एसोचैम और एमआरएसएस इंडिया की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में हर वर्ष 440 अरब डॉलर के दूध, फल और सब्जियां बर्बाद होती हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के एक बड़े उत्पादक देश होने के बावजूद भी भारत में कुल उत्पादन का करीब 40 से 50 फीसदी भाग, जिसका मूल्य लगभग 440 अरब डॉलर के बराबर है, बर्बाद हो जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक देश में हर साल उतना भोजन बर्बाद होता है, जितना ब्रिटेन उपभोग करता है। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख मिट्रिक टन था, लेकिन इसके बावजूद भी यह अन्न लोगों की भूख नहीं मिटा पा रहा है। ऐसा नहीं है कि यह उत्पादित देश की आबादी के लिए कम है, लेकिन अन्न की बर्बादी के कारण करोड़ों लोगों को भूखे पेट रहना पड़ रहा है। भोजन की कमी से हुई बीमारियों से देश में सालाना हजारों बच्चों की जान जाती है। वैश्विक भूख सूचकांक-2024 के मुताबिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत दुनिया के 127 देशों में 105 वें स्थान पर रहा है। भारत को इस सूचकांक में गंभीर श्रेणी में रखा गया है। भारत का स्कोर 27.3 है, जो गत साल से थोड़ा बेहतर है। बर्बाद भोजन को पैदा करने में 25 प्रतिशत स्वच्छ जल का इस्तेमाल होता है और साथ ही कृषि के लिए जंगलों को भी नष्ट किया जाता है। इस भोजन को उगाने में 30 करोड़ बैरल तेल की भी खपत होती है।

# AI: डिजिटल बैंकिंग का स्मार्ट युग

भारत में बैंकिंग क्षेत्र तेजी से डिजिटल रूप से विकसित हुआ है। आज बैंकिंग सेवाओं का बड़ा हिस्सा मोबाइल और इंटरनेट प्लेटफॉर्म पर आ चुका है। केवल UPI के माध्यम से जुलाई-अगस्त 2025 में लगभग 20 अरब लेन-देन हुए, जिनकी कुल राशि 25 लाख करोड़ के आसपास रही। इतने बड़े लेन-देन प्रवाह को संभालने में मानव निर्भर व्यवस्था असंभव होती। ऐसे में एआई और ML तकनीक ने बैंकों को ऑपरेशन में कुशलता, समय की बचत और लागत में भारी कमी करने में मदद की है।

एआई ने बैंकिंग क्षेत्र के सबसे जटिल हिस्से ग्राहक सेवा को पूरी तरह बदल दिया है। पहले जहां ग्राहकों को कॉल सेंटर या शाखा में जाकर मदद लेनी पड़ती थी, वहीं अब चैटबॉट, वॉयस असिस्टेंट और डिजिटल हेल्पडेस्क 24x7 सुविधा प्रदान करते हैं। उदाहरण के लिए देश के बड़े बैंक जैसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, HDFC बैंक और ICICI बैंक ने ऐसे एआई असिस्टेंट्स लॉन्च किए हैं, जो लाखों ग्राहकों को एक साथ उत्तर दे सकते हैं। इससे बैंक के कॉल सेंटर की लागत में 40% से अधिक की बचत हुई है और ग्राहक संतुष्टि स्तर भी बढ़ा है।

> एआई ने बैंकिंग क्षेत्र के सबसे जटिल हिस्से– ग्राहक सेवा को पूरी तरह से बदल दिया है। पहले जहां ग्राहकों को कॉल सेंटर या शाखा में जाकर मदद लेनी पड़ती थी, वहीं अब चैटबॉट, वॉयस असिस्टेंट और डिजिटल हेल्प डेस्क 24x7 सुविधा प्रदान करते हैं।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का YONO प्लेटफॉर्म अब नौ करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं तक पहुंच चुका है। बैंक के लगभग 65% बचत खाते और 40% से अधिक व्यक्तिगत ऋण अब डिजिटल रूप से खोले जा रहे हैं। इसका अर्थ है कि शाखाओं में फाइल प्रोसेसिंग, दस्तावेज जांच और मैनुअल कार्यों पर लगने वाली लागत अब बहुत कम हो गई है। निजी क्षेत्र में HDFC Bank का "EVA" और ICICI Bank का "iPal" जैसे एआई बॉट ग्राहकों के प्रश्नों का उत्तर सेकंडों में देते हैं, जिससे हैंडलिंग टाइम व मानव संसाधन खर्च घटा है।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

मशीन लर्निंग ने बैंकों की जोखिम प्रबंधन प्रणाली को भी अत्यधिक मजबूत बनाया है। UPI और डिजिटल पेमेंट्स में हर दिन करोड़ों ट्रांजैक्शन होते हैं, जिनमें धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है। अब बैंक ML algorithm के माध्यम से लाखों ट्रांजैक्शन पैटर्न का विश्लेषण कर संदिग्ध गतिविधियों को तुरंत पहचान लेते हैं। इससे बैंक करोड़ों रुपये के संभावित नुकसान से बच रहे हैं। एआई आधारित क्रेडिट अंडरराइटिंग ने ऋण स्वीकृति प्रक्रिया को भी बदल दिया है। पहले जहां लोन आवेदन का आकलन कई दिनों तक चलता था, वहीं अब एआई की मदद से कुछ ही मिनटों में उधारकर्ता की क्रेडिट योग्यता का आकलन किया जा सकता है। GST डेटा, मोबाइल व्यवहार, ट्रांजैक्शन हिस्ट्री जैसे वैकल्पिक डेटा पॉइंट्स के आधार पर अब बैंक लोन देने के निर्णय तेजी से लेते हैं। इससे प्रोसेसिंग समय में 70% तक कमी और लागत में भारी बचत हुई है।

बैंकिंग संचालन के दृष्टिकोण से देखा जाए तो एआई ने कॉस्ट-टू-इनकम अनुपात को भी घटाया है। वित्त वर्ष 2023 से 2025 के बीच अधिकांश सार्वजनिक और निजी बैंकों ने परिचालन दक्षता में 10-15% सुधार दर्ज किया है। इसके पीछे डिजिटल चैनलों का विस्तार और एआई आधारित प्रक्रियाओं का बड़ा योगदान है। शाखाओं की संख्या वही रही, लेकिन ट्रांजैक्शन डिजिटल माध्यमों से हुए, जिससे लागत घटी। ग्राहक सेवा की दृष्टि से भी परिवर्तन उल्लेखनीय है। अब ग्राहक व्हाट्सएप, चैटबॉट या मोबाइल ऐप से सीधे बैलेंस, स्टेटमेंट या पेमेंट कर सकते हैं। इससे कॉल सेंटर पर दबाव कम हुआ और बैंकों की प्रति-ग्राहक सेवा लागत लगभग आधी हो गई है। कई बैंकों में 60-80% तक के साधारण प्रश्न अब एआई बॉट द्वारा ही सुलझा लिए जाते हैं।

एआई का उपयोग केवल लागत बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राजस्व बढ़ाने में भी मददगार है। एआई आधारित 'नेक्स्ट बेस्ट ऑफर' सिस्टम ग्राहक की जरूरत के अनुसार उत्पाद सुझाते हैं। इससे क्रॉस-सेल और अप-सेल दरों में 10-15% की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही एआई की मदद से लोन रिकवरी और कलेक्शन में भी सुधार आया है, क्योंकि मशीन यह तय करती है कि किस ग्राहक से कब और किस माध्यम से संपर्क करना अधिक प्रभावी रहेगा। हालांकि इन प्रगति के साथ कुछ चुनौतियां भी हैं। एआई पर अत्यधिक निर्भरता से डेटा सुरक्षा, साइबर जोखिम और algorithmic bias जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। इस कारण भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में 'एथिकल एआई फ्रेमवर्क' जारी किया है, जिससे एआई के उपयोग में पारदर्शिता, जवाबदेही और उपभोक्ता संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

# भगवान-भरोसे बैठे रहना कायरता के सिवा कुछ भी नहीं



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

समाज में अलग-अलग सोच और प्रकृति के लोग होते हैं। अपनी-अपनी विचारधारा से वे कर्म करते हैं। बहुतेरे भाग्यवादी होते हैं, जबकि बहुत से लोग कर्म पर विश्वास करते हैं और भाग्य-भरोसे नहीं बैठे रहते तथा जीवन में ऐसे सफलता भी हासिल करते हैं, जबकि भाग्यवादी लोग ईश्वर पर सब कुछ कर बैठ जाते हैं। ऐसे लोग गोस्वामी तुलसीदास की रामचरितमानस में उल्लिखित 'होइहै वही जो राम रचि राखा, को करि तर्क बढ़ावहिं साखा' चौपाई का उद्धरण देते हुए उस दिन का इंतजार करते हैं, जब भगवान सब कुछ प्रदान कर देंगे, जबकि यह चौपाई कर्म या भाग्य के लिए नहीं है। वनवास के दौरान सीता जी के अपहरण के बाद जब सती ने राम की परीक्षा लेने की जिद की, तब भगवान शिव ने अनुमति देते समय संदर्भित चौपाई का प्रयोग किया और सती को भगवान राम की परीक्षा लेने की अनुमति दे दी।

अब सवाल उठता है कि यहां अपने लक्ष्य के लिए भगवान भरोसे बैठने का कहां संदेश है? यदि कर्म में इस चौपाई का प्रयोग किया जाएगा, तो वही होगा जो सती के साथ हुआ और सती राम की परीक्षा में फेल हो गईं। अंततोगत्वा शिव जी की नाराजगी भांपकर पिता दक्ष के घर आईं और वहां अग्निकुंड में कूदकर अपना जीवन उन्हें नष्ट करना पड़ा। इसलिए किसी भी उद्धरण को हर जगह लागू करना उचित नहीं। गोस्वामी तुलसीदास ने ही सुंदरकांड में 'प्रबिसि नगर कीजे सब काजा, हृदय राखि कोसलपुर राजा' चौपाई का उल्लेख किया है। इस चौपाई में 'सब काजा' पर जरूर ध्यान देना चाहिए। यानी कुशलता की भावना रखने वाला राजा जो कोई काम करता है, वह लोकहित का काम होता है।

इस चौपाई के अनुसार यदि कहीं अन्याय और अत्याचार हो रहा है, तब भाग्य भरोसे बैठ नहीं जाना चाहिए, बल्कि अन्याय तथा अत्याचार का विरोध करना चाहिए। ऐसी स्थिति में गोस्वामी जी ने आगे 'गरल सुधा रिपु करे मिताई, गोपद सिंधु अनल सितलाई' चौपाई में स्पष्ट कर दिया कि अन्याय तथा अत्याचार का विरोध करने पर विष अमृत हो जाता है, दुश्मन भी मित्रता करने लगते हैं तथा संसार-सिंधु गाय के पांव से लांघने की शक्ति मिलती है और अत्याचार की आग शीतल हो जाती है, इसलिए भाग्य के सहारे नहीं बैठना चाहिए।

# ग्रामीण क्षेत्र: शिक्षा सहज अधिकार नहीं, बल्कि रोज की जंग



हर समाज की असली ताकत उसके शैक्षणिक स्तर से झलकती है, वहां से जहां बच्चे स्कूल जाने के सपने देखना सीखते हैं, लेकिन भारत के कई ग्रामीण इलाकों में ये स्कूल अब भी सपनों के नहीं, संघर्षों के प्रतीक बने हुए हैं। यहां शिक्षा कोई सहज अधिकार नहीं, बल्कि रोज की जंग है। ये जंग गरीबी से, असमानता से और कभी-कभी खुद समाज की सोच से भी होती है, असली सवाल यह है कि जो कदम मानवीय संवेदना और समानता की भावना से शुरू होनी चाहिए, क्या सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था बदलने से वह बदलाव आएगा?

ग्रामीण इलाकों में सरकारी स्कूलों की हालत किसी से छिपी नहीं है। यहां अक्सर शिक्षकों की भारी कमी रहती है। कई बार वर्षों तक पद खाली रहते हैं, जिससे एक ही शिक्षक को कई विषय पढ़ाने पड़ते हैं। परिणामस्वरूप बच्चों को न तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाती है और न ही शिक्षक अपने कार्य से संतुष्ट रहते हैं। ऐसे स्कूलों में ज्यादातर बच्चे आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं, वे परिवार जिनके माता-पिता रोजी-रोटी की तलाश में सुबह जल्दी निकल जाते हैं और देर शाम घर लौटते हैं। इन माता-पिता के सामने हर दिन यह द्वंद्व रहता है कि रोजी-रोटी कमाऊं या बच्चों की देखभाल करूं?



उर्मिला नायक
एक्टिविस्ट

ग्रामीण शिक्षा की इस बहस में लैंगिक दृष्टिकोण बेहद अहम है। जब माता-पिता काम पर निकल जाते हैं, तो अक्सर लड़कियां घर के कामकाज में लग जाती हैं और लड़के बाहर खेलते या घूमते हैं। धीरे-धीरे यह असमानता स्वाभाविक मानी जाने लगती है। शिक्षा यहां सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय का अवसर भी है, खासकर लड़कियों के लिए। अगर गांव में 12 वीं तक का स्कूल हो, तो लड़कियों को बाहर के गांव नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनका ड्रॉपआउट रेट काफी घट सकता है, लेकिन जब शिक्षा का ढांचा ही अधूरा है, तब समान अवसर की बात अधूरी रह जाती है। यह स्थिति न केवल लड़कियों की शिक्षा को प्रभावित करती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के अवसर से भी वंचित कर देती है।

शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि इंसानियत और समझ विकसित करने का माध्यम है। ग्रामीण समाज में जब हम शिक्षा की बात करते हैं, तो यह केवल 'स्कूल में पढ़ाई' की बात नहीं होती, बल्कि यह बच्चों की सुरक्षा, उनकी भावनात्मक स्थिरता और उनके सपनों से जुड़ी होती है। अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति समुदायों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। गांवों में शिक्षा को लेकर जागरूकता बहुत सीमित है, क्योंकि यहां 'कमाना' अक्सर 'पढ़ने' से ज्यादा जरूरी समझा जाता है।


यह मानसिकता किसी व्यक्ति की गलती नहीं, बल्कि एक लंबे सामाजिक-आर्थिक संघर्ष का परिणाम है। जब पेट भरने का सवाल हो, तब शिक्षा की प्राथमिकता पीछे छूट जाती है, इसलिए शिक्षा के अधिकार को केवल नीति या योजना का हिस्सा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसर के अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए। शिक्षा सुधार में महिलाओं की भागीदारी को केंद्र में रखना जरूरी है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम होती हैं, तब वे अपने बच्चों विशेष रूप से लड़कियों की शिक्षा पर अधिक ध्यान देती हैं, लेकिन ग्रामीण भारत में आज भी कई महिलाएं निर्णय प्रक्रिया से दूर रखी जाती हैं।

यदि सरकार महिलाओं को सशक्त करने वाली योजनाओं को शिक्षा नीति से जोड़ दे, जैसे महिलाओं के लिए स्थानीय स्कूल समितियों में प्रतिनिधित्व, स्कूल प्रबंधन में भागीदारी और बेटियों की शिक्षा पर प्रोत्साहन, तो इसका असर जमीनी स्तर पर दिखाई देगा। शिक्षा सुधार तभी सफल होगा, जब महिलाओं की आवाज न केवल सुनी जाए, बल्कि वे नीति निर्माण का हिस्सा भी बनें। ग्रामीण शिक्षा की समस्या किसी एक विभाग या संस्था की नहीं है। यह पूरी समाज की जिम्मेदारी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।




आर्यन खान ने हाल ही में अपने निर्देशन की शुरुआत नेटफ्लिक्स वेब सीरीज 'द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड' से की है, जिसने दर्शकों और आलोचकों दोनों का ध्यान खींचा है। यह शो बॉलीवुड के ग्लैमरस और अराजक अंदरूनी कामकाज की एक व्यंग्यात्मक झलक पेश करता है और इसे अपनी चुटीले हास्य, चतुराई भरे संवादों और बॉलीवुड के प्रति श्रद्धा के लिए सराहा गया है।



# आर्यन खान का निर्देशन में पहला कदम

# 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'

## निर्देशकीय दृष्टि और कथा शैली

इस सात-एपिसोड की सीरीज में आर्यन खान ने एक महत्वाकांक्षी बाहरी व्यक्ति आसमान सिंह की कहानी पेश की है, जो बॉलीवुड की चकाचौंध से भरी दुनिया में अपनी पहचान बनाने की कोशिश करता है। कहानी सत्ता, पैसे और इंडस्ट्री के 'माफिया' के बीच घूमती है, जिसमें कई बॉलीवुड संदर्भ और स्टार-जड़ीदार कैमियो शामिल हैं, जिनमें सलमान खान, शाहरुख खान, आमिर खान और रणबीर कपूर जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। आर्यन की कहानी कहने की शैली को स्टाइलिश और तेज-तर्रार बताया गया है, जो आज के दर्शकों को पसंद आती है।

## शाहरुख खान के प्रति गर्वानुभूति

इस सीरीज में आर्यन ने अपने पिता शाहरुख खान के करियर के प्रति गर्व प्रकट किया है। कई मौकों पर, शो में शाहरुख के करियर के संदर्भ और यादगार पल दिखाए गए हैं, जिसने उनके प्रशंसकों को भावुक और पुरानी यादों में खो जाने का एहसास कराया। एक दृश्य में आसमान को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिलता है और वह शाहरुख की फिल्म 'ओम शांति ओम' के प्रतिष्ठित संवाद, 'अगर किसी चीज को दिल से चाहो...' को दोहराता है, जिसने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी थी। शाहरुख का खुद शो में एक कैमियो करना उनके प्रशंसकों के लिए एक भावनात्मक क्षण था, जो दिल्ली से मुंबई तक के उनके सफर को दर्शाता है।

## निर्देशन और लेखन

एक अभिनेता के रूप में डेब्यू करने के बजाय, आर्यन ने निर्देशन को चुना, क्योंकि उन्हें इसमें रचनात्मक नियंत्रण मिला। उन्होंने अपनी इस पहली सीरीज को सह-लिखा और सह-निर्देशित किया, जिससे उनकी कहानी कहने की क्षमता सामने आई। आर्यन ने बताया कि बचपन से ही उनके पिता ने उन्हें फिल्म निर्माण के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया, जो उनके लिए जादू जैसा था। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान अपने पिता और बहन सुहाना के साथ मिलकर एक शॉर्ट फिल्म भी बनाई थी।


## विवाद और प्रतिक्रिया

सीरीज के कुछ दृश्यों पर विवाद भी हुआ है। एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े ने मानहानि का मुकदमा दायर करते हुए आरोप लगाया है कि एक किरदार में उनका मजाक उड़ाया गया है। हालांकि आर्यन ने अपने शो का बचाव करते हुए कहा कि वह 'आत्म-व्यंग्यात्मक' होना चाहते थे, न कि 'अनादरपूर्ण'। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कुछ चुटकुले सभी के लिए नहीं हो सकते हैं, लेकिन युवाओं को यह पसंद आ सकता है।

## सफल उद्यमी


निर्देशन के अलावा, आर्यन खान एक सफल उद्यमी भी हैं। 2022 में उन्होंने 'स्लैब वेंचर्स' नामक कंपनी की सह-स्थापना की, जिसके तहत उन्होंने 'डी' यावोल' नामक एक लक्जरी कलेक्टिव ब्रांड लॉन्च किया। हाल ही में उन्होंने और उनके पिता ने निखिल कॉमथ और रेडिको खेतान के साथ मिलकर एक प्रीमियम शराब ब्रांड, 'डी'यावोल स्पिरिट्स' भी लॉन्च किया।

'द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड' आर्यन खान के लिए एक मजबूत और प्रभावशाली शुरुआत है, जिसने साबित कर दिया है कि वह कैमरे के पीछे भी उतने ही प्रतिभाशाली हैं, जितने कि कैमरे के सामने। यह शो न केवल मनोरंजन करता है, बल्कि बॉलीवुड की चकाचौंध के पीछे की कुछ सच्चाइयों को भी उजागर करता है। अपनी पहली ही फिल्म में आर्यन ने एक निडर और रचनात्मक निर्देशक के रूप में अपनी पहचान बनाई है और उनका भविष्य काफी उज्ज्वल नजर आता है।




# 'द गॉडफादर' बनने की दिलचस्प कहानी

लेखक मारियो पूजो ने एक उपन्यास लिखा 'द गॉड फादर'। यह उपन्यास आज भी बहुत चर्चित है। इस उपन्यास पर फिल्म बनाना बहुत मुश्किल काम था, लेकिन पैरामाउंट पिक्चर ने यह जोखिम उठाया। इस उपन्यास की कहानी 1945 से 1955 के बीच न्यूयार्क के एक माफिया डॉन परिवार पर बेस्ड है। वीटो कोरलियॉन (मार्लन ब्रांडो) इस परिवार के मुखिया हैं। उन्हें ही डर से लोग 'गॉड फादर' के नाम से पुकारते हैं। इस फिल्म को अमेरिकन फिल्म इंस्टीट्यूट ने 'वन ऑफ द बेस्ट अमेरिकन फिल्म्स एवर मेड' कहा है। इस फिल्म का निर्देशन फ्रांसिस फोर्ड कोपोला ने किया है। इस फिल्म को बनाने की कहानी बड़ी ही दिलचस्प है।



'द गॉडफादर' फिल्म का निर्माण एक असाधारण और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया थी, जो 1972 में रिलीज हुई थी। यह हॉलीवुड इतिहास की सबसे प्रशंसित और प्रभावशाली फिल्मों में से एक है। इसकी यात्रा कई बाधाओं, स्टूडियो के दखल और कलाकारों के चयन की समस्याओं से भरी हुई थी। फिल्म की कहानी मारियो पूजो के 1969 में प्रकाशित उपन्यास 'द गॉडफादर' पर आधारित है। पूजो ने यह किताब पैसा कमाने के उद्देश्य से लिखी थी, क्योंकि उनकी पिछली किताबें बहुत लोकप्रिय नहीं हुई थीं। यह उपन्यास तेजी से बेस्टसेलर बन गया। पैरामाउंट पिक्चर्स ने 1967 में ही इस उपन्यास के अधिकार खरीद लिए थे, जब यह एक अधूरा मसौदा था।

### निर्देशक का चयन

पैरामाउंट के कार्यकारी रॉबर्ट इवांस चाहते थे कि एक इटालियन अमेरिकी ही फिल्म का निर्देशन करें, ताकि यह प्रामाणिक लगे। उनकी पसंद फ्रांसिस फोर्ड कोपोला थे, जो उस समय एक युवा और संघर्षरत निर्देशक थे। कोपोला ने शुरुआत में उपन्यास को पसंद नहीं किया था। उन्हें लगा कि इसमें केवल सनसनीखेज तत्वों पर ध्यान दिया गया है, लेकिन बाद में उन्होंने इसे एक पारिवारिक गाथा के रूप में देखा और इसमें छिपी हुई शास्त्रीय त्रासदी को पहचाना।

### स्टूडियो की अड़चनें

कोपोला को पूरी शूटिंग के दौरान पैरामाउंट स्टूडियो के लगातार विरोध का सामना करना पड़ा। स्टूडियो उनके निर्णयों से नाराज था और कई बार उन्हें फिल्म से निकालने की धमकी दी। स्टूडियो फिल्म को आधुनिक समय (1970 के दशक) में सेट करना चाहता था, ताकि लागत कम हो, लेकिन कोपोला 1940 के दशक के समय पर अड़े रहे, जिससे फिल्म की भव्यता और लागत दोनों बढ़ गईं।

### कलाकारों का चयन

कोपोला के कलाकारों के चयन पर भी स्टूडियो को सख्त आपत्ति थी। मार्लन ब्रैंडो का नाम सुनते ही स्टूडियो के अधिकारी भड़क गए, क्योंकि उनका करियर ठीक नहीं चल रहा था और वे अक्सर सेट पर समस्याएं पैदा करते थे। कोपोला ने उन्हें कास्ट करने के लिए जिद्द की, यहां तक कि एक स्क्रीन टेस्ट करवाने के लिए भी तैयार हो गए। अल पचीनो उस समय एक नए कलाकार थे, जबकि स्टूडियो एक स्थापित नाम चाहता था। कोपोला को उनकी काबिलियत पर पूरा भरोसा था और उन्होंने उन्हें कास्ट करने के लिए स्टूडियो से लड़ाई की।

### माफिया का दबाव

जोसेफ कोलंबो के नेतृत्व वाले इटालियन-अमेरिकन सिविल राइट्स लीग ने फिल्म का विरोध किया, क्योंकि उन्हें लगा कि यह इटालियन-अमेरिकियों के बारे में रूढ़िवादिता को बढ़ावा देगी। उन्होंने पटकथा से 'माफिया' और 'कोसा नोस्ट्रा' जैसे शब्द हटाने की मांग की। फिल्म की लंबाई एक और बड़ी समस्या थी। कोपोला ने 90 घंटे से ज्यादा का फुटेज शूट किया था, जिसे स्टूडियो की मांग के अनुसार छोटा करना एक थका देने वाला काम था। फिल्म के संपादन के लिए कई एडिटरों को काम पर रखा गया।

### सदी की महानतम फिल्म

सभी चुनौतियों के बावजूद, कोपोला ने फिल्म को शानदार ढंग से पूरा किया। 'द गॉडफादर' ने समीक्षकों की प्रशंसा और बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की। इसने कई ऑस्कर जीते और इसे हमेशा के लिए सिनेमा की एक महानतम कृति माना जाता है। द गॉडफादर की कहानी न केवल कोरलियोन परिवार के बारे में है, बल्कि एक निर्देशक के अपने दृष्टिकोण पर टिके रहने और हॉलीवुड के दबाव का सामना करने के बारे में भी है।



## मॉडल आफ द वीक

**नामः** प्रभाती पांडेय
**टाउनः** लखनऊ
**एजुकेशनः** लारेटो कालेज में 11 वीं छात्रा
**अचीवमेंटः** मिस यूपी-2023
**ड्रीमः** मिस यूनिवर्स

## ज़िंदगी का सफर

# शर्मीली शर्मिला

जिन्होंने भी कश्मीर की कली देखी है, उन्हें मालूम होगा कि फिल्म अभिनेत्री शर्मिला टैगोर में अभिनय की कितनी रेंज हैं। उसमें वह एक चुलबुली सी कश्मीरी लड़की के किरदार में नजर आई थीं। शम्मी कपूर के साथ उनकी यह जोड़ी बहुत सफल रही। शर्मिला टैगोर का जन्म आठ दिसंबर 1944 को हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने हिंदी और बंगाली सिनेमा में छह दशकों तक काम किया। वह बंगाली टैगोर परिवार से संबंधित हैं। यह भी कहा जाता है कि उनकी रिश्तेदारी नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर से भी रही है। कहते हैं कि वह रवींद्र नाथ टैगोर की परपोती हैं।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शर्मिला टैगोर खुद रवींद्रनाथ टैगोर से रिश्तेदारी के बारे में बता चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि उन्हें इसके बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं है, लेकिन ये बेहतरीन सरनेम है और इस पर उनको गर्व है कि वो उस घर में पैदा हुई हैं। शर्मिला ने बताया था कि उनकी पैदाइश से तकरीबन तीन बरस पहले ही रवींद्रनाथ टैगोर का निधन हो चुका था। उन्होंने अपनी मम्मी से उनके बारे में ढेर सारी कहानियां जरूर सुनी थीं।

शर्मिला का जन्म एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था। उनके पिता, गीतिंद्रनाथ टैगोर, ब्रिटिश इंडिया कॉर्पोरेशन के महाप्रबंधक थे और उनकी मां का नाम इरा टैगोर था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कोलकाता के सेंट जॉन डायोसेसन गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल से पूरी की। 13 साल की उम्र में, उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी, क्योंकि उनका ध्यान पूरी तरह से अभिनय पर केंद्रित हो गया था। शर्मिला ने 1959 में सत्यजीत रे की बंगाली फिल्म 'अपुर संसार' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।

उन्होंने 1964 में फिल्म 'कश्मीर की कली' से बॉलीवुड डेब्यू किया। 1967 में आई फिल्म 'एन इवनिंग इन पेरिस' में बिकिनी पहनने वाली वह पहली भारतीय अभिनेत्री थीं। उन्होंने उस समय की रूढ़ियों को तोड़ा था।

1969 में आई फिल्म 'आराधना' से उन्हें अपार सफलता मिली। यह फिल्म उस दौर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। राजेश खन्ना के साथ उनकी जोड़ी काफी सफल रही और उन्होंने कई हिट फिल्में दीं, जिनमें 'आराधना', 'अमर प्रेम', 'सफर' और 'दाग' शामिल हैं। 1975 में उन्होंने गुलजार की फिल्म मौसम में भी काम किया, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। हाल ही में उन्होंने 2023 में फिल्म गुलमोहर के साथ ओटीटी पर वापसी की।



शर्मिला टैगोर ने 1969 में मंसूर अली खान पटौदी से शादी की, जो उस समय भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और पटौदी के नवाब थे। उनके तीन बच्चे हैं। अभिनेता सैफ अली खान, अभिनेत्री सोहा अली खान और आभूषण डिजाइनर सबा अली खान। शर्मिला को 2013 में पद्म भूषण पुरस्कार मिला। आराधना (1970) के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर मिल चुका है। वह 2005 में यूनिसेफ इंडिया के सद्भावना दूत के रूप में भी नामित हुईं।

**ई-कचरे के निदान से नागर विमानन मंत्रालय को 82 लाख की आय**

नई दिल्ली। नागर विमानन मंत्रालय ने कबाड़, ई-कचरा और अनावश्यक फाइलों के निपटान से 31,353 वर्ग फुट कार्यालय स्थान खाली कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार, इस प्रक्रिया से 81,66,756 रुपये की आय हुई है। विशेष अभियान 5.0 (एससीडीपीएम 5.0) दो अक्टूबर से शुरू हुआ, और इसके तहत मंत्रालय ने कुल 4,988 भौतिक फाइलों निपटारा किया है। यह अभियान 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 26 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### 31 अधिसूचनाओं को सीबीआईसी ने एक में किया शामिल

नई दिल्ली। व्यापार को आसान बनाने के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 31 सीमा शुल्क अधिसूचनाओं को एक अधिसूचना में शामिल किया है। यह अधिसूचना 1 नवंबर, 2025 से प्रभावी होगा। सीबीआईसी ने एक्स पर पोस्ट किया कि सीबीआईसी ने एक व्यापार सुविधा उपाय के तहत 31 सीमा शुल्क अधिसूचनाओं को एक अधिसूचना में मिला दिया है। इस कदम से प्रक्रिया को सरल बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने और व्यापार करने में आसानी होगी।

### एनटीपीसी ने पतरातू इकाई का किया परीक्षण

नई दिल्ली। एनटीपीसी लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि पतरातू परियोजना में 800 मेगावाट इकाई का परीक्षण संचालन पूरा होने के साथ उसकी स्थापित क्षमता बढ़कर 84,849 मेगावाट हो गई है। एनटीपीसी ने शेयर बाजार को बताया कि उसकी सहायक कंपनी पतरातू बिजली उत्पादन निगम लिमिटेड ने यूनिट-1 (800 मेगावाट) का परीक्षण संचालन सफलतापूर्वक कर लिया है। कंपनी ने कहा कि पतरातू बिजली उत्पादन निगम लिमिटेड के पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, चरण-1 (3x800 मेगावाट) की इकाई-1 (800 मेगावाट) ने सफलतापूर्वक परीक्षण संचालन पूरा किया और 16 अक्टूबर से एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता में शामिल हो गई है।

### एनसीसी को कोल इंडिया से मिला ऑर्डर

नई दिल्ली। एनसीसी लिमिटेड को कोल इंडिया की शाखा सेंट्रल कोलफील्ड्स से झारखंड की खदान परियोजना से कोयला और ओवरबर्डन (अतिरिक्त मिट्टी) निकालने और ढुलाई का 6,828.94 करोड़ का ठेका मिला है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) से इस ठेके के लिए 24 अक्टूबर की तारीख वाला स्वीकृति पत्र मिला है। एनसीसी ने कहा कि कोयले और ओवरबर्डन (अतिरिक्त मिट्टी और चट्टानी सामग्री) का उत्खनन और परिवहन झारखंड के चंद्रगुप्त क्षेत्र में सीसीएल की आम्रपाली ओपन-कास्ट परियोजना से किया जाएगा।

## अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी से बाजार में तेजी

### डॉव जोन्स पहली बार 47,000 अंक के पार, भारतीय शेयर बाजार पर भी दिखेगा असर

- अर्थशास्त्रियों की मासिक 0.4 और वार्षिक 3.1 प्रतिशत की अपेक्षाओं से थोड़ा कम रहा

न्यूयॉर्क, एजेंसी



अमेरिका में सितंबर के मुद्रास्फीति के आंकड़े उम्मीद से थोड़े कम रहने के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार में तेजी रही। वहीं, भारतीय शेयर बाजार इसके विपरित रहा। विदेशी निवेशकों की निकासी व मुनाफावसूली से सेंसेक्स व निफ्टी में छह सत्र के बाद गिरावट आई। भारतीय बाजार पर सोमवार को इसका असर दिखाई देगा।

डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 472.51 अंक या 1.01% बढ़कर 47,207.12 पर पहुंच गया, जो पहली बार 47,000 के पार बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 53.25 अंक या 0.79% बढ़कर 6,791.69 पर पहुंच गया। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स 263.07 अंक या 1.15% बढ़कर 23,204.87 पर पहुंच गया। तीनों प्रमुख औसत सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। एसएंडपी 500 के 11 प्रमुख क्षेत्रों में से छह में तेजी रही, जिसमें प्रौद्योगिकी और संचार सेवाओं में क्रमशः 1.58 और 1.27% की वृद्धि हुई। ऊर्जा और सामग्री क्षेत्र क्रमशः 1.01 और 0.61% की गिरावट रहीं। श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, अमेरिकी संघीय सरकार के बंद होने से विलंबित हुई सितंबर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) रिपोर्ट में इस महीने 0.3% की वृद्धि हुई, जिससे वार्षिक मुद्रास्फीति दर 3% पर रही। डॉव जोन्स सर्वेक्षण के आधार पर दोनों आंकड़े अर्थशास्त्रियों की मासिक 0.4 और वार्षिक 3.1% की अपेक्षाओं से थोड़ा कम रहे। खाद्य और ऊर्जा को छोड़कर कोर सीपीआई गत माह 0.2 और गत 12 माह में 3% बढ़ा, जो 0.3 और 3.1% के पूर्वानुमानों से भी कम है। वहीं भारतीय बाजार में जारी तेजी पर शुक्रवार को रोक लगी और सेंसेक्स 335 अंक और निफ्टी में 96 अंक गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को बाजार खुलने पर अमेरिकी आंकड़ों का असर दिखाई देगा।

#### व्यापारियों ने फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती पर खेला दांव

सीपीआई के आंकड़े जारी होने के बाद व्यापारियों ने इस साल अपनी शेष दोनों बैठकों में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने पर अपना दांव खेला। सीएमई फेडवॉच टूल के अनुसार दिसंबर में कटौती के अनुमानित से पहले लगभग 91 प्रतिशत से बढ़कर 98.5 प्रतिशत हो गई। अगले सप्ताह ब्याज दरों में कटौती की संभावना 95 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

#### एआई में और महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा इंटेल

कॉरपोरेट समाचारों में चिप निर्माता इंटेल के शेयरों में 0.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कंपनी ने तीसरी तिमाही का राजस्व वॉल स्ट्रीट के अनुमानों से अधिक बताया। इंटेल के निवेशक प्रमुख जॉन पित्जर ने कहा कि हमारा मानना है कि हम एआई में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की स्थिति में हैं।

#### फेड बैठक में और नरमी की उम्मीद

गोल्डमैन सैक्स एसेट मैनेजमेंट में बहु-क्षेत्रीय निश्चित आय निवेश प्रमुख लिंडसे रोसनर ने कहा कि आज की नरम सीपीआई रिपोर्ट में फेड को 'डराने' वाली कोई बात नहीं थी और हमें अगले सप्ताह होने वाली फेड बैठक में और नरमी की उम्मीद है। मौजूदा आंकड़ों की कमी के कारण फेड के पास डॉट प्लॉट में बताए गए रास्ते से हटने का कोई कारण नहीं है, इसलिए दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनी हुई है।

## रिलायंस के एआई उद्यम में 30% हिस्सेदारी फेसबुक ने खरीदी

नई दिल्ली, एजेंसी



- रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड की हिस्सेदारी 70%

अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के एआई उद्यम में मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक की फेसबुक ओवरसीज 30% हिस्सेदारी लेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने शेयर बाजार को बताया कि उसकी रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड में 70% हिस्सेदारी होगी।

आरआईएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस इंटेलिजेंस और फेसबुक संयुक्त रूप से इस उद्यम में शुरुआती 855 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि रिलायंस इंटेलिजेंस लिमिटेड ने 24 अक्टूबर, 2025 को रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड का गठन किया। इसके मुताबिक, रिलायंस इंटेलिजेंस की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में भारत में निगमित आरईआईएल, मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी फेसबुक ओवरसीज इंक (फेसबुक) के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी होगी। आरईआईएल एंटरप्राइज एआई सेवाओं का विकास, विपणन और वितरण करेगा।

कंपनी ने कहा कि संयुक्त उद्यम समझौते के अनुसार, आरईआईएल में रिलायंस इंटेलिजेंस की 70 प्रतिशत और फेसबुक की शेष 30 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। रिलायंस इंटेलिजेंस और फेसबुक ने संयुक्त रूप से 855 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

## विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद अडाणी की कंपनियों में किया निवेश : एलआईसी

- निगम ने कहा- केंद्रीय मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग या किसी अन्य निकाय की कोई भूमिका नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शनिवार को कहा कि उसने अडाणी समूह की कंपनियों में निवेश स्वतंत्र रूप से और विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद किया। कंपनी ने कहा कि ऐसा निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार किया गया था।

एलआईसी ने एक्स पर बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग या किसी अन्य निकाय की ऐसे (निवेश) निर्णयों में कोई भूमिका नहीं होती है। एलआईसी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने कुछ वर्षों में बुनियादी बातों और विस्तृत जांच के आधार पर विभिन्न कंपनियों में निवेश के फैसले लिए हैं। भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इसका निवेश मूल्य 2014 से 10 गुना बढ़कर 1.56 लाख करोड़ से 15.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो मज़बूत फंड प्रबंधन को दर्शाता है। एलआईसी ने कहा कि कुछ वर्षों में निवेश के फैसले कंपनियों बुनियादी आंकड़ों और जांच के आधार पर लिए हैं। एलआईसी ने कहा कि निवेश संबंधी निर्णय एलआईसी द्वारा विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद उसके निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार स्वतंत्र रूप से लिए गए। एलआईसी ने जांच के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित किया और निवेश हितधारकों के हित में, नियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन में लिए गए हैं।

#### अडाणी समूह में निवेश की पीएसी से कराए जांच

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि एलआईसी द्वारा अडाणी समूह में बड़े पैमाने पर किए निवेश की संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) को जांच करनी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने वाशिंगटन पोस्ट की खबर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरा मामला पीएसी के जांच अधिकार क्षेत्र में आता है। कांग्रेस के आरोपों पर फिलहाल अडाणी समूह या सरकार से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## कोटक महिंद्रा का मुनाफा 3% घटकर 3,253 करोड़

नई दिल्ली। कोटक महिंद्रा बैंक ने शनिवार को बताया कि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकल लाभ तीन प्रतिशत घटकर 3,253 करोड़ रुपये रह गया। निजी क्षेत्र के इस बैंक ने एक साल पहले इसी तिमाही में 3,344 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 16,239 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की इसी अवधि में 15,900 करोड़ रुपये थी। बैंक ने तिमाही के दौरान 13,649 करोड़ की ब्याज आय अर्जित की। गत वर्ष यह आंकड़ा 13,216 करोड़ था। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 7,020 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,311 करोड़ रुपये हो गई।

## दुर्लभ खनिजों पर आरएंडडी : बेंगलुरु व हैदराबाद के संस्थानों को मिला उत्कृष्टता केंद्र का दर्जा

नई दिल्ली, एजेंसी



- सात और संस्थानों को पहले ही मिल चुका है सीआईई का दर्जा

खान मंत्रालय ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु और सेंटर फॉर मैटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी (सी-मेट), हैदराबाद को राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) के अंतर्गत उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के रूप में मान्यता दी है। इन दो संस्थानों के अतिरिक्त सात और संस्थानों को पहले ही इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीआईई का दर्जा दिया जा चुका है।

खान मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति यह निर्णय परियोजना अनुमोदन एवं सलाहकार समिति (पीएएसी) द्वारा 24 अक्टूबर को खान मंत्रालय के सचिव पीयूष गोयल और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय करंदीकर की सह-अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई मंजूरी के बाद लिया गया। दुर्लभ खनिज उन्नत प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, अंतरिक्ष आदि जैसे रणनीतिक क्षेत्रों के अलावा, स्वच्छ ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे उभरते क्षेत्रों के यंत्र उपकरणों के विनिर्माण में महत्वपूर्ण कच्चे माल का काम करते हैं।

#### प्रत्येक केंद्र एक समूह की तरह करेगा कार्य

मान्यता प्राप्त उत्कृष्टता केंद्र महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में देश की विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षमता को सुदृढ़ और उन्नत करने के लिए नवीन और परिवर्तनकारी अनुसंधान करेंगे। ऐसा प्रत्येक केंद्र पहिए की धुरी और तीलियों के रूप में एक समूह की तरह काम करेगा ताकि समूह के प्रत्येक घटक की मुख्य क्षमताओं को एक छतरी के नीचे लाया जा सके। धुरी की भूमिका में प्रत्येक उत्कृष्टता केंद्र के साथ औद्योगिक क्षेत्र के दो भागीदार और कम से कम दो अनुसंधान एवं विकास संस्थान या शैक्षणिक संस्थान शामिल किये जाएंगे।

## राष्ट्रीय

### तेजस्वी यादव के '20 महीने' वाले बयान पर राजग ने पलटवार करते हुए कहा

## बिहार लालटेन युग में लौटने को तैयार नहीं

### केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद ने तेजस्वी के बयान को बताया चुनावी जुमला

पटना, एजेंसी

#### बिहार विधानसभा चुनाव



- राजग नेताओं ने विपक्षी गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का किया घेराव

विपक्षी इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव के उस बयान पर राजग के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें बिहार बदलने के लिए सिर्फ 20 महीने चाहिए। राजग नेताओं ने कहा कि बिहार अब विकास के रास्ते से भटकने वाला नहीं है और जनता किसी भी सूरत में 'लालटेन युग' में लौटने को तैयार नहीं है।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और भाजपा नेता नित्यानंद राय ने तेजस्वी यादव के बयान को सिर्फ चुनावी जुमला करार दिया। वे विकास की बात नहीं करेंगे, बल्कि वही पुरानी राजनीति करेंगे, जिसमें गरीबों की जमीन हड़पी जाती थी और अपहरण व डकैती का माहौल होता था। महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के उत्थान का काम नीतीश कुमार ने किया है। उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने दावा किया कि चुनाव में राजग सर्वाधिक सीट जीतकर इतिहास रचेगा। 40 साल कांग्रेस और 15 साल लालू राज ने बिहार को पिछड़ा बनाकर रखा, लेकिन राजग बिहार को विकास की मुख्यधारा में लेकर आई है। जनता काम पर वोट करती है, वादों और अफवाहों पर नहीं।

बिहार सरकार के मंत्री व जद(यू) नेता अशोक चौधरी ने कहा कि राजद शासन में राज्य की विकास दर 3.5-4 से घटकर 2.5% रह गई थी, जबकि मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व में इसे बढ़ाकर 10.4% तक पहुंचाया गया। गुजरात पहले से विकसित है, बिहार विकासशील है। हम प्रयास कर रहे हैं। जद (यू) के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि बिहार में नीतीश के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में प्रगति हुई है। तेजस्वी कहते हैं कि उन्हें 20 महीने चाहिए, लेकिन वे बिहार में क्या बदलेंगे? क्या फिर से अपराध, अपहरण और बंदूक संस्कृति को कायम करेंगे? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 50 लाख रोजगार देने का वादा पूरा किया और अब एक करोड़ रोजगार का संकल्प भी कैबिनेट से पारित हो चुका है। भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने आरोप लगाया कि तेजस्वी और उनका परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त रहा है।

#### 2005 में मुस्लिम सीएम बनाने को तैयार नहीं थी राजद



नई दिल्ली। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को दावा किया कि उनके पिता रामविलास पासवान 2005 में बिहार में मुस्लिम नेता को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे, लेकिन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) इसके लिए राजी नहीं हुई। चिराग ने अल्पसंख्यक समुदाय से कहा कि यदि वे बंधुआ वोट बैंक बने रहेंगे, तो उन्हें सम्मान और भागीदारी कैसे मिलेगी। उन्होंने एक्स पर कहा कि 2005 में मेरे पिता रामविलास पासवान ने मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाने के लिए पार्टी तक कुर्बान कर दी थी, तब भी आपने उनका साथ नहीं दिया। राजद 2005 में भी मुस्लिम मुख्यमंत्री के लिए तैयार नहीं थी, 2025 में भी तैयार नहीं। अगर आप बंधुआ वोट बैंक बनकर रहेंगे, तो सम्मान और भागीदारी कैसे मिलेगी?

#### राज्य को सस्ता डेटा नहीं, रोजगार के लिए बाहर गया बेटा वापस चाहिए : किशोर



पूर्वी चंपारण। जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि बिहार को सस्ता डेटा (मोबाइल इंटरनेट) नहीं, रोजगार के लिए बाहर गया अपना बेटा वापस चाहिए। उन्होंने आरोप गाया कि केंद्र और बिहार में सत्ता पर काबिज दल युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रहे हैं। पूर्वी चंपारण के ढाका की जनसभा में किशोर ने आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है, जबकि युवाओं को बेहतर अवसरों की तलाश में बाहर पलायन करना पड़ रहा है। किशोर ने कहा कि उनकी लड़ाई बिहार को विकसित और सक्षम राज्य बनाने की है, जहां युवाओं को प्रदेश में रोजगार मिल सके। उन्होंने मुस्लिम मतदाताओं से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि हक के साथ खड़े होकर वोट दीजिए। उन्होंने कहा कि अमित शाह को बताना चाहिए कि सात हत्या के आरोपी बिहार के उपमुख्यमंत्री कैसे बने हुए हैं। उनका इशारा भाजपा नेता सम्राट चौधरी की तरफ था।

#### निवेश लाकर, बिहार को अग्रणी राज्य बनाएंगे: तेजस्वी

खगड़िया/भोजपुर। विपक्षी गठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने कहा कि यदि गठबंधन की सरकार बनी, तो निवेश आकर्षित कर और फैक्ट्रियां स्थापित कर बिहार को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे। खगड़िया के परबत्ता और अलौली, तथा भोजपुर जिले के शाहपुर में तेजस्वी ने जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई केवल सत्ता हासिल करने की नहीं, बल्कि राज्य के समग्र विकास की है। हमें बिहार को 'नंबर-वन' बनाना है, जिसके लिए निवेश लाना होगा, शिक्षा को बढ़ावा देना होगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना होगा। उन्होंने अमित शाह पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा यह कहकर बहाने बनाती है कि बिहार में भूमि की कमी है, इसलिए उद्योग नहीं लग सकते। उनकी सरकार राज्य में उद्योग स्थापित करेगी और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाएंगे।

#### तेजस्वी अब भी लालू प्रसाद की छाया से बाहर नहीं आए : तेज प्रताप

पटना। पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा कि उनके छोटे भाई तेजस्वी यादव अब तक पिता लालू प्रसाद की छाया से बाहर नहीं निकल पाए हैं। हसनपुर के विधायक तेज प्रताप ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से निष्कासित किए जाने के बाद जनशक्ति जनता दल का गठन कर लिया था। समर्थकों द्वारा तेजस्वी को जननायक कहे जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि जननायक की उपाधि राम मनोहर लोहिया और कर्पूरी ठाकुर जैसे महापुरुषों से जुड़ी है। तेज प्रताप ने कहा कि लालू प्रसाद भी इस उपाधि के योग्य हैं, लेकिन तेजस्वी की पहचान अभी भी अपने पिता पर टिकी है। जिस दिन वह अपनी अलग पहचान बना लेंगे, मैं स्वयं उन्हें जननायक कहने वाला पहला व्यक्ति बनूंगा। इस बार महुआ सीट से चुनाव लड़ रहे तेज प्रताप ने स्पष्ट किया कि चुनाव परिणाम चाहे जो हों, वह न तो पिता की पार्टी में लौटेंगे और न अन्य दल में शामिल होंगे।

## मैसूरु में गैस गीजर से एलपीजी रिसाव होने से दो बहनों की मौत

मैसूरु/बेंगलुरु। कर्नाटक के मैसुरू में शनिवार सुबह एक गैस गीजर से एलपीजी रिसाव होने से गुलफाम (23) और उसकी बहन सिमरन ताज (20) की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गीजर से गैस तो निकली लेकिन उसमें आग नहीं लगी।

पुलिस ने बताया कि जब लड़कियां काफी देर तक स्नानघर से बाहर नहीं आईं, तो उनके पिता अल्ताफ को संदेह हुआ और उन्होंने जबरदस्ती दरवाजा खोला तो दोनों बेहोश थीं। अल्ताफ दोनों बेटियों को अस्पताल ले गए, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, एक अन्य घटना में बेंगलुरु के केआर पुरम में रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

## डिजिटल अरेस्ट: केंद्र-राज्य के समन्वित प्रयासों के साथ कड़ी कार्रवाई की जरूरत

- पीड़ितों से जुड़े स्वतः संज्ञान वाले मामले पर 27 को सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों के स्वतः संज्ञान वाले मामले की 27 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वाद सूची के अनुसार, सोमवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ इस पर सुनवाई करेगी।

शीर्ष अदालत ने 17 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान कहा था कि न्यायिक दस्तावेज की जालसाजी, साइबर वसूली और निर्दोषों, विशेष रूप से वरिष्ठों की साइबर गिरफ्तारी से जुड़े आपराधिक उद्यम की सीमा का पता लगाने को केंद्र और राज्य पुलिस के बीच समन्वित प्रयासों के साथ कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

उच्चतम ने इस मामले में केंद्र, सीबीआई और अन्य से जवाब मांगा तथा कहा कि ऐसे अपराध न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास की नींव पर प्रहार करते हैं। शीर्ष अदालत ने हरियाणा के अंबाला में वरिष्ठ नागरिक दंपति के डिजिटल अरेस्ट' के मामले का संज्ञान लिया था।

#### आवारा कुत्तों से संबंधित मामले पर 27 को शीर्ष सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट 27 अक्टूबर को आवारा कुत्तों से संबंधित स्वतः संज्ञान वाले मामले की सुनवाई करेगा। न्यायालय ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की सीमाओं से आगे बढ़ाते हुए निर्देश दिया था कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाया जाए। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर 27 अक्टूबर को अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन वी अंजारिया की तीन सदस्यीय विशेष पीठ करेगी।

## अखिल भारतीय एसआईआर का पहला चरण अगले सप्ताह से

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10 से 15 राज्यों में निर्वाचन आयोग करेगा अभियान शुरू

निर्वाचन आयोग मतदाता सूची के अखिल भारतीय विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के पहले चरण की अगले सप्ताह शुरुआत कर सकता है। इसकी शुरुआत 10 से 15 राज्यों से होगी, जिनमें वे राज्य भी होंगे जहां अगले साल चुनाव होने वाले हैं।

असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और प. बंगाल में 2026 में चुनाव होंगे और ये सभी उन राज्यों की सूची में होंगे, जहां मतदाता सूची को शुद्धीकरंण किए जाने का काम सबसे पहले होगा। अधिकारियों ने बताया कि आयोग एसआईआर के पहले चरण की घोषणा अगले सप्ताह के मध्य में कर सकता है। आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची के शुद्धीकरण का काम नहीं करेगा जहां निकाय चुनाव हो रहे हैं या होने वाले हैं, क्योंकि चुनावी मशीनरी इसमें व्यस्त है और एसआईआर पर ध्यान नहीं दे पाएगी। ऐसे राज्यों में एसआईआर बाद के चरणों में होगा। बिहार में मतदाता सूची के शुद्धीकरण का काम हो गया है, जहां 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की गई थी।

#### तमिलनाडु में अगले सप्ताह एसआईआर

चेन्नई। निर्वाचन आयोग ने मद्रास हाईकोर्ट को बताया है कि तमिलनाडु की मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अगले सप्ताह उन राज्यों के साथ शुरू होगा जहां चुनाव होने वाले हैं। आयोग ने मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति जी अरुल मुरुगन को बताया कि तमिलनाडु समेत देशभर के जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, वहां एक सप्ताह में एसआईआर शुरू होने वाला है।

## करोड़पति व्यापारी के पास मिला सबरीमला का सोना : सतीशन

कोच्चि, एजेंसी

केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने शनिवार को दावा किया कि सबरीमला मंदिर से गायब हुआ सोना एक करोड़पति व्यापारी के पास से मिला है। उन्होंने कहा कि यह घटना कांग्रेस के उस आरोप को मजबूती देती है कि सोना एक धनी व्यक्ति को बेचा गया था।

सतीशन एसआईटी द्वारा आभूषण व्यापारी गोवर्धन की दुकान से मिले सोने के बिस्कुटों की बात कर रहे थे। बताया गया कि गोवर्धन ने श्रीकोविल (गर्भगृह) की चौखट पर सोने की परत चढ़ाने के लिए धन दिया था। इस कार्य को बेंगलुरु के व्यवसायी उन्नीकृष्णन पोट्टी ने प्रायोजित किया था जो एसआईटी की गिरफ्त में हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि हम सही थे जब हमने कहा था कि सोना करोड़पति को बेचा गया। विपक्ष ने सोने के गायब होने के मुद्दे पर जो कुछ भी कहा वह सही साबित हुआ है। उन्होंने वर्तमान त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) पर अनियमितताओं का आरोप लगाया और दावा किया कि बोर्ड ने तथ्यों को छुपाया है तथा द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों पर सोने की परत चढ़ाने का काम पोट्टी को सौंपा है।

#### बेल्लारी, बेंगलुरु में एसआईटी का छापा

पथनमथिट्टा (केरल)। सबरीमला मंदिर से सोना गायब होने के मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी के बेंगलुरु स्थित अपार्टमेंट और बेल्लारी में आभूषण की दुकान पर छापेमारी की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पोट्टी को जांच के तहत शुक्रवार को बेंगलुरु ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि एसआईटी ने गोवर्धन की दुकान पर छापा मारा, जिसने मंदिर के चौखट पर सोने की परत चढ़ाने के काम का वित्तपोषण किया था।

# दिल्ली-एनसीआर में श्वसन व गर्भावस्था से जुड़े जटिलता के मामले प्रदूषण से बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **दिवाली के बाद राष्ट्रीय राजधानी में फिर वायु गुणवत्ता में गिरावट**



दिवाली के बाद के दिनों में एक बार फिर दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की वायु गुणवत्ता में भारी गिरावट आई है, तथा अस्पतालों में श्वसन और गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं से जुड़े मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षेत्र के डॉक्टरों ने इस वृद्धि के लिए बड़े पैमाने पर पटाखे फोड़े जाने के कारण होने वाले वायु और ध्वनि प्रदूषण के संयुक्त प्रभाव को जिम्मेदार ठहराया है।

पल्मोनोलॉजिस्ट और स्त्री रोग विशेषज्ञों के अनुसार, 20 से 23 अक्टूबर के बीच बाह्य रोगी (ओपीडी) और आपातकालीन मामलों में तीव्र वृद्धि देखी गई, क्योंकि प्रदूषण का स्तर स्वीकार्य सीमा से कहीं अधिक तक बढ़ गया था। इस अवधि में दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब श्रेणी में रहा। धुएं, जहरीली गैसों और सूक्ष्म कणों के अचानक संपर्क में आने से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और श्वसन या हृदय संबंधी पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सिल्वरस्ट्रीक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. पुलकित अग्रवाल ने कहा कि दिवाली के बाद का स्मॉग खास तौर पर खतरनाक होता है क्योंकि इसके साथ प्रदूषकों का अचानक, घना जमाव हो जाता है। दिवाली के बाद सिर्फ दो दिनों के भीतर ही सांस लेने में तकलीफ, अस्थमा के दौरे और 'एलर्जिक ब्रोंकाइटिस' के मरीज़ों में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

गुरुग्राम स्थित शैल्बी इंटरनेशनल हॉस्पिटल के पल्मोनोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. मोहित भारद्वाज ने कहा कि सर्दियों की ठंडी हवा और पटाखों के धुएं का संयोजन प्रदूषकों को ज़मीन के पास फंसा देता है।

# एसी स्लीपर बसों में आग : एक बढ़ती चिंता

हाल के वर्षों में, एसी स्लीपर बसों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है। इन घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गई है और कई घायल हुए हैं। आंध्र प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं।

20 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के कुरनूल में निजी एसी स्लीपर बस हादसे में 20 लोगों की मौत हो गई। इसी महीने राजस्थान के जैसलमेर में 22 की जान चली गई। साल 2025 के मई माह में लखनऊ में निजी स्लीपर बस में शार्ट सर्किट के कारण लगी आग में पांच लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा 2022 और 2023 में गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक में निजी एसी स्लीपर बसों की दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोगों की जान चली गई। ऐसे में स्लीपर बसों की यात्रा चिंता का सबब बन गई हैं। सावधानी से ही इनसे पार पाया जा सकता है।



## लापरवाही रोकने को कदम

- नई गाइडलाइंस : दिल्ली सरकार ने बस ड्राइवरों के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं, जिसमें डबल शिफ्ट पर रोक और ड्राइविंग सिम्युलेटर ट्रेनिंग शामिल हैं।
- बायोमेट्रिक फेस रिकॉग्निशन सिस्टम : हर एक डिपो में बायोमेट्रिक फेस रिकॉग्निशन सिस्टम होगा, जो ड्राइवर की पहचान करेगा और तय करेगा कि वह डबल ड्यूटी न करे।
- मेडिकल चेकअप : बस ड्राइवरों का मेडिकल चेकअप सरकारी अस्पतालों में होगा, और उन्हें रिफ्रेशर कोर्स जॉइन करना अनिवार्य होगा।

## आग लगने के कारण

- शॉर्ट सर्किट : एसी स्लीपर बसों में शॉर्ट सर्किट एक आम कारण है, जो आग लगने का कारण बन सकता है। जैसलमेर बस अग्निकांड में भी शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की पुष्टि हुई है।
- ईंधन रिसाव : ईंधन टैंक से रिसाव भी आग लगने का एक कारण हो सकता है।
- ज्वलनशील सामग्री : बस में ज्वलनशील सामग्री की उपस्थिति आग को बढ़ावा दे सकती है।
- ड्राइवर की लापरवाही : ड्राइवर की लापरवाही या थकान भी आग लगने का कारण बन सकती है।

## समस्या का समाधान

- नियमित रखरखाव : बसों का नियमित रखरखाव करना और शॉर्ट सर्किट जैसी समस्याओं का समाधान करना।
- सुरक्षा उपकरण : बसों में आग बुझाने के उपकरण और आपातकालीन निकास द्वार की व्यवस्था करना।
- ड्राइवर प्रशिक्षण : ड्राइवरों को आग लगने की स्थिति में कैसे निपटना है, इसके लिए प्रशिक्षण देना।
- बस में ज्वलनशील सामग्री की जांच करना और उसे बस में न ले जाने देना।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### उत्तरी कैरोलिना में गोलीबारी में 2 की मौत

**मैक्सटन।** दक्षिण-पूर्वी उत्तरी कैरोलिना में एक सप्ताहांत पार्टी में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक शेरिफ ने शनिवार को यह जानकारी दी। रॉबसन काउंटी शेरिफ बर्निस विल्किंस के कार्यालय ने कहा कि 13 व्यक्तियों को गोली मारी गई। उन्होंने शनिवार को बताया कि हत्या जांचकर्ता और अन्य लोग मैक्सटन के बाहर एक ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस पार्टी स्थल पर पहुंचे। यह स्थान दक्षिण कैरोलिना सीमा के पास रैले से लगभग 150 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में है। कहा कि समुदाय के लिए वर्तमान में कोई खतरा नहीं है, क्योंकि यह एक अलग घटना प्रतीत होती है। विल्किंस के कार्यालय ने बताया कि सुरक्षा अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही 150 से अधिक लोग वहां से भाग गए थे।

### उत्पीड़न के आरोप में भारतीय नर्स को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक अस्पताल में नर्स के तौर पर काम करने वाले भारतीय नागरिक को एक व्यक्ति के उत्पीड़न का आरोप स्वीकार करने के बाद एक वर्ष और दो महीने की जेल और दो कोड़े मारे जाने की सजा सुनाई गई है। एलिप शिवा नागू (34) ने जून में रेफल्स अस्पताल में एक पुरुष आगंतुक का उत्पीड़न किया था। नागू ने दावा किया था कि वह पीड़ित व्यक्ति को कीटाणु मुक्त करना चाहता था। इस अपराध के तुरंत बाद नागू को अस्पताल से निलंबित कर दिया गया था। पीड़ित की उम्र समेत सभी विवरण अदालती दस्तावेजों से हटा दिए गए। उप लोक अभियोजक यूजीन फुआ ने बताया कि पीड़ित 18 जून को अपने दादा से मिलने नॉर्थ ब्रिज रोड स्थित अस्पताल गया था, जो वहां भर्ती थे।

### भारत-ब्रिटेन संबंधों पर किताब का विमोचन

**लंदन।** पिछले सात दशकों में भारत के प्रमुख सहयोगियों में से एक ब्रिटेन के साथ बदलते संबंधों की पृष्ठभूमि में विश्व मंच पर भारत की प्रगति को दर्शाने वाली एक किताब का यहां विशेष कार्यक्रम में विमोचन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक टिप्पणीकार अशोक टंडन द्वारा लिखित पुस्तक 'द रिवर्स स्विंग : कोलोनियलिज्म टू कोऑपरेशन' में अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद से लेकर वर्तमान समय तक भारत-ब्रिटेन संबंधों का वर्णन किया गया है, जिसमें हाल ही में संपन्न मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से व्यापार और आर्थिक सहयोग को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलने की संभावना है। ब्रिटेन में भारतीय पत्रकार संघ की ओर से आयोजन किया गया।

# पाकिस्तान की लोकतंत्र की अवधारणा बाहरी, कब्जे वाले क्षेत्र में बंद करे दमन

## मानवाधिकार के उल्लंघनों पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दो टूक

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**



- **भारतीय प्रतिनिधि ने कहा-मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं जम्मू-कश्मीर के लोग**
- **जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न व अविभाज्य अंग था है और हमेशा रहेगा : हरीश**

भारत ने पाकिस्तान के लिए लोकतंत्र को एक बाहरी अवधारणा बताते हुए उससे अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों (पीओके) में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों को रोकने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शुक्रवार को यूनाइटेड नेशंस ऑर्गेनाइजेशनः लुकिंग इंटू फ्यूचर विषय पर आयोजित खुली बहस में पाकिस्तानी दूत के उल्लेखों का जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि व राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक ढांचे के अनुसार अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि हम निश्चित रूप से जानते हैं कि ये (लोकतांत्रिक) अवधारणाएं पाकिस्तान के लिए बाहरी हैं। दूत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न व अविभाज्य अंग था है और हमेशा रहेगा। हरीश ने कहा कि हम पाकिस्तान से अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों में मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन को रोकने का आह्वान करते हैं, जहां की जनता पाकिस्तान के सैन्य कब्जे, दमन, क्रूरता व संसाधनों के अवैध दोहन के खिलाफ खुला विद्रोह कर रही है। उन्होंने हाल ही में पीओके में हुई हिंसक अशांति का उल्लेख किया, जिसमें कम से कम एक दर्जन नागरिक मारे गए और सैकड़ों घायल हुए।

हरीश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को वास्तविक, व्यापक सुधार करने होंगे और 80 साल पुरानी सुरक्षा परिषद की संरचना अब समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। उन्होंने कहा, 1945 की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाली एक पुरानी परिषद संरचना 2025 की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार नहीं है। भारतीय राजदूत ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से संयुक्त राष्ट्र के योगदान को भी रेखांकित किया, साथ ही इसकी प्रासंगिकता, वैधता, विश्वसनीयता और प्रभावशीलता पर उठ रहे सवालों को स्वीकार किया।

विदेश मंत्री डा.एस जयशंकर ने भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पुनर्गठन की वकालत की है। शुक्रवार को उन्होंने नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र संघ की 80वीं वर्षगांठ पर कहा था कि इसकी मौजूदा निर्णय प्रक्रिया वैश्विक प्राथमिकताओं के अनुरूप नहीं है और इसके कुछ सदस्यों के आतंकवादी संगठनों का खुलेआम बचाव करने से संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसकी निर्णय प्रक्रिया न तो इसके सदस्यों को प्रतिबिंबित करती है और न ही वैश्विक प्राथमिकताओं को संबोधित करती है। इसकी बहसें तेज़ी से ध्रुवीकृत होती जा रही हैं और इसका कामकाज स्पष्ट रूप से अवरुद्ध है। किसी भी सार्थक सुधार को सुधार की प्रक्रिया के माध्यम से ही बाधित किया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के सामने उत्पन्न वित्तीय संकट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक अतिरिक्त चिंता के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय बाधाएं एक अतिरिक्त चिंता के रूप में उभरी हैं। संयुक्त राष्ट्र को उसके पुनर्निर्माण की कोशिश करते हुए भी कैसे बनाए रखा जाए यह स्पष्ट रूप से हम सभी के सामने एक बड़ी चुनौती है।

### सुरक्षा परिषद में विस्तार की जरूरत

भारतीय दूत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक निर्णय लेने में ग्लोबल साउथ की आवाज को तवज्जो दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुधारों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना हमारे नागरिकों, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए बहुत बड़ा नुकसान है।

### ग्लोबल साउथ बड़ी आबादी का प्रतिनिधि

हरीश ने कहा, ग्लोबल साउथ बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है और इसकी अपनी अनूठी चुनौतियां हैं, विशेष रूप से विकास, जलवायु व वित्तपोषण के क्षेत्रों में। उन्होंने कहा कि वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक व समावेशी होनी चाहिए।

## फूलों के साथ सेल्फी...



श्रीनगर के नेहरू मेमोरियल बॉटनिकल गार्डन में जम्मू-कश्मीर के पहले विशेष गुलदाउदी उद्यान बाग-ए-गुल-ए-दाऊद में फूल के साथ सेल्फी लेता एक बुजुर्ग। ● एजेंसी

## साइबर अपराध को मिटाना सभी की साझा जिम्मेदारी

**हनोई।** वियतनाम ने शनिवार को साइबर अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के उच्च-स्तरीय सम्मेलन की मेजबानी की। साइबर अपराध का मुकाबला - साझा जिम्मेदारी - हमारे भविष्य को सुरक्षित करना थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ लगभग 110 देशों के नेता और वरिष्ठ प्रतिनिधि तथा कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन शामिल हुए। वियतनाम के राष्ट्रपति लुओंग कुओंग ने कहा कि सम्मेलन कानून के शासन को लागू करने की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# नेपाल में जीप के खाई में गिरने से 8 लोगों की मौत

**काठमांडू, एजेंसी**

- **कर्णाली प्रांत के रुकुम पश्चिम जिले में हादसा, 10 घायल**
- **जीप में सवार थे 18 यात्री, 700 फीट गहरी खाई में गिरी**

नेपाल के कर्णाली प्रांत में 18 यात्रियों को लेकर जा रही एक जीप करीब 700 फीट गहरी खाई में गिर गया जिससे उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह दुर्घटना शुक्रवार रात को रुकुम पश्चिम जिले के बाफिकोट स्थित झरमारे इलाके में हुई। यह वाहन मुसिकोट के खलंगा से आठबिसकोट नगरपालिका के स्यालिखाड़ी क्षेत्र की ओर जा रहा था। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि घटना अधिक गति से गाड़ी चलाने के कारण हुई है। पुलिस के अनुसार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल ने उपचार के दौरान स्थानीय अस्पताल में दम तोड़ दिया। पीड़ितों की उम्र 15 से 30 साल के बीच थी। इस दुर्घटना में घायल हुए 10 अन्य लोगों का उपचार रुकुम जिला अस्पताल में जारी है।

# खगोल वैज्ञानिक नारलीकर को मिलेगा विज्ञान रत्न पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **भारत सरकार ने विज्ञान श्री पुरस्कारों की भी घोषणा की**

प्रसिद्ध खगोल भौतिक विज्ञानी जयंत नारलीकर को शनिवार को 'विज्ञान रत्न पुरस्कार' के लिए चुना गया। यह देश का शीर्ष विज्ञान पुरस्कार है। नारलीकर का 86 वर्ष की आयु में 20 मई को निधन हो गया था। नारलीकर ने बिग बैंग सिद्धांत को चुनौती दी, जिसके अनुसार ब्रह्मांड एक ही क्षण में बना था।

उन्होंने ब्रिटिश खगोलशास्त्री फ्रेड हॉयल के साथ मिलकर यह प्रतिपादित किया कि ब्रह्मांड हमेशा से अस्तित्व में रहा है और अनंत काल तक नए पदार्थों का निरंतर निर्माण होता रहा है। सरकार ने 2025 के लिए आठ 'विज्ञान श्री' पुरस्कारों की भी घोषणा की। इनमें ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह (कृषि विज्ञान), यूसुफ मोहम्मद शेख (परमाणु ऊर्जा), के. थंगराज (जैविक विज्ञान), प्रदीप थलप्पिल (रसायन विज्ञान), अनिरुद्ध भालचंद्र पंडित (इंजीनियरिंग विज्ञान), एस. वेंकट मोहन (पर्यावरण विज्ञान), माहन एमजे (गणित और कंप्यूटर विज्ञान) और जयन एन (अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी) शामिल हैं।

# फ्रांस 2026 में यूक्रेन की सुरक्षा को तैनात कर सकता है सेना

**पेरिस, एजेंसी**

फ्रांस के सेना प्रमुख जनरल पियरे शिल ने कहा है कि सुरक्षा गारंटी सुनिश्चित करने के लिए यदि आवश्यक हुआ तो फ्रांस 2026 में यूक्रेन में अपने सैनिकों की तैनाती कर सकता है। फ्रांसीसी न्यूज चैनल बीएफएमटीवी ने शिल के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया, यदि यूक्रेन का समर्थन करना आवश्यक हुआ तो हम सुरक्षा गारंटी के तहत अपनी सेना तैनात कर सकते हैं। वर्ष 2026 गठबंधन सेनाओं द्वारा चिह्नित होगा।

गौरतलब है कि 22 अक्टूबर को फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख जनरल फैबियन मैंडन ने कहा कि देश की सेना को कथित रूसी खतरे के बीच तीन से चार वर्षों में संभावित टकराव के लिए तैयार रहना चाहिए। फ्रांस स्थित रूसी दूतावास ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जनरल के शब्दों से पता चलता है कि असली युद्ध भड़काने वाला कौन है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन के साथ साक्षात्कार में कहा कि रूस का उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के देशों पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है। दूसरी ओर यूक्रेन में बीती रात रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 17 अन्य लोग घायल हो गए। कीव के नगर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि राजधानी कीव में शनिवार तड़के बैलिस्टिक मिसाइल हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। इमरजेंसी सेवा के अनुसार तीन घायल अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं।



कीव में रूसी हमले के बाद एक गोदाम में लगी आग बुझाने में जुटा एक दमकलकर्मी।

### रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी ड्रोन मारे


**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार रात में 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछली रात, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी मनावरहित विमानों को आसमान में रोका और उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया। मंत्रालय के अनुसार, ड्रोन कई क्षेत्रों में मार गिराए गए। इस बीच, विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए रूसी राष्ट्रपति के विशेष दूत और रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिव ने कहा कि रूसी और अमेरिकी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर सम्मेलन होगा, लेकिन अभी नहीं वह बाद में होगा। दिमित्रिव ने सीएनएन से कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक होगी, लेकिन संभवत : बाद में। बैठक रद्द होने के बजाय स्थगित होना बेहतर होता।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अक्टूबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 27 अक्टूबर 06 .04 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- ज्येष्ठा 10 .46 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** – आज गुप्त प्रेम संबंधों के खुलने का भय हो सकता है। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। जीवनसाथी आपका अत्यधिक ध्यान रखेगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**वृष** – आज इसके कारण आपका मन भी अशांत हो सकता है। बहसबाजी करने के बजाय शांत होकर रहें। पारिवारिक कलह का सामना करना पड़ सकता है। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ व्यवहार खराब न करें।

**मिथुन** – आज व्यवसाय को लेकर नए विकल्प आपको मिलेंगे। महंगी वस्तुओं की खरीदारी पर धन खर्च करेंगे। व्यवसाय में टैक्स आदि को लेकर परेशानियां दूर होंगी। संतान की शिक्षा पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है।

**कर्क** – आज सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। अपने हितों के लिए आप कुछ स्वार्थी हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी।

**सिंह** – आज नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा। प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** – आज कानूनी मामलों में नुकसान हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे, जिसके कारण मन कुछ असंतुष्ट रहेगा। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है।

**तुला** – आज का दिन अत्यंत शुभ रहने वाला है। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। साहित्य से जुड़े विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक डेट पर जाने का विचार बना सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा। फाइनेंस संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों को लेकर दबाव में आ सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**धनु** – आज शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेगा। नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसके लिए पूरी योजना बना लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी।

**मकर** – आज अनेक बाधाओं के साथ आपके काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। आपके ऊपर बेवजह के आरोप लग सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें।

**कुंभ** – आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। इंटरनेट के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जाएगा।

**मीन** – आज करियर को लेकर चिंता हो सकती है। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती हैं।

## सुडोकू -141

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | | | | |
| | | | 1 | | | | 4 | |
| | 3 | 7 | | | | | | |
| 1 | | | 7 | | | | | 3 |
| | | 5 | 6 | | | | | |
| 2 | | | | | 8 | | | 9 |
| 4 | | | 9 | 8 | | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| 7 | | 9 | | | | | 8 | |

### सुडोकू - 140 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |






# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, रविवार 26 अक्टूबर 2025


## हाईलाइट

### मेसी का सॉकर लीग में शानदार प्रदर्शन जारी

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका) :** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में सर्वाधिक गोल करने के लिए गोल्डन बूट ट्रॉफी हासिल करने के बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अर्जेंटीना के इस दिग्गज स्ट्राइकर ने दो गोल किए जिससे उनकी टीम इंटर मियामी में नैशविले एससी पर 3-1 से जीत के साथ मेजर लीग सॉकर प्लेऑफ में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। मेसी ने पहले हाफ में डाइविंग हेडर के साथ स्कोरिंग की शुरुआत की और फिर 96वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। इंटर मियामी ने गुरुवार को मेसी का तीन साल का अनुबंध बढ़ाने की घोषणा की थी।

### अर्जेंटीना का कोच्चि में मैत्री मैच स्थगित

**कोच्चि :** अर्जेंटीना फुटबॉल टीम और स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी अगले महीने केरल का दौरा नहीं करेंगे। इस दौरे के प्रायोजक ने शनिवार को यह घोषणा की। इससे पहले इस प्रस्तावित फुटबॉल मैच के प्रायोजक एंटो ऑगस्टीन ने केरल के खेल विभाग के साथ मिलकर घोषणा की थी कि मेसी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम 17 नवंबर को कोच्चि में एक मैत्री मैच खेलेगी। ऑगस्टीन ने अब अपने फेसबुक पेज पर घोषणा की कि यह मैच अगले महीने नहीं होगा। ऑगस्टीन ने लिखा फीफा की अनुमति मिलने में देरी को देखते हुए, अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ चर्चा के बाद इस मैच को नवंबर की विंडो से स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। केरल में यह मैच अगले अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान आयोजित किया जाएगा।



रोहित शर्मा को शतक लगाने की बधाई देते विराट कोहली। एजेंसी

# रोहित व कोहली ने क्लीन स्वीप से बचाया

## सीरीज के तीसरे व आखिरी एकदिवसीय मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया

**सिडनी, एजेंसी**

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने चिर परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करके आकर्षक पारियां खेल अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया। इससे भारत ने तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत के सामने 237 रन का अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य था, लेकिन रोहित और कोहली ने इसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

रोहित ने 125 गेंद पर नाबाद 121 रन बनाए जिसमें 13 चौके और तीन छक्के शामिल हैं। कोहली ने 81 गेंद पर नाबाद 74 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके लगाए। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 168 रन की अटूट साझेदारी की मदद से भारत ने 38.3 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। इस तरह से उसने ऑस्ट्रेलिया की क्लीन स्वीप करने की मंशा पर भी पानी फेर दिया जो पहले दो मैच जीत कर तीन मैच की सीरीज पहले ही अपने नाम कर चुका था।

इससे पहले तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 39 रन देकर चार विकेट लेकर अपनी क्षमता का परिचय दिया जिससे आस्ट्रेलिया की टीम 46.4 ओवर में 236 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से मैट रेनशॉ ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। एडिलेड में खेले गए दूसरे मैच में 73 रन बनाने वाले रोहित ने अधिक आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की और अपने वनडे करियर का 33वां शतक लगाया।

यह उनका 50वां अंतरराष्ट्रीय शतक था। पहले दो मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे कोहली अधिक प्रतिबद्ध दिखे। वनडे क्रिकेट के बेताज बादशाह ने अपने करियर का 75वां अर्धशतक लगाया। वह वनडे में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले दूसरे नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड का माहौल बेहद ऊर्जावान था तथा भारतीय बल्लेबाजों को दर्शकों का पूरा समर्थन मिल रहा था। ऑस्ट्रेलिया में संभवतः अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे रोहित और कोहली ने विकेट के चारों तरफ शॉट लगाकर उनका भरपूर मनोरंजन भी किया। इन दोनों के आगे ऑस्ट्रेलिया के तेज और स्पिन आक्रमण की एक नहीं चली।

भारत ने एकमात्र विकेट कप्तान शुभमन गिल (24) के रूप में गंवाया जो लगातार तीसरे मैच में असफल रहे। उन्होंने जोश हेजलवुड की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देने से पहले रोहित के साथ पहले विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसके बल्लेबाज बड़ी साझेदारियां निभाने में नाकाम रहे। भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया विशेष कर स्पिन गेंदबाज बीच के ओवरों में रन प्रवाह रोकने में सफल रहे। राणा ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच से अच्छी गति और उछाल हासिल की तथा प्रभावशाली प्रदर्शन करके अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया। उनके अलावा वाशिंगटन सुंदर ने दो जबकि मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लिया।

कप्तान मिचेल मार्श (41) और ट्रेविस हेड (29) के बीच पहले विकेट के लिए 61 रन तथा रेनशॉ (56) और एलेक्स कैरी (24) के बीच 54 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को मैच में बनाए रखा लेकिन यह बड़ा स्कोर बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। मार्श और हेड ने विकेट के चारों ओर कुछ अच्छे शॉट खेले। लेकिन हेड ने मोहम्मद सिराज की एक सहज गेंद को सीधे बैकवर्ड प्वाइंट पर प्रसिद्ध कृष्णा के हाथों में पहुंचा दिया।





एकदिवसीय श्रृंखला जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी। एजेंसी

**237** रनों के आसान लक्ष्य को भारतीय बल्लेबाज रोहित और कोहली ने बौना साबित कर 69 गेंदें शेष रहते मैच जीत लिया

### ऑस्ट्रेलिया

**236/10** (46.4 ओवर)

- मिचेल मार्श बो अक्षर 41
- ट्रेविस हेड का कृष्णा बो सिराज 29
- मैथ्यू का कोहली बो वाशिंगटन 30
- मैट रेनशॉ पगबाधा बो वाशिंगटन 56
- एलेक्स कैरी का श्रेयस बो राणा 24
- कूपर कोनोली का कोहली बो राणा 23
- मिचेल ओवेन का रोहित बो राणा 01
- मिचेल स्टार्क बो कुलदीप 02
- नाथन एलिस का रोहित बो कृष्णा 16
- एडम जम्पा नाबाद 01
- जोश हेजलवुड बो राणा 00

**गेंदबाजी :** मोहम्मद सिराज 5-1-24-1, हर्षित राणा 8.4-0-39-4, प्रसिद्ध कृष्णा 7-0-52-1, कुलदीप यादव 10-0-50-1, अक्षर पटेल 6-0-18-1, वाशिंगटन सुंदर 10-0-44-2

### भारत

**237/1** (38.3 ओवर)

- रोहित शर्मा नाबाद 121
- शुभमन गिल का कैरी बो हेजलवुड 24
- विराट कोहली नाबाद 74

**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 5-0-31-0, जोश हेजलवुड 6-1-23-1, नाथन एलिस 7.3-0-60-0, कूपर कोनोली 5-0-36-0, एडम जम्पा 10-0-50-0, मिचेल ओवन 1-0-2-0, मैथ्यू शॉर्ट 4-0-29-0

# ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होगा सेमीफाइनल

**इंदौर, एजेंसी**

लेग स्पिनर अलाना किंग की करिश्माई गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को एकतरफा अंदाज में सात विकेट से हराकर शनिवार को यहां लीग चरण का समापन तालिका में शीर्ष स्थान पक्का करते हुए किया। ऑस्ट्रेलिया के सामने अब 30 अक्टूबर को नवी मुंबई में खेले जाने वाले सेमीफाइनल में भारत की चुनौती होगी क्योंकि भारत रविवार को अपने अंतिम लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज कर भी तालिका में चौथे स्थान से ऊपर नहीं बढ़ सकता है।

किंग (सात ओवर में 18 रन देकर सात विकेट) ने अपनी फिरकी का जादू बिखेरते हुए करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम 24 ओवर में महज 97 रन पर आउट हो गयी।

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने इसके बाद 199 गेंद शेष रहते आसानी से लक्ष्य को हासिल कर लिया। किंग ने अपनी फिरकी की जादू से एक बार फिर साबित किया कि वह मौजूदा दौर में कलाई की सबसे कुशल स्पिनरों में से एक हैं।



दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद विजयी मुद्रा में पैवेलियन लौटतीं ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी। एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका को ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट से हराया



## बांग्लादेश के खिलाफ अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगी भारतीय टीम

**नवी मुंबई :** कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका भारत इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम लीग मैच में अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगा। इंदौर में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले का विजेता अंक तालिका में शीर्ष पर रहेगा और 30 अक्टूबर को यहां सेमीफाइनल में भारत से भिड़ेगा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने पर भी भारत चौथे स्थान पर ही रहेगा। भारत बांग्लादेश पर जीत से अधिकतम आठ अंक तक पहुंच सकता है, लेकिन वह इंग्लैंड से पीछे रहेगा, जो नौ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और यदि वह रविवार को न्यूजीलैंड को हरा देता है तो उसके अंकों की संख्या 11 हो जाएगी। भारतीय टीम पर एक समय सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन उसने पिछले मैच में न्यूजीलैंड की चुनौती को विफल करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी और वर्षा से प्रभावित मुकाबले में 53 रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया। यह मुकाबला हालांकि उनकी पूरी तरह से परीक्षा नहीं ले पाया। भारत ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया और स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल के शतकों की मदद से 49 ओवरों में तीन विकेट पर 340 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्स ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 76 रन की पारी खेलकर टीम को जरूरी गति प्रदान की।

- समय : दोपहर 3 बजे से

# रोहित ने ऑस्ट्रेलिया में फिर खेलने को लेकर अनिश्चितता जताई

**सिडनी, एजेंसी**

भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चुनौतीपूर्ण वनडे श्रृंखला समाप्त होने के बाद शनिवार को कहा कि शायद वह और विराट कोहली भविष्य में क्रिकेट को पसंद करने वाले इस देश में नहीं खेल पाएंगे। टेस्ट और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद अब रोहित और कोहली केवल एक अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप (वनडे) में खेल रहे हैं और हाल के दिनों में उनके करियर को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

रोहित को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। उन्होंने मैच के बाद प्रसारकों से कहा यहां आना और खेलना हमेशा अच्छा लगता है। 2008 की यादें ताजा हो गईं। मुझे नहीं पता कि हम ऑस्ट्रेलिया वापस आएंगे या नहीं, लेकिन हम अपने क्रिकेट का आनंद लेते हैं, चाहे हम कितनी भी उपलब्धियां हासिल कर लें। रोहित ने शानदार नाबाद 121 रन बनाए जबकि कोहली ने भारत की जीत में नाबाद 74 रनों का योगदान दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए कहा हमने पर्थ में नए सिरे से शुरुआत की। मैं चीजों को इसी तरह देखता हूं। रोहित ने अपने करियर के इस चरण में अनुभव और मार्गदर्शन के महत्व पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा आप ऑस्ट्रेलिया में कठिन पिचों और बेहतरीन गेंदबाजों का सामना करते हैं। यहां खेलना कभी आसान नहीं होता। हम श्रृंखला नहीं जीत सके लेकिन इसमें कई सकारात्मक बातें हैं। यह एक युवा टीम है और बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा जब मैं टीम में आया था, तो सीनियर खिलाड़ियों ने हमारी बहुत मदद की थी। अब हमारा काम भी यही है। हमें उनका मार्गदर्शन करना होगा।





- रोहित को 'प्लेयर ऑफ द मैच' व प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया

### विराट और रोहित को इस तरह खेलते देखना अच्छा लगा : गिल

**सिडनी :** शुभमन गिल ने शनिवार को कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की शानदार पारियों ने उन्हें भारत के वनडे कप्तान के तौर पर पहली जीत दिलाने में मदद की। गिल ने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट से मिली जीत को लगभग परफेक्ट मुकाबला बताया। रोहित शर्मा (नाबाद 121) ने अपना 33वां वनडे शतक जड़ा जबकि विराट कोहली (नाबाद 74) ने उनका पूरा सहयोग किया जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 236 रन लक्ष्य को लगभग 11 ओवर बाकी रहते हासिल कर लिया। भले ही भारत तीन मैच की सीरीज 1-2 से हार गया, गिल ने मैच के बाद कहा मैच लगभग परफेक्ट रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए देखना अच्छा लगा। रोहित और कोहली कई साल से ऐसा कर रहे हैं। यह एक खास मैदान पर एक खास जीत थी। गिल ने चार विकेट झटकने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा और बीच के ओवरों में ऑस्ट्रेलियाई टीम को शांत रखने के लिए स्पिनरों की तारीफ की।

### अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णीत | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 2.102 |
| द.अफ्रीका | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | -0.379 |
| इंग्लैंड | 6 | 4 | 1 | 1 | 9 | 1.024 |
| भारत | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.628 |
| श्रीलंका | 7 | 1 | 3 | 3 | 5 | -1.035 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | -0.490 |
| पाकिस्तान | 7 | 0 | 4 | 3 | 3 | -2.651 |
| बांग्लादेश | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 | -0.578 |

## न्यूजीलैंड के खिलाफ लय हासिल करने उतरेंगी इंग्लैंड की बल्लेबाज

**विशाखापत्तनम, एजेंसी :** इंग्लैंड की टीम पहले ही महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है, लेकिन उसके बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इसलिए वह न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले अपने अंतिम लीग मैच में इस विभाग की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेंगे।

इंग्लैंड ने कुल मिलाकर टूर्नामेंट में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन कुछ अवसरों पर उसकी बल्लेबाजी ध्वस्त हो गई थी जो सेमीफाइनल से पहले टीम के लिए चिंता का विषय है। न्यूजीलैंड की टीम गुरुवार को भारत के हाथों मिली 53 रन की हार से सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई और अब वह बिना किसी दबाव के खेलने के लिए उतरेगी और जीत के साथ अपने अभियान का समापन करना चाहेगी। न्यूजीलैंड की टीम वास्तव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

### रणजी ट्रॉफी

शिवम शर्मा ने तीन विकेट लिए, ओडिशा के गोविंदा पोद्दार ने 64 रनों की पारी खेली

# उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 243 रनों पर समेटा

**कानपुर, एजेंसी**

रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश ने कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में ओडिशा को 243 रन पर समेटने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय 17 रन बना लिए है। ओडिशा की ओर से गोविंदा पोद्दार ने सर्वाधिक 64 रनों की पारी खेली। संदीप पटनायक ने (53) और राजेश मोहंती (48) रन बनाकर आउट हुए। संबित बराल 59 रन बनाकर नाबाद रहे।

उत्तर प्रदेश की ओर से शिवम शर्मा ने तीन विकेट लिए। शिवम मावी, विप्रज निगम और प्रशांत वीर को दो-दो विकेट मिले। कुणाल त्यागी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। स्टंप के समय अभिषेक गोस्वामी (नाबाद छह) और माधव कौशिक (नाबाद नौ) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।



विकेट लेने के बाद शिवम शर्मा को बधाई साथी खिलाड़ी। एजेंसी

रणजी ट्रॉफी के अन्य मुकाबले में तमिलनाडु बनाम नागालैंड मुकाबले में विमल कुमार (189) और प्रदोश रंजन पॉल (नाबाद 156) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर तमिलनाडु ने आज स्टंप के समय दो विकेट पर 399 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया है। सी आंद्रे सिद्धार्थ और प्रदोश रंजन पाल क्रीज पर मौजूद थे। नागालैंड की ओर से ओडिलेम्बा किचु और रोनित मोरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बदौडा बनाम आंध्र मुकाबले में, विष्णु सोलंकी (99) कप्तान अतीत शेठ (65) के दम पर बदौडा ने स्टंप के समय तक बनाये छह विकेट पर 230 रन। आंध्र के कावुरी सैतेजा ने चार विकेट लिए।

### दिल्ली की हिमाचल के खिलाफ ठोस शुरुआत

**नई दिल्ली :** अर्पित राणा (64), सनत सांगवान (79), यश ढुल (61) और आयुष दोसेजा (नाबाद 51) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर दिल्ली ने एलीट ग्रुप डी मुकाबले के पहले दिन शनिवार को हिमाचल प्रदेश के खिलाफ स्टंप के समय चार विकेट पर 306 रन बनाकर ठोस शुरुआत की। आज यहां टॉस जीतकर हिमाचल प्रदेश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली के लिए अर्पित राणा और सनत सांगवान की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 103 रन बनाये। 37वें ओवर में देवेश शर्मा ने अर्पित राणा (64) को आउटकर हिमाचल प्रदेश को पहली सफलता दिलाई।

# पोलो कप में भारत ने अर्जेंटीना को हराया



जयपुर पोलो ग्राउंड में भारत और अर्जेंटीना की टीमें प्रतिस्पर्धा करती हुईं। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रतिष्ठित कोग्निवेरा इंटरनेशनल पोलो कप 2024 में कौशल, गति और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जब टीम इंडिया ने प्रतिष्ठित जयपुर पोलो ग्राउंड, नई दिल्ली में आयोजित एक रोमांचक मुकाबले में अर्जेंटीना को 10-9 से हरा दिया। इस कार्यक्रम में एक हजार से ज्यादा विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी शामिल थे। उत्साही दर्शकों द्वारा प्रोत्साहित जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह के नेतृत्व में टीम इंडिया ने दुर्जेय अर्जेंटीना की टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।